वर्ष 72 अंक 48 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 16 नवंबर, 2024
अगहन कृष्ण पक्ष 01 , विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए


# दैनिक जागरण


विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.djmp.in/epaper



जहां आपका सम्मान ना हो, वहां ना रहिए। चाहे धन से कितने अमीर क्यों न हों, वो मन से नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मैटरनिटी लीव पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की, कहा-

# मैटरनिटी लीव पर जवाब दे केंद्र

## याचिकाकर्ता बोली- 3 महीने से ज्यादा उम्र का बच्चा गोद लेने पर लीव नहीं मिलती, ये असंवैधानिक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवंबर को केंद्र सरकार की मैटरनिटी लीव पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकारी की मैटरनिटी बेनिफिट अमेंडमेंट एक्ट के सेक्शन 5 (4), 2017 की कॉन्स्टिट्यूशनल वैलिडिटी को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 3 महीने से ज्यादा उम्र के बच्चों को गोद लेने पर मैटरनिटी लीव नहीं मिलती है। ऐसे में बच्चा गोद लेने वाली माताओं को दी गई कथित 12 सप्ताह की मैटरनिटी लीव सिर्फ एक दिखावा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मिठल की बेंच ने इस संबंध में केंद्र सरकार से 3 हफ्ते में अपना जवाब दाखिल करने का कहा है। साथ ही जवाब की कॉपी पहले याचिकाकर्ता को देने के निर्देश दिए हैं। अभी नियम ये है कि 3 महीने से कम उम्र के बच्चों को गोद लेने वाली या सरोगेट माताओं को 12 हफ्तों की छुट्टी मिलेगी, लेकिन 3 महीने से ज्यादा के बच्चों को गोद लेने पर मैटरनिटी लीव का कोई प्रावधान नहीं है। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने 3 महीने की उम्र को सही ठहराते हुए अपना जवाब दाखिल किया है, लेकिन सुनवाई के दौरान कई मुद्दे सामने आए हैं, जिन पर विचार करने की जरूरत है। ये क्या तर्क है कि बच्चा 3 महीने या उससे कम का होना चाहिए? मैटरनिटी लीव देने का मकसद क्या है? इसको लेकर केंद्र से 3 सप्ताह के अंदर जवाब पेश करे।





### याचिका में ये बातें भी कही गईं

- धारा 5 (4) बच्चा गोद लेने वाली माताओं के साथ भेदभावपूर्ण और मनमानी के जैसी है। साथ ही 3 महीने और उससे ज्यादा उम्र के वो बच्चे जो अनाथ हैं, छोड़े गए हैं या सरेंडर (अनाथालय) किए गए हैं, उनके साथ भी मनमाना व्यवहार करती है। ये मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के मोटिव के साथ पूरी तरह से न्याय नहीं करती है।
- धारा 5(4) बायोलॉजिकल माताओं को दिए जाने वाले 26 सप्ताह की मैटरनिटी लीव की तुलना बच्चा गोद लेने वाली माताओं को मिलने वाली 12 सप्ताह की लीव से करना संविधान के भाग थर्ड की बुनियादी जांच में भी नहीं टिक पाती है। इसमें मनमानी नजर आती है।

## हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट से चार शब्दों को हटाया

**जोधपुर, जेएनएन।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट से चार जाति सूचक शब्दों को हटाते हुए कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं। दरअसल मामला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सरकारी कर्मचारियों के साथ हुई बहस से जुड़ा है। इसके बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने इन शब्दों का इस्तेमाल करने वाले 4 आरोपियों के खिलाफ लगी एससी-एसटी एक्ट की धाराओं को हटा दिया। जस्टिस वीरेंद्र कुमार की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। दरअसल मामला जैसलमेर के कोतवाली थाने का है। यहां 31 जनवरी 2011 को एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। 31 जनवरी 2011 को हरीश चंद्र अन्य अधिकारियों के साथ अचल सिंह द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच करने गए थे। जब वे साइट का नाप कर रहे थे, तब अचल सिंह ने सरकारी अधिकारी हरीश चंद्र को अपशब्द जिनमें (भंगी, नीच, भिखारी और मंगनी) जैसे शब्द कहे। इस दौरान हाथापाई भी हुई। इस पर सरकारी अधिकारी की ओर से अचल सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मामला कोतवाली थाने में दर्ज करवाया गया था।

**राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- भंगी, नीच जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं**

## बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- नाबालिग पत्नी से सहमति से संबंध बनाना रेप

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध भी कानून के तहत बलात्कार ही माना जाएगा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पॉस्को एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस गोविंद सनप की बेंच ने पत्नी के साथ रेप के लिए एक व्यक्ति की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी दलील को खारिज कर दिया। दोषी का तर्क था कि पीड़ित के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए थे। उस समय वह उसकी पत्नी थी। ऐसे में इसे रेप नहीं कहा जा सकता। लाइव लॉ के मुताबिक 12 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस सनप ने कहा कि निर्धारित कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती कि अपीलकर्ता का पीड़ित पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना रेप या सेक्शुअल वॉयलेंस नहीं माना जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है, फिर चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं।

**10 साल की सजा बरकरार ट्रायल कोर्ट ने भी दोषी माना था**






### बिरसा मुंडा जयंती पर शहडोल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी, कहा-

# जनजातियों के योगदान को भुलाया गया

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनजातियों ने भारत की संस्कृति और आजादी के रक्षा के लिये सैकड़ों वर्षों की लड़ाई का नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में जनजातीय वर्ग के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिश की गई। इसके पीछे स्वार्थ भरी राजनीति थी। गौरव दिवस इस अन्याय को दूर करने का ईमानदार प्रयास है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को शहडोल में बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है। जनजातीय गौरव दिवस इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद जनजातीय वर्ग के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया, जिसके लिये वे हकदार थे। जनजातीय समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान बनाया। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिये अनेक योजनाएं संचालित कर उनके आर्थिक और सामाजिक विकास का ■ शेष पृष्ठ 7 पर




### परंपराओं को जीवित रखे है जनजातीय: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल, जंगल और जमीन का अधिकार जनजातीय समाज का मूल अधिकार है। इसे अंग्रेज उनसे छीनना चाहते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार, अनाचार के खिलाफ जनजातीय समाज को खड़ा किया और अंग्रेजों के खिलाफ दो स्तरों पर लड़ाई लड़ी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को देश के समक्ष लाने का अभियान चलाया है। प्रदेश में जनजाति गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। जनजातीय समाज आज भी हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखे है। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं बिरसा मुंडा को याद करने से हमें अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का मौका मिलता है। जनजाति समाज के विकास और कल्याण के कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। नदी जोड़ो अभियान का लाभ पूरे देश को मिलेगा। बाणसागर परियोजना का पानी अब शहडोल जिले को भी मिलेगा। शहडोल में स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा। सरकारी सुविधाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिलेगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि यदि दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति घायल होता है और पास में हवाई पट्टी है तो उसे उपचार के लिए हवाई मार्ग से अस्पताल ले जाया जाएगा।

### ऑफ बीट

## एक गोली खाओ और 4 महीने में दुबले हो जाओ



***अहमदाबाद, जेएनएन।*** *वजन कम करने के लिए अब बलून कैप्सूल आ गया है। बैलून एक ऐसा कैप्सूल है, जो पेट में जाने के बाद फूल जाता है। इससे पेट में जगह कम हो जाती है और खाना कम खाना पड़ता है। जैसे-जैसे खाना कम होता जाता है, वजन भी अपने आप कम होने लगता है। अहमदाबाद में बेरिएट्रिक सर्जरी कर रहे डॉक्टर अपूर्व व्यास से बताया कि ये बलून कैप्सूल को डॉक्टर से ही लेना होगा। ये कैप्सूल केवल तभी मिल सकते हैं, जब मोटापे का इलाज करने वाले एंडोस्कोपिस्ट या बेरिएट्रिक सर्जन द्वारा तय किए गए हो। बैलून कैप्सूल को दो तरीकों से पेट में इंस्टॉल किया जाता है। एक तरीका है एंडोस्कोपी और दूसरा तरीका है स्वैलो पिल। स्वैलो पिल में कैप्सूल को किसी दवा की तरह निगलना होता है। इसके बाद यह पेट के* ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# झारखंड के देवघर में मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी

## ढाई घंटे विमान में ही रहे, दूसरे प्लेन से दिल्ली रवाना

**देवघर, जेएनएन।** झारखंड के देवघर में शुक्रवार को पीएम मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई। वे दोपहर 2.20 बजे विमान में सवार हो गए थे, लेकिन वह उड़ान नहीं भर पाया। इसके बाद दिल्ली से उनके लिए स्पेशल प्लेन भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक एसपीजी ने उन्हें एयरपोर्ट के लॉन्ज तक जाने की परमिशन नहीं दी। मोदी सुबह प्लेन से देवघर आए थे। यहां से वे बिहार के जमुई जनजातीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए। वापसी में उन्हें देवघर से ही दिल्ली जाना था, लेकिन प्लेन में खराबी आ गई थी। पीएम के एयरपोर्ट पर रहने के दौरान बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। सीनियर पायलट ने जैसे ही तकनीकी खराबी की जानकारी दी तो पीएमओ ने को-ऑर्डिनेट किया और दिल्ली से वायुसेना का विमान देवघर रवाना कर दिया था।



## राहुल के हेलिकॉप्टर को झारखंड के गोड्डा में रोका



**बोकारो/गोड्डा, जेएनएन।** झारखंड के गोड्डा में चुनावी सभा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर डेढ़ घंटे तक रुका रहा। बताया जा रहा है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से गोड्डा के बेलबड्डा से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। पूरी घटना के दौरान राहुल गांधी हेलिकॉप्टर में ही बैठे रहे और मोबाइल देखते रहे। कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। महगामा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस कैंडिडेट दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेलिकॉप्टर को सिर्फ इसलिए रोका गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व मना



भोपाल के सभी गुरुद्वारों में शुक्रवार को गुरुनानक देव की 555वीं जयंती प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानक साहब में प्रकाश पर्व का मुख्य आयोजन किया गया। सुबह से दोपहर तक और रात्रि में विशेष कीर्तन दीवान हुआ, जिसमें रागी जत्था कथा, कीर्तन से संगत को निहाल किया। (फोटोः एचसी वर्मा)

## दिल्ली में ९०० करोड़ रुपए की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को दिल्ली में करीब 900 करोड़ रुपये की 82.53 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की है। जांच से पता चला है कि ड्रग सिंडिकेट को विदेश में बैठे लोगों के एक समूह द्वारा संचालित किया जा रहा था। जब्त किए गए ड्रग्स की कुछ मात्रा को कूरियर/छोटी कार्गो सेवाओं के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया भेजा जाना था। इस मामले में शामिल लोग मुख्य रूप से हवाला ऑपरेटर हैं और एक-दूसरे के लिए नहीं जानते हैं, जो ड्रग डीलिंग पर दिन-प्रतिदिन की बातचीत के लिए छद्म नामों का इस्तेमाल करते हैं। इससे पहले गुजरात के पोरबंदर के करीब भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

## चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में नहीं होगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बीसीसीआई की आपत्ति के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कराने से मना कर दिया है। पीसीबी की तरफ से इस मामले पर अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। आईसीसी की एक अधिकारी ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी टूर का प्लान आईसीसी ही जारी करता है। ऐसे में ट्रॉफी के टूर को लेकर किसी चीज को इनकार और स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। अभी हम ट्रॉफी के टूर के शेड्यूल को लेकर बातचीत कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीसीबी के चैंपियंस ट्रॉफी का टूर पीओके में कराने की घोषणा की आपत्ति जताई है। शाह ने इस मामले को आईसीसी के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजनीति हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। इसे लेकर आईसीसी को कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले पीसीबी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ट्रॉफी के टूर को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था। पीसीबी ने लिखा कि टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद से शुरू होगा।

**बीसीसीआई की आपत्ति के बाद आईसीसी ने पीसीबी को मना किया**

## टी-20: भारत ने रिकॉर्ड रनों से द. अफ्रीका को हराकर सीरीज जीती

**जोहान्सबर्ग, जेएनएन।** भारत ने साउथ अफ्रीका को चौथे टी-20 में 135 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। यह साउथ अफ्रीका की टी-20 में सबसे बड़ी हार है। भारत से तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने सेंचुरी लगाकर स्कोर 283 रन तक पहुंचाया था। यह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ा टी-20 स्कोर भी है। बड़े टारगेट के सामने होम टीम 18.2 ओवर में 148 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से ट्रिस्टन स्टब्स ने 43, डेविड मिलर ने 36 और मार्को यानसन ने 29 रन बनाए। भारत से अर्शदीप सिंह ने 3 और वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लिए। चौथा टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज भी 3-1 से अपने नाम कर ली।

**अर्शदीप को 3 विकेट, तिलक-सैमसन ने सेंचुरी लगाई**

( विस्तृत खबर खेल पेज पर )

### रिकॉर्ड | बना गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, रथयात्रा में जुटे देशभर के श्रद्धालु

# इंदौर में सोने-चांदी से बने 108 रथों का निकला काफिला

**इंदौर, जेएनएन**

इंदौर में पहली बार सोने-चांदी और बेशकीमती लकड़ी से बने 108 रथ एक साथ निकले। शुक्रवार को सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर यह रथयात्रा निकाली गई। इसमें देशभर से आए श्रद्धालु जुटे। गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम भी साथ चली। सबसे बड़े रथों के काफिले का रिकॉर्ड दर्ज हुआ। गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की टीम ने आयोजकों को सर्टिफिकेट दिया। 108 रथों में दो रथ सोने के, दो चांदी के और 35 से ज्यादा सोने-चांदी और बेशकीमती लकड़ियों से बने थे।

### शिष्यों के साथ निकले मुनि प्रमाण सागर जी महाराज

रथयात्रा के सबसे पीछे मुनि प्रमाण सागर जी महाराज पदयात्रा करते हुए अपने शिष्यों और सेवादारों के साथ निकले। उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। रथयात्रा बिजनेस पार्क आईडीए ग्राउंड से शुरू होकर एलआईजी चौराहा होते हुए पाटनीपुरा चौराहे पहुंची। यात्रा का कई मंचों पर स्वागत हुआ। लोग पारंपरिक वेशभूषा के साथ देशभक्ति के रंग में नजर आए। आदिवासी वेशभूषा में शामिल लोगों ने आदिवासी नृत्य भी किया। यात्रा में एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए। रथावर्तन महोत्सव समिति के संयोजक जैनेश झांझरी व पवन सिंघई हैं। राहुल जैन (प्रचार प्रमुख, धर्म प्रभावना समिति) ने बताया कि 108 सिद्ध चक्र महामंडल विधान संभवत: पहली बार मालवा की इस धरती पर मुनिश्री 108 प्रमाण सागर के सानिध्य में हो रहा है। यात्रा में आए कुछ रथ तो ऐसे भी हैं, जो विश्व में कहीं भी नहीं, सिर्फ भारत में हैं।



### मुनिश्री प्रमाण सागर ने कहा- इंदौर ने हमेशा रचा है इतिहास

108 सिद्धचक्र महामंडल विधान अद्वितीय आयोजन है। इस तरह का अनुष्ठान पहली बार हो रहा है। इतना विशेष आयोजन हो रहा है तो तय किया गया कि 108 रथ पर यात्रा निकाली जाए। इंदौर ने हमेशा इतिहास रचा है। 108 रथों का इतिहास भी यहीं बने, इसीलिए देशभर से रथ बुलवाए गए हैं।

### 108 रथ एक साथ निकले पहली बार: गोल्डन बुक

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एसोसिएट रिकॉर्ड मैनेजमेंट जज वेदांश सोनी ने बताया कि रथ यात्रा में 108 रथ थे, जो विश्व के किसी शहर में एक साथ पहली बार यात्रा में निकले। इनमें दो रथ सोने के थे। 35 रथ चांदी और बाकी अन्य रथ अष्ट धातुओं और लकड़ी के बने थे। कई रथ तो 150 साल पुराने (एंटिक) थे। 'गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड' का सर्टिफिकेट धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी और कार्याध्यक्ष नवीन गोधा प्रदान किया गया।

# झांसी मेडिकल कालेज के शिशु वार्ड में लगी आग, 10 बच्चों की मौत

## चाइल्ड वार्ड की खिड़की तोड़कर निकाले शव

**झांसी, जेएनएन।** झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शिशु वार्ड (एसएनसीयू) में शुक्रवार करीब साढ़े 10 बजे भीषण आग लग गई। इसमें झुलसने और दम घुटने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई। चाइल्ड वार्ड की खिड़की तोड़कर 10 शवों को निकाला गया। मौके पर जिलाधिकारी समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं। फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। सेना का दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच चुका है। अब तक करीब 37 बच्चों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। अंदर 50 से ज्यादा बच्चों के फंसे होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज की बिजली काट दी गई है। बताया जा रहा है कि सिलेंडर ब्लास्ट से आग लगी है। सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लिया है। राहत बचाव कार्य के आदेश दिए हैं। डीएम समेत तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दमकल कर्मी मुंह पर रुमाल बांधकर रेस्क्यू करने में लगे हैं। चाइल्ड वार्ड में आग लग गई, लेकिन सेफ्टी अलार्म भी नहीं बजा। अगर समय से सेफ्टी अलार्म बच जाता तो इतनी बड़ी घटना होने से रोकी जा सकती थी। सिलेंडर में ■ शेष पृष्ठ 7 पर





# शहर में धूमधाम से मनाई गई गुरुनानक जयंती





**जागरण, रीवा।** शहर में गुरु नानक देव की 555वीं जयंती गुरुपर्व के रूप में मनाई गई। शहर में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य कार्यक्रम अमहिया स्थित गुरुद्वारा में किया गया जहां पंजाबी समाज के लोगों ने पहले सिख गुरु गुरुनानक के जन्म का जश्न मनाया। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती पर सिख समुदाय द्वारा भजन, कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया। देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे। इसके अलावा सिंधु भवन में केक काटने के बाद विशाल लंगर साहिब का आयोजन किया गया। गुरु नानक देव ने दुनिया को मानवता का संदेश दिया था। उन्होंने लोगों को संदेश दिया था कि सबका भगवान एक है। गुरुद्वारों को गुरु पर्व के मौके पर विशेष रूप से सजाया गया। इस दौरान नानक नाम जहाज है... शबद खूब गूंजा। गुरु ग्रंथ साहिब पर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई।

# गुरुनानक जयंती पर ब्रह्माकुमारी में हुआ आयोजन



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी निर्मला दीदी की उपस्थिति में सभी ब्रह्मावत्सों से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युग योग प्रवर्तक सिख धर्म के स्थापक गुरु नानक जी ने दया, प्रेम, मानव कल्याण का रास्ता बता कर सभी को सचखंड में चलने के लिए श्रेष्ठ शिक्षाएं दी हैं, हमें उनके दिखाए गए रास्तों पर चलकर मानवता का कल्याण करना है। कार्यक्रम में नारायण डिगवानी , जगदीश मिहानी ,अमर दुमबानी सहित रीवा नगर के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# श्रीराम महायंत्र रथयात्रा पहुंची रीवा, जगह-जगह हुई पूजा-अर्चना

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए तिरुपति से निकला हिन्दू धर्म प्रचार रथ, सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम

जागरण, रीवा



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में श्रीराम महायंत्र (108 किलो गोल्ड प्लेटेड) की स्थापना की जाना है। लगभग 126 करोड़ की लागत से निर्मित इस महायंत्र को विशाल रथयात्रा द्वारा कांची पीठ तिरुपति से अयोध्या पहुंचाया जा रहा है। तिरुपति से रवाना हुआ हिन्दू धर्म प्रचार रथ शुक्रवार अपरान्ह रीवा पहुंचा। श्रीराम महायन्त्र रथयात्रा का चोरहटा बायपास गुरूकुल स्कूल मोड़ में पुष्प वर्षा कर नगर विजयादशमी समिति ने भव्य स्वागत किया। कांची पीठ तिरुपति से रवाना किया गया श्रीराम महायंत्र अयोध्या के लिए रवाना हुआ है जो अयोध्या में रामलला के मंदिर में स्थापित होगा। यह रथ जहां-जहां से निकल रहा है वहां हर जगह इसका भव्य स्वागत हो रहा है। विशाल रथयात्रा का दोपहर 3.30 बजे कटनी से जैसे ही रीवा में प्रवेश हुआ, बजाज ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल टंकी चोरहटा में नगर विजयादशमी उत्सव समिति ने पुष्प वर्षा कर उसका भव्य स्वागत किया। रीवा में श्रीराम यंत्र के प्रथम दर्शन का सौभाग्य नगर विजयादशमी उत्सव समिति को मिला। स्वागत करने में समिति के महासचिव देवेश सोनी, मोहित गुप्ता, राजेश भल्ला, पप्पन पंजवानी, रोहित ठारवानी, मोहित मिश्रा, मोनू तारानी सबंधु सहित समिति के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### यहां भी किया गया स्वागत

रथयात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं, रथ के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। शहर के ढेकहा तिराहे, जयस्तंभ, स्टेच्यू चौराहा, अस्पताल चौराहा मार्ग में रथयात्रा का विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रथयात्रा उक्त स्थानों पर पहुंचने से पूर्व ही कई लोग सड़क किनारे महायंत्र के दर्शन के लिए खड़े नजर आए। जहां-जहां स्वागत स्थल निर्धारित किए गए थे, रथ के रुकते ही दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। स्वागत स्थलों पर रथयात्रा थोड़ी-थोड़ी देर रोकी गई। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई रथयात्रा लक्ष्मण बाग पहुंची। लक्ष्मण बाग में श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम महायंत्र के दर्शन की व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर महायंत्र के दर्शन कर पुष्पमालाएं अर्पित की। हिन्दू धर्म प्रचार रथ का रात्रि विश्राम लक्ष्मण बाग परिसर में हुआ। रथयात्रा शनिवार सुबह 10 बजे प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेगी।

# धान उपार्जन में पंजीकृत किसानों के जांच की मांग

## मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी की शिकायत, अपर आयुक्त व उप आयुक्त ने दिए प्रतिवेदन पेश करने आदेश

**जागरण, रीवा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिमारी एवं हरप्रसाद सिंह विपणन सहकारी समिति मर्यादित जवा द्वारा धान उपार्जन में कृषकों के किए गए पंजीयन की जांच कराई जाकर केन्द्र को कालीसूची में डालते हुए दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने की शिकायत पिछले दिनों आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग भोपाल से मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के कांति कुमार दुबे ने की थी। जिस पर उप आयुक्त सहकारिता मप्र भोपाल द्वारा 28 अक्टूबर को संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग रीवा को शिकायत की जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन अभिमत सहित तथा अपर आयुक्त सहकारिता द्वारा 6 नवंबर को निश्चित समयावधि में प्रतिवेदन अभिमत सहित उपलब्ध कराने के निर्देश प्रसारित किए हैं।

शिकायत में बताया गया था कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिमारी एवं हरप्रसाद सिंह विपणन सहकारी समिति मर्यादित जवा को धान उपार्जन के लिए पंजीबद्ध केन्द्र बनाया जाता रहा है। वर्तमान में खरीफ पंजीयन हेतु भी उक्त समितियों को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। समिति में जिन किसानों का धान क्रय करने पंजीयन किया गया है वह शासन एवं विभाग द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों के विपरित मनमाने तरीके से किया गया है। संस्था के प्रबंधक उदयभान सिंह द्वारा लाभ अर्जित करने की गरज से फर्जी तरीके से अपने खास कृषकों के नाम एक ही कृषक के साथ रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से पंजीयन किया गया। जबकि शासन/विभाग का आदेश है कि यदि किसी कृषक के खाते में दूसरे कृषक का पंजीयन किया जाता है तो कृषक से सहमत पत्र/शपथ पत्र या सिकमी में किया जाता है तो कृषकों की सहमति/शपथ पत्र लिया जाए। परंतु प्रभारी प्रबंधक द्वारा शासन के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करते हुए लगभग पांच सौ कृषकों का पंजीयन धान खरीदी की मात्रा में वृद्धि करने के लिए दूसरे कृषक के नाम किया गया है। जिसमें शासन को करोड़ों रुपए की क्षति हो रही है एवं उपार्जन प्रभारी को आर्थिक लाभ पहुंच रहा है। आवेदक ने समिति प्रबंधक एवं उपार्जन प्रभारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा किए गए कृषकों के पंजीयन की चालू वर्ष एवं पिछले वर्षों की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज कराने व समिति को कालीसूची में डालने की मांग की थी। आवेदक ने जांच के दौरान समस्त साक्ष्य उपलब्ध कराने की बात भी अंकित की है।

# केन्द्रीय विद्यालय पहुंच मार्ग बना बसों का अड्डा



**जागरण, रीवा।** केन्द्रीय विद्यालय मार्ग इन दिनों शहर से चलने वाली निजी बसों का अस्थाई अड्डा बन गया है। आसपास के लोगों की मानें यहां पर बस खड़ी करने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा स्थान निर्धारित नहीं किया गया है। लेकिन काफी समय से बस संचालक बसों को यहां लाकर खड़े कर देते हैं। केन्द्रीय विद्यालय के अलावा इस मार्ग पर सैनिक स्कूल, अन्य विद्यालय व छात्रावास बने हुए हैं, जहां बड़ी संख्या में प्रतिदिन विद्यार्थियों का आना-जाना होता है। बस चालक सड़क किनारे बसों को खड़ा कर इसकी मरम्मत, सफाई आदि यहीं करते हैं। बस का समय होने के थोड़ी देर पूर्व बाद यहां से बस हटाई जाती है, तब तक बसें घंटों इसी मार्ग पर खड़ी रहती हैं, धीरे-धीरे बसों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिससे कभी भी इस मार्ग पर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# भाजपा कार्यालय के बगल से नहीं उठता कचरा

**जागरण, रीवा।** शहर को स्वच्छ बनाने की गरज से निगम आयुक्त भरसक प्रयास में लगे हुए हैं। तड़के उठकर स्वयं शहर के वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि शहर का स्वच्छता के पायदान में उपर पहुंचाया जा सके, लेकिन शहर में सफाई के जिम्मेदार कोताही बरत रहे हैं। ढेकहा स्थित भाजपा कार्यालय के बगल से बस्ती में जाने वाले मार्ग से ही कचरा नहीं उठाया जा रहा। आसपास के दुकानदारों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि आज ही यहां साफ-सफाई की गई, लेकिन सफाई के बाद भी यहां पर अपरान्ह 4:19 बजे कचरे का ढेर देखने को मिला। लोगों ने बताया कि आज तो यहां कचरे का ढेर छोटा है, कई बार तो यहां से काफी दिनों तक कचरा नहीं उठाया जाता, जिससे कचरे का ढेर बढ़ता जाता है। जिसमें आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं कचरे के कारण गंदगी में मच्छर पनप कर लोगों को बीमार कर रहे हैं।

# देव दिवाली पर मनाया दीपोत्सव,किया दीपदान



**जागरण, रीवा।** केसरवानी वैश्य महिला सभा द्वारा राजघाट उपरहटी में देव दीपावली के उपलक्ष में दीपोत्सव एवं दीपदान का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में बी क्लब रीवा ग्रेट एवं वैश्य महासमेलन ने भी अपनी सहभागिता निभाई। देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा के नाम से मनाई जाती है, जो भगवान विष्णु एवं भगवान शंकर को समर्पित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महिला सभा अध्यक्ष वंदना गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रधान, कोषाध्यक्ष रीना गुप्ता, बी क्लब से गीता पुरवार, वैश्य महासम्मेलन से रश्मि पुरवार, माधुरी गुप्ता, कल्पना गुप्ता, पूजा गुप्ता, सुचिता गुप्ता, उर्वशी गुप्ता, सीमा गुप्ता, कविता गुप्ता, आंचल गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में वैश्य महासम्मेलन के सदस्य उपस्थित रहे।

# रीवा के जत्थे ने दीप प्रज्वलित किया

**रीवा।** वाराणसी में सर्व सेवा संघ परिसर में हुए विध्वंस के खिलाफ शुरू किए गए 100 दिन के सत्याग्रह के समर्थन में शुक्रवार 15 नवंबर को रीवा से समता सम्पर्क अभियान के जत्थे ने वाराणसी पहुंचकर दीप प्रज्वलित करते हुए भागीदारी निभाई । समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने बताया कि देश के विभिन्न जिलों के लोग बनारस सत्याग्रह में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। वाराणसी सत्याग्रह में रीवा से अजय खरे श्रवण प्रसाद नामदेव अशोक सोनी शेषमणि शुक्ला रमाशंकर शुक्ला शामिल हुए।

# बीहर नदी के किनारे जलाया जा रहा है शहर का कचरा

## स्वच्छता एजेंसियां मुफ्त में ले रहीं नगर निगम से मोटी रकम



**जागरण रीवा।** शहर की सफाई और कचरा निस्तारण में करोड़ों रुपये हर माह खर्च करने के बाद भी कचरा लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। शहर से निकलने वाले कचरे को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पहड़िया में न भेज कर उसे शहर में ही बीहर नदी के किनारे ले जाकर जलाया जा रहा है। यह विफलता नगर निगम प्रशासन की है अथवा तैनात एजेंसी द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है, यह जांच का विषय है। नगर निगम की गाड़ियों द्वारा लाडली लक्ष्मी रोड पर स्थित बीहर नदी के घाट के पास पिछले कई दिनों से कचरा फेंका जा रहा है। उक्त कचरे को शुक्रवार को दोपहर जलाया जा रहा था। कचरे जलने के कारण उसमें में जहरीला धुंआ निकल रहा था जो पूरे वायुमंडल की हवा को प्रदूषित कर रहा था। बीहर नदी के तट पर कचरा फेंकने एवं उसे जलाने के बारे में पड़ताल की गई तो नगर निगम के अधिकारी एवं स्वच्छता एजेंसी के अधिकारी इसका ठीकरा एक दूसरे के ऊपर फोड़ रहे थे। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी बाल गोविंद चतुर्वेदी के मुताबिक डंपिग प्वाइंट में डंप कचरा पहड़िया पहुंचाने की जिम्मेदारी रैमकी कंपनी की है। वहीं रैमकी के अधिकारी मुकेश सिंह के मुताबिक जिस गाड़ी द्वारा कचरा नदी के किनारे फेंका जा रहा है, वह कंपनी की नहीं, नगर निगम की है। उस कचरे से कंपनी का कोई लेना देना नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि जब पूरे शहर का कचरा संग्रह करके उसे पहड़िया पहुंचाने की जिम्मेदारी रैमकी की है तो डंपिग प्वाइंट से लगे राजपूत गार्डेन में डंप कचरे को जलाने के लिए बीहर नदी के तट पर क्यों ले जाया गया। आखिरकार कचरा भी तो पहड़िया ले जाने के लिए ही डंप किया गया था। बीहर नदी के किनारे कचरा जलाकर जहां वायु प्रदूषण फैलाकर वायुमंडल को जहरीला बनाने की कोशिश की जा रही है वहीं एनजीटी के नियमों का भी खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इसके पहले तो कई बार डंपिग प्वाइंट में कचरा जलाया जा चुका है। यह बात अलग है कि उसे बाद में अग्नि दुर्घटना का नाम दे दिया गया।

### राजपूत गार्डेन में डंप कचरे को जलाया गया

राजपूत गार्डेन में डंप कचरा भी डंपिग प्वाइंट से लगा हुआ था। यह कचरा कई महीने से मोहल्ले के लिए मुसीबत बना हुआ था। मीडिया द्वारा यह मुद्दा उठाने पर निगमायुक्त द्वारा कचरा हटाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसका हल यह निकाला गया कि उसे ले जाकर बीहर नदी के किनारे जलाया जा रहा है। लेकिन किसके द्वारा जलाया जा रहा है, इसकी जिम्मेदारी कोई लेने को तैयार नहीं है। निगमायुक्त द्वारा उक्त डंपिग प्वाइंट को यहां से हटाकर अन्यत्र ले जाने के निर्देश दिये गये हैं लेकिन अभी तक नया स्थान नहीं खोजा जा सका है।

### अभी भी गार्डेन में फैला है कचरा

मानस भवन के बगल में स्थित राजपूत गार्डेन से कचरे को हटाया अवश्य गया है लेकिन वहां पर अभी भी व्यापक पैमाने पर कचरा फैला हुआ है। शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए जिस कंपनी को नगर निगम द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसी के द्वारा इस गार्डेन में लगातार कचरा फेंका जा रहा है। इसी गार्डेन में हर सप्ताह सोमवारी बाजार भी लगता है और कचरे के कारण सोमवारी बाजार भी प्रभावित होता है।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नही • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते हैं
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

भारती ज्वेलर्स
शुद्धता ही हमारी पहचान
सोने-चाँदी एवं राशि रत्नों के कलात्मक आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
भाजपा कार्यालय के पास ढेकहा तिराहा, रीवा (म.प्र.)
9827575006, 8349874665

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

METRO HOSPITAL
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
पता- नया बस स्टैण्ड के पास, श्रीचन्द्र हार्डवेयर के बगल से, शारदापुरम रोड, रीवा
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क इलाज
फोन नं.: 07662-314775, मोबा.- 7771000668

निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जाँच व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रीवा में
FREE रू. 4000/- की लीवर जांच बिल्कुल मुफ्त
24 नवंबर 2024 रविवार | समयः सुबह 10:00 से दोपहर 02:00 बजे तक
डॉ. सावेंद्र सिंह सिकरवार
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) कन्सलटेन्ट फिजीशियन, जिला चिकित्सालय, रीवा
हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, सांस, दमा बुखार आदि रोगों के मेडिकल विशेषज्ञ
बिना चीर-फाड़ के लीवर की सर्वोत्तम जांच
फैटी लीवर परीक्षण व परामर्श
1. क्या आप मधुमेह या डायबिटीज के रोगी है?
2. क्या आपका वजन बहुत ज्यादा है ?
3. क्या आपका कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड अधिक रहता है?
"जानिए अपने लीवर की सेहत"
फैटी लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा, समय रहते बचिए लीवर से होने वाली बीमारी और उनके दुष्परिणाम से।
लीवर फाइब्रोस्कैन
फाइब्रोस्कैन एक अल्ट्रासाउंड टेस्ट के समान है, जो लिवर रोग का निदान करने के लिए लीवर की कठोरता को मापता है।
शिविर स्थान कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
मो.: 9399312433,9981287311,9755083555

# बाल सम्प्रेक्षण गृह के बच्चे करेंगे योग बच्चों को पढ़ाया जाएगा नशामुक्ति का पाठ

## बाल सम्प्रेक्षण गृह अचानक निरीक्षण में पहुंचीं कलेक्टर, दिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश



जागरण, रीवा

शुक्रवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में काफी खामियां मिली। जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ध्यानयोग और नशामुक्ति का क्लास लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सुरक्षा सहित अन्य सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई 8 फिट करने तथा उसके ऊपर कटीली तार लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाहर की तरफ खुलने वाले रोशनदान बंद कर इन्हें भवन के अंदर बरामदे में खोलें। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के शयन कक्ष तथा किचेन का अवलोकन किया तथा व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक अतिरिक्त रसोइये की तत्काल नियुक्ति करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रभारी बाल संम्प्रेक्षण गृह को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए इनडोर खेल-कूद की व्यवस्थायें करायें। उन्होंने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खेल-कूद की आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के कौशल प्रशिक्षण के लिए टूल किट व अन्य जरूरी उपकरण क्रय करें ताकि आईटीआई के समन्वय से आगामी सोमवार से प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू कराया जा सके और रुचि के अनुरूप बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि रोस्टर बनाकर सप्ताह में चार दिन गायत्री परिवार, नशामुक्ति एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान के सहयोग से ध्यानयोग के सत्र आयोजित किये जाएं। उन्होंने कहा कि बाल संम्प्रेक्षण गृह में नियमित गतिविधियों का संचालन होता रहे। बच्चों के लिए खेल-कूद व उनकी रुचि के अनुरूप अन्य गतिविधियाँ संचालित की जाय। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस/होमगार्ड के जवान नियुक्त करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बाल संम्प्रेक्षण गृह के बच्चों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ने, खेलने तथा अन्य गतिविधियों की रूचि के बारे में भी जानकारी ली तथा अच्छा नागरिक बनने की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, जिला होमगार्ड अधिकारी सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशीली कफ सिरप के साथ शातिर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**समान पुलिस ने की कार्रवाई**

**जागरण, रीवा।** शहर की समान थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को अवैध नशीली कफ सिरप के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ अकेले सिटी कोतवाली थाना में 14 आपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने 35 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक गड़रिया मोड़ के अन्दर पठकन टोला के पास बोरी में नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी पकड़ा गया। पुलिस टीम को देख कर आरोपी विजय पटेल उर्फ खुरखुंद पिता इन्द्रलाल पटेल 28 वर्ष निवासी आरटीओ ऑफिस के पीछे रतहरा भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी समान विकास कपीस ने बताया कि आरोपी बहुत ही शातिर बदमाश है जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में 14 अपराध दर्ज हैं, साथ ही पूर्व में जिला बदर की कार्यवाही की गई थी जो वर्तमान मे प्रचलनशील नहीं है। आरोपी के संबंध में पुलिस साक्ष्य संकलन कर अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# खुद को गोली मारकर षड़यंत्र रचने वाले आरोपी को पुलिस ने पहुंचाया जेल

## बिछिया थाना क्षेत्र में दीपावली के दिन हुई थी वारदात

**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हुये गोलीकांड का खुलासा होने के बाद पुलिस ने खुद को गोली मारकर अपने दुश्मनों के खिलाफ षडयंत्र रचने वाले आरोपी को जेल भेज दिया है। इस गोलीकांड का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि खुद फरियादी ही निकला। आरोपी ने गोलीकांड की साजिश रची और खुद को गोली मारकर 4 युवकों पर गोली मारने का आरोप लगाया था। पहले तो पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर संदेहियों को पकड़ा, लेकिन जब सच सामने आया तो पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस को सबूतों के तौर पर मिले सीसीटीबी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और सीडीआर ने पूरे मामले को फर्जी साबित कर दिया और युवकों पर लगे आरोप निराधार साबित हुये। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर फरियादी को आरोपी बना उसे न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया। विदित हो कि बिछिया थाने के जवाहर नगर में दीपावली की रात अनुल सिंह ने खुद पर फायरिंग की थी। गोली युवक के पेट को छूते हुए निकल गई थी। उसने जमीनी विवाद में चार लोगों पर गोली चलाने का आरोप लगाया था जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन जब पुलिस ने मामले की जांच की तो आरोपियों की भूमिका सामने नहीं आई। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय की मानें तो सीसीटीवी और साइबर की मदद से जब आरोपियों की जानकारी जुटाई तो घटना के समय वे अलग-अलग स्थानों पर थे। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध मिलने पर नए सिरे से जांच की गई तो पीड़ित युवक खुद षडयंत्रकारी निकला, जिस पर कार्रवाई की गई। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद घायल युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल उसके घर के समीप स्थित डेयरी से बरामद की गई।

# एनएच के किनारे की भूमि दिखाकर दूसरी भूमि की कराई रजिस्ट्री

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

## दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया

**जागरण, रीवा।** भूमि स्वामी ने खरीददार के साथ जमीन खरीदी में धोखा किया था। जमीन बिक्री के दौरान कोई दूसरी जमीन दिखाई और बेचने के बाद कब्जा दूसरी जमीन पर दे दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने थाना में की थी। पुलिस ने राजस्व विभाग से रिपोर्ट मांगी। नायब तहसीलदार ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। नायब तहसीलदार वृत्त दुआरी ने थाना प्रभारी गुढ़ को रिपोर्ट सौंप दी। राजस्व विभाग की रिपोर्ट और पीड़ित की शिकायत पर गुढ़ पुलिस ने भूमि जमीन बेचने में धोखाधड़ी करने वाले दिनेश नारायण पिड़िहा और लक्ष्मीनारायण पिड़िहा निवासी बदवार के खिलाफ भादस की धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विजय शंकर तिवारी पिता हीरालाल तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी अनंतपुर थाना विवि ने गुढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा था कि दिनेश नारायण पिड़िहा व लक्ष्मी नारायण पिड़िहा, दोनों निवासी बदवार से उन्होंने आराजी क्रमांक 1806 और 1809 कुल रकवा 35 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने 19 लाख 25 हजार रुपए का भुगतान भी किया था। अब इस जमीन का पता ही नहीं चल रहा है। पुलिस में शिकायत के बाद जांच का प्रतिवेदन कार्रवाई के पहले राजस्व विभाग से मांगा गया था। नायब तहसीलदार ने मामले की जांच कराई। राजस्व निरीक्षण दुआरी दल प्रभारी ने प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन किया। जांच प्रतिवेदन में भूमि खरीददार की शिकायत सही पाई गई। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि रजिस्ट्री के समय विद्युत टॉवर आराजियों में मौजूद नहीं था। जांच के दौरान मौके पर दो बड़े विद्युत टॉवर एवं दो छोटे टॉवर पाए गए। इसके अलावा रजिस्ट्री में जो चौहद्दी दर्ज की गई थी। मौके पर चौहद्दी भी अलग पाई गई। पहले खरीददार को एनएच के बीच से भूमि 35 मीटर छोड़ कर बताई गई थी। बाद में जब जमीन दी गई तो यह भूमि करीब 80 मीटर अंदर निकली। नायब तहसीलदार के जांच रिपोर्ट के बाद भी पुलिस अब रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही थी। लंबे समय बाद गुढ़ पुलिस ने इस मामले में बदवार निवासी दिनेश नारायण पिड़िहा और लक्ष्मीनारायण पिड़िहा के खिलाफ भादस की धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# जेण्डर आधारित हिंसा को रोकने पुलिस द्वारा किये जा रहे प्रयास

## नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**जागरण,रीवा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार बालिकाओं व महिलाओं पर होने वाली हिंसाओं की रोकथाम हेतु ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें जेन्डर आधारित हिंसा को रोकने के लिए ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों व अन्य प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के मार्गदर्शन में अयोजित की गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति द्वारा कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों का परिचय एक्टिविटी, सामुदयिक पुलिसिंग की अवधारणा व महत्व, नगर रक्षा समिति के अधिनियम के प्रावधान तथा अधिनियम में ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों के कर्त्तव्य, जिम्मेदारियां, प्रावधान को विस्तार मे बताया गया। साथ ही जेंडर व लिंग के भेद को समझाया गया। लघु फिल्म के माध्यम से समाज में महिला एवं पुरुष के बारे में प्रचलित गलत मानसिकता के बारे में जानकारी दी गई व नगर व ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों के द्वारा पुलिस के साथ किये गए कार्यों के अपने अनुभव को साझा किया। प्रशिक्षण के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर द्वारा ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु तथा अन्य अपराधों की रोकथाम हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे एवं पुलिस का सहयोग करेंगे। प्रशिक्षण के अंत में ग्राम व नगर रक्षा समिति के दो सदस्यों को टी शर्ट, टोपी, सीटी व डंडा वितरित किया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, मास्टर ट्रेनर एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति, थाना प्रभारी थाना यूनिवर्सिटी हितेंद्र नाथ शर्मा, सूबेदार दिलीप तिवारी, निरीक्षक रमाकांत यादव, साइबर सेल से सुभाष सिंह तथा बचपन बचाओ आन्दोलन के अधिकारी व जिले के सभी थानों के ग्राम व नगर रक्षा समिति के नोडल अधिकारी व 150 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित रहे।

# कार एसेसिरीज की दुकान में चोरी

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित सन कार डेकोरेटर एंड एसेसरीज की दुकान में बीती रात्रि रस्सी के सहारे छत के रास्ते से दुकान के अंदर घुसे अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। दुकान संचालक नावेद सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 1 बजे से 4 बजे के बीच में अज्ञात चोर दुकान के पीछे के रास्ते से रस्सी के सहारे छत पर पहुंचे और छत में लगे दरवाजे को तोड़कर दुकान के अंदर नीचे आए। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान दुकान के अंदर रखे कीमती सामान चुरा ले गए। दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को जब वह सुबह 4 बजे चेक किए तो कैमरा बंद था, जिसके बाद उन्हें शंका हुई तो एक कर्मचारी को दुकान में भेजा, जहां उसने पाया कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। अब तक अज्ञात चोरों के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

# वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद के प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गयी है। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

JOB VACANCY
ETERNIA BY HINDALCO
ADITYA BIRLA GROUP
Accountant : 3 Position
Candidate Should have Experience in Tally & GST
Marketing /Sale : 4 Post
Candidate Should have Experience And Good Communication Skill
Peon : 1 Position
Interested Candidate Should Call on
9310752623, 8962614344
Rewa (M.P.)

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
17 नवंबर, रविवार
(प्रत्येक माह के पहले व तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक)
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सवाईकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

# आउटसोर्स कर्मचारियों के समर्थन में उतरा नर्सेस एसोसिएशन

## कर्मचारियों के स्थानांतरण पर रोक लगाने कंपनी को दी चेतावनी



**जागरण, रीवा।** नर्सेस एसोसिएशन संजय गांधी अस्पताल में काम करने वाली आउटसोर्स कंपनी एजाइल सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ खड़ी हो गई है। एसोसिएशन ने कंपनी को चेतावनी दे दी है कि यदि स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों का स्थानांतरण निरस्त नहीं किया गया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

ज्ञात हो कि संजय गांधी अस्पताल में आउटसोर्स कंपनी एजाइल सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने पांच कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया है। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने कुछ दिन पहले हड़ताल भी किया था। हड़ताल के दौरान अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया था। इसके बाद भी कंपनी के मैनेजर कर्मचारियों का स्थानांतरण रोकने के पक्ष में नहीं है। वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। कंपनी की मनमानी के खिलाफ अब नर्सेस एसोसिएशन भी सामने आ गई है। नर्सेस एसोसिएशन ने प्रबंधक एजाइल, उप प्रबंधक हाइट्स को ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी है। ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि जब नर्सिंग प्रभारी सुपरवाइजर से फिनायल, आर1, आर2, आर3, आर4, आर5, आर9 आर9 , एसिड, झाडू पोंछा, कलर गोलियां, यूरिनल गोलियां, ओडोलीन, टायलेट ब्रश, कांच वाइपर, डस्टिंग झाडू, सफेद, पीला कपड़ा, ब्लीचिंग पाउडर मांगा जाता है तो उन्हें उपलब्ध नहीं कराया जाता। सुपरवाइजर जब मांग के अनुसार स्टोर से समान मांगते हैं तो उन्हें सेवा से पृथक करने का आदेश दिया जाता है। इसर तरह की कार्यप्रणाली नियम के विरुद्ध है। नर्सेस एसोसिएशन एवं अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणि अम्बिका तिवारी ने कर्मचारियों को बेवजह परेशान न करने की बात कही है। स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों की सेवाएं यथावत रखने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की है कि सभी वार्ड प्रभारी नर्सेस अधिकारी को अनुबंध की कॉपी, सामानों की सूची और प्रतिदिन कितना सामान वार्डों को उपलब्ध कराया जाता है, यह रजिस्टर में दर्ज किया जाए। प्रभारी नर्सों से तीनों शिफ्ट में हस्ताक्षर भी कराए जाएं। नर्सेस एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं होता है तो वह कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। नर्सेस एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज डीन, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल को ज्ञापन उपलब्ध कराया है।

# गांजा के साथ महिला को किया गिरफ्तार

**जागरण, रीवा।** विश्वविद्यालय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जे से पुलिस ने 8 हजार रुपए कीमत का 690 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बरा कोठार में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री की सूचना बाद दबिश दी गई जहां एक महिला अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपिया शकुन्तला केवट पति संतदास केवट 35 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास बरा कोठार को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी,
कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल , नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श
हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं-
इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

TILES WORLD
Make your place perfect
आपके शहर रीवा में सबसे कम कीमत पर सभी प्रकार की टाइल्स उपलब्ध गुणवत्ता के साथ
जैसे: 2x2 GVT, 2x4 GVT, 12x18 किचन की
शीघ्र संपर्क करें
टाइल्स वर्ड
एम.बी.ए. डिपार्टमेन्ट के सामने, विश्वविद्यालय रोड, रीवा (म.प्र.)
अशोक सिंह - मो.: 97526 49410
अरविंद मिश्रा - मो.: 7771005037
Email- tilesworld2024@gmail.com

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:-
दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

विगत् 12 वर्षों से निरंतर होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान
किरण होम्योपैथिक क्लिनिक & स्किन केयर यूनिट
डॉ. अभय मिश्रा
एम.डी.( होम्यो)
पी.एच.डी. (स्का. ), एच.एस.डी. (लंदन )
बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड धारक एवं सेना में कार्यरत सैनिकों के परिवारजनों को निर्धारित छूट
चर्म, सौन्दर्य, बाल, योन एवं कुष्ट रोग विशेषज्ञ
विशेष- अत्याधुनिक फोल्ली प्लस थेरेपी द्वारा बालों के लिए विशेष चिकित्सा
चर्म रोग: • दाद • खुजली • एक्जिमा • सोरायसिस • सफेद दाग • कील-मुंहासे • बालों का झड़ना • बालों में रूसी • गंजापन इत्यादि
पुरुष रोग: • बढ़ी हुई प्रोस्ट्रेट ग्रंथि के कारण पेशाब में रूकावट, जलन, दर्द • कमजोरी एवं नपुंसकता आदि
महिला रोग: • ल्युकोरिया • यूटेराइन फाइब्राइस • ओवेरियन सिस्ट • अनिक्षा • स्तन की गांठ • यू.टी.आई. • हिस्टीरिया
त्वचा संबंधी सभी रोगों का इलाज विंध्य क्षेत्र की एकमात्र अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त स्किन केयर यूनिट में
असुविधा से बचने के लिए कृपया फोन पर नंबर लगाकर ही आवे
रीवा - MIG 03/03/30 नेहरू नगर मेन गेट से 100 मीटर अंदर, नेहरू नगर रीवा
प्रतिदिन सुबह 10:30 से शायं 7:30 बजे तक
8269528888
सतना- स्टेट बैंक एटीएम के बगल में काली मंदिर के पास, जवाहर नगर सतना (म.प्र.) 9993471421
प्रत्येक गुरूवार - सुबह 10:30 से शायं 06:00 बजे तक
प्रत्येक रविवार- दोपहर 03:00 से शायं 06:00 बजे तक

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अब टीवीएस की कोई भी गाड़ी घर ले जाएं ₹0 डाउन पेमेंट पर
निश्चित उपहार
आपका अपना लैंडमार्क TVS
5 साल की कंपनी वारंटी
₹5000* तक की छूट
Landmark TVS, University Road, Opposite Nirala Nagar Gate, Rewa (M.P) 486001
6269990115/116/117/118

# राजस्व महाअभियान का हुआ शुभारंभ

## प्रत्येक गांव में किया गया बी-1 का वाचन, सीमांकन व नक्शा तरमीम किया गया

जागरण, रीवा



शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में राजस्व महाअभियान का आज शुभारंभ हुआ। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन किया गया। इस अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण होगा। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे तथा निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान में जोड़ा गया है। राजस्व महाअभियान के प्रथम दिवस में ग्राम अमहा, ग्राम पंचायत बेला, ग्राम पंचायत सर, बावनगढ़, सूरा, ग्राम सकरवट, ग्राम पंचायत खाम्हा, ग्राम बौना-56, ग्राम टगहा, ग्राम पिपरी में सहित ग्रामों में बी-1 का वाचन किया गया। इसी क्रम में त्योंथर तहसील के ग्राम रायपुर में सीमांकन किया गया तथा तहसील मनगवां के ग्राम नदना में राजस्व दल द्वारा नक्शा तरमीम के लिए मौके पर निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। साथ ही नक्शा तरमीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष प्रकरणों में आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना में पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने की कार्यवाही भी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार, खसरे के अनुसार नक्शे में बटांकन दर्ज करने के प्रकरण निराकृत किये जायेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक भू स्वामी के खसरे नम्बर से आधार संख्या की सीडिंग कराई जायेगी। किसान पोर्टल पर स्वयं आधार सीडिंग कर सकता है। इसका सत्यापन पटवारी से कराएं। बी-1 के वाचन से प्राप्त फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर उनका अभियान के दौरान निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# कृषकों को नरवाई न जलाने की दी हिदायत

**रीवा।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि यूपी बागरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषकों को नरवाई न जलाने की हिदायत दी। ग्राम बीड़ा में कृषक साधू रजक द्वारा कटाई के उपरांत खेत में आग लगा दी गयी थी। उप संचालक कृषि द्वारा कृषक को आग न लगाने एवं उचित प्रबंधन की समझाइश दी गयी। उन्होंने समझाया की सुपर सीडर, रोटावेटर आदि से फसल अवशेष का प्रबंधन करें। इसी प्रकार बीड़ा ग्राम के हीकृषक आदर्श सिंह के खेत में फसल अवशेष पर मयंक कुमार कोल द्वारा आग लगायी जा रही थी। उप संचालक ने अनुशानात्मक कार्यवाही की समझाइश दी तथा भविष्य में आग न लगाने तथा फसल अवशेषों के प्रबंधन के बारे में बताया।

# दिव्य नगरी में बच्चों को कपड़े और मिष्ठान का वितरण



**जागरण, रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा दिव्य नगरी निराला नगर में बाल दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम रखा किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ.आरती तिवारी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एसपी मिश्रा, डॉ.विकास श्रीवास्तव, बी के बहादुर भोपाल, मैनेजर आर बी पटेल, लक्ष्मी एजुकेशन समिति की अध्यक्ष रंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतुल त्रिपाठी थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने किया। इस अवसर पर दिव्य नगरी निराला नगर के बच्चों को वरिष्ठ समाजसेवी प्रिया कनोडिया के द्वारा प्रदत्त व सहयोग से प्राप्त हुए कपड़े, खिलौने, मिठाई और अन्य गिफ्ट वितरित भी किए गए। बीके ज्योति बहन एवं बीके नेहा बहन ने बच्चों को ज्ञान और मेडिटेशन कराया। बीके बहादुर भाई भोपाल ने बच्चों को प्रेरणादायक शिक्षा दी। बीके सत्येंद्र भाई ने बच्चों को खेल और प्रेरणादायक बातें बताईं।

# कार्रवाई के नाम पर कर दिया आरक्षक का तबादला, महिला पर बना रहा दबाव

## आए दिन दुकान पर पहुंचकर धमका रही पुलिस

**जागरण,रीवा।** अमाहिया थाने में पदस्थ्य आरक्षक के खिलाफ शिकायत हुई तो उसे थाने से तो हटा दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई। अब कार्य.प्र. आरक्षक सहित उसके साथी पुलिस कर्मी बेवा महिला पर दबाव बना रहे हैं और शिकायत वापस लेने व सीएम हेल्पलाइन बंद कराने की धमकी दे रहे हैं। महिला शिकायत करने के बाद से और ज्यादा प्रताड़ित हो रही है। मामला शहर के अमाहिया थाने से जुड़ा हुआ है। बेवा ने मामले को लेकर एसपी विवेक सिंह से गुहार लगाई थी। बेवा गायत्री निगम पित स्व.मनोज निगम निवासी वार्ड 29 ने बताया कि वह अस्पताल चौराहा के समीप हाकर्स कार्नर में पूड़ी-सब्जी का ठेला लगाती है। जिससे होने वाली आय से वह अपने और अपनी बेटी का पालन पोषण करती है लेकिन अमाहिया थाने में पदस्थ्य रहे आरक्षक द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। बीते 26 अक्टूबर को दुकान बंद करते समय रात को लगभग 10.55 बजे के दौरान आरक्षक दुकान के पास पहुंच कर गंदी गंदी गालियां देने लगे। चरित्रहीन बोलते हुए दुकान को बंद कराने की धमकी दी। गाजा-कोरेक्स दुकान में रखवाकर झूठे अपराध में फंसाने की धमकी दी व बेटी और बेवा के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया व बेटी के साथ गलत नीयत तक की धमकी व गालियां दीं। जिसके बाद शिकायत एसपी से की गई थी। कार्रवाई करते हुए थाने से कार्य.प्र.आर. को हटा तो दिया गया लेकिन उस पर अब कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं आरक्षक व उसके साथी पुलिस कर्मी लगातार दुकान पहुंचकर महिला को धमका रहे हैं ओर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

**आत्मदाह की चेतावनी :** महिला ने कहा है कि आरक्षक व उसके साथी पुलिस कर्मियों के इस व्यवहार से वह और उसकी बेटी मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। इतना ही नहीं, उन्हें अपने साथ अनहोनी का डर 24 घंटे बना रहता है। यदि आरक्षक के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उसके हौसले और बुलंद होंगे और किसी प्रकार की अनहोनी बेवा व उसकी बेटी के साथ हो सकती है। यदि आरक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई तो बेवा ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

# एसजीएमएच में जनजातीय चिकित्सकीय केन्द्र का हुआ शुभारंभ

## रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जांच व चिकित्सकीय परीक्षण में उपयोगी



**जागरण,रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा में जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जांच व चिकित्सकीय परीक्षण के लिए स्थापित केन्द्र का शुभारंभ किया। प्रदेश का यह पहला शासकीय केन्द्र नागरिकों में विशेषकर जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित वंशानुगत विकारों के संबंध में अध्ययन करेगा तथा उसमें नैदानिक चिकित्सकीय प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर स्थापित सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस केन्द्र जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों में रक्तजनित बीमारियों की जांच में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. एचपी सिंह, डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन संपन्न



**रीवा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार में आयोजित समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर वर्चुअल प्रसारण देखा व सुना गया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन हमारे लिए मार्गदर्शक है। जनजातीय भाईयों ने अपनी प्राचीन संस्कृति व परंपरा को जीवित रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। योजनाओं का लाभ दिलाकर इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। जनजातीय गौरव दिवस आज पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है जिसमें भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा को श्रद्धा पूर्वक याद किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर बालेन्दु पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक रूचि तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा जनजातीय समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्रीराम महायज्ञ की भव्य तैयारी पूर्णता की ओर



**जागरण, रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस संघर्ष परिषद एवं सरपंच महा परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मांशी पंडित राजकुमार सिंह तिवारी ने बताया कि सनकादिक महाराज जी द्वारा सनकादिक अरण्य झलबदरी धाम झुरहा बाबा आश्रम में कराए जा रहे 1008 कुंडी श्रीराम महायज्ञ की विशाल यज्ञशाला का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। इस महायज्ञ का निर्माण कार्य राजस्थान के कारीगरों द्वारा असम पंजाब के बांस बल्ली से किया जा रहा है। यज्ञ से संपूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है। सर्वे भवन्तु सुखिन एवं रामराज की परिकल्पना को साकार रूप देने विश्व शांत व भाईचारा स्थापित करने हेतु किए जा रहे इस महायज्ञ को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोग बढ़ चढ़कर यज्ञ के पुनीत कार्य में हिस्सा ले रहे हैं। यज्ञ में विशाल भंडारा संत समागम प्रवचन एवं रासलीला के आयोजन होंगे। देश के कोने-कोने से संत महात्मा पधार कर इस पृथ्वी एवं जनमानस को उपकृत करेंगे। प्रभु श्रीराम के पावन पुनीत कथा के श्रवण से जनकल्याण होगा विशाल भंडारे से लोगों की आत्मा संतृप्त होगी। भारतवर्ष के महान प्राचीनतम सनातन संस्कृत के रक्षा हेतु यज्ञ ही प्रमुख माध्यम है। यज्ञ के माध्यम से ही भारत पुनः पूरे विश्व में विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा।

# अश्लीलता के आरोप की नहीं पूरी हुई जांच, तीन दिन में देनी थी रिपोर्ट

## भर्ती के नाम पर भी की गई ठगी, शिकायतें खा रहीं धूल



**जागरण,रीवा।** जिला स्वास्थ्य विभाग में मनमानी चरम पर है, इसे रोकने का प्रयास तो सीएमएचओ कर रहे हैं लेकिन राजनैतिक दबाव के चलते कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं। हालात यह हैं कि उन पर कितने भी गंभीर आरोप लगे, उनकी जांच ही पूरी नहीं होती है। ताजा मामला एक बार फिर एपीएम बन गए शिवशंकर तिवारी का है। इन पर डाटा इंट्री ऑपरेटर ने अश्लीलता का अरोप लगाया तो स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मामला कलेक्टर तक पहुंचा। कलेक्टर एक्टिव भी हुईं और सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने जांच टीम गठित कर दी और दो दिन के अंदर जांच दल को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। अब हालात यह हैं कि अब तक जांच पूरी ही नहीं हो सकी, जबकि इस मामले को डेढ़ माह बीतने को आया है। जिससे जिन अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनके कर्तव्य निष्ठा और कार्य के प्रति जिम्मेदारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। जांच पूरी नहीं होने से आरोप सही है कि गलत, यह तय नहीं हो पा रहा है। अब लगभग इस आरोप की जांच को अधिकारी भूल चुके हैं।

**कोर्ट से स्टे के बाद फिर मिला प्रभार :** बता दें कि यह खास बात यह है कि शिवशंकर तिवारी को एपीएम का प्रभार एक बार फिर मिल गया है। हालांकि यह प्रभार सीएमएचओ ने कोर्ट के स्टे के आधार पर दिया है लेकिन इसको लेकर सीएमएचओ आफिस में चर्चा रही कि पूर्व में भी शिवशंकर तिवारी ने कोर्ट में गलत जानकारी देकर स्टे लिया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस गलत जानकारी के प्रति कोई जानकारी कोर्ट को नहीं दी। जिसका परिणाम रहा कि एक बार फिर शिवशंकर तिवारी स्टे लेने में सफल रहे। प्रभार जैसे मामलों में कोर्ट के स्टे पर कर्मचारी का डटे रहना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**50-50 हजार रुपए भी वसूले :** बता दें कि एपीएम शिवशंकर तिवारी पर कई महिलाओं ने शिकायत करते हुए आशा भर्ती के नाम पर ठगी किए जाने का आरोप भी लगाया था। डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी इसकी जांच नहीं हो सकी। आशा कार्यकर्ता के नाम से 50-50 हजार रुपए की वसूली एपीएम द्वारा कई महिलाओं से किए जाने का आरोप है। बता दें कि एपीएम के खिलाफ पूर्व में भी कई जांच हैं, लेकिन अब तक वह पूरी नहीं हो सकी।

# लापरवाही से बढ़ा निमोनिया का खतरा

## सिर दर्द और थकान के लक्षण के साथ कर रहा अटैक

**जागरण,रीवा।** सर्दी-खांसी तो खुद ही ठीक हो जाएगी, ये सोचकर अनदेखी लोगों पर भारी पड़ रही है। फेफड़ों का संक्रमण निमोनिया में बदल रहा है। विशेषकर डायबिटीज, किडनी, हार्ट, लंग्स व अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज, कमजोर इम्युनिटी वाले और बच्चे, बुजुर्ग ठंड की शुरुआत में निमोनिया से पीड़ित हो रहे हैं। एसजीएमएच सहित जिला अस्पताल व अन्य निजी अस्पतालों में निमोनिया पीड़ित और निमोनिया के लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार ठंड की शुरुआत और अंतिम दिनों में सबसे ज्यादा लोग निमोनिया से पीड़ित होते हैं, इसका मुख्य कारण बचाव को लेकर अभी भी जागरूकता की कमी है।

**संक्रमण के कारण :** संक्रमण के मुख्य कारणों में बैक्टीरिया, वायरस, फंगस, वायु प्रदूषण, रसायनों के संपर्क में आना, फेफड़ों की क्षति, ऑटोइम्यून विकार, फेफड़ों की चोट शामिल हैं। इससे बचने के लिए नियमित रूप से हाथ धोएं, विशेषकर खांसी या छींक आने पर, निमोनिया से बचाव के लिए टीकाकरण करवाएं, घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखे, धूम्रपान से बचें, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने नियमित व्यायाम, फ्लू का टीका लगवाएं, फेफड़ों की बीमारी के लक्षणों पर ध्यान दें, उचित पोषण लें, पर्याप्त नींद लें, अदरक और हल्दी का सेवन करें, तुलसी का रस पिएं, गर्म पानी पिएं, गर्म भाप लेंए आराम करें, एलर्जी होने पर एंटी एलर्जिक दवा लें, सर्दी में भाप लेना शुरू कर दें।

# आयुष्मान की राह में बुजुर्गों के हाथों की मिटी लकीरों का पेच

**जागरण,रीवा।** जिले में 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लेकिन इसमें बायोमेट्रिक पहचान में समस्या आ रही है। दरअसल, उम्र बढ़ने के साथ शरीर में झुर्रियां पड़ने, अंगुलियों के निशान घिस जाने से उनकी बायोमीट्रिक पहचान नहीं हो पा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें हो रही है, जिनके आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं या समग्र पोर्टल और आधार पोर्टल में पता व अन्य जानकारी में अंतर है। सबसे ज्यादा मामले फिंगर प्रिंट और आइरिस का मिलान नहीं होने के हैं। जिले में अब तक डेढ़ से दो हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शहर में मेडिकल अस्पताल, जिला अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता की आइडी से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

**कइयों को जानकारी ही नहीं :** बता दें कि कुछ बुजुर्गों को जानकारी ही नहीं है कि उनके लिए इस प्रकार की भी कोई योजना है। कई जगहों पर कार्ड बन कहा रहा है, इस बात की जानकारी भी नहीं है। इसलिए बुजुर्ग भटक भी रहे हैं। कइयों के साथ आधार कार्ड की भी समस्या आ रही है।

**समाजसेवी भी आए आगे :** शहरी क्षेत्र के कुछ वार्डो में आयुष्मान कार्ड बनवाने में समाजसेवी भी जुटे हुए हैं। वार्ड क्रमांक 10,11, 13 व 14 में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए समाजसेवी अधिवक्ता मानवेन्द्र द्विवेदी बुजुर्गों की मदद कर रहे हैं। उनके द्वारा घर में ही बुजुर्गों का आधार कार्ड बनवाया जा रहा है। उन्होंने 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आधार कार्ड बनवाने के लिए अपना मोबाइल नंबर 9755615587 भी जारी किया है। इनकी मदद भी बुजुर्ग ले सकते हैं। इस प्रकार से यदि अन्य समाजसेवी आगे आते हैं तो इस योजना का लक्ष्य जल्दी पूरा होगा।

# धर्मपरिवार करेगा राष्ट्र स्तरीय पतंग मेला का आयोजन

**रीवा।** हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार अगले वर्ष 13-14 जनवरी को मकर संक्रांति पतंग महोत्सव की रजत जयंती मनाने राष्ट्रीय स्तर का पतंग मेला रीवा नगर में आयोजित करेगा। जिसके लिये जयपुर, अमदाबाद, वाराणसी लखनऊ के श्रेष्ठ पतंगाबाजों को आमंत्रण भेजा जायेगा।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0: पी0आर0वाई0जे0-सिग-414-2024-25 दिनांक: 12.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 11.12.2024 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल पर सीनियर डी.एस.टी.ई./अलीगढ़ के 04 स्टेशनों पर के पॉइंट को मोटर संचालित पॉइंट में परिवर्तित करने का अनुबंध।

**अनुमानित मूल्य (रूपये में):** ₹ 19474918.94 (एक करोड़ चौरानबे लाख चौहत्तर हज़ार नौ सौ अठ्ठारह रूपये और चौरानबे पैसा मात्र) | **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में):** ₹ 247400.00

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | **निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि:** 11.12.2024

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जायेगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जायेगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1980/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## पश्चिम मध्य रेल

**निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए उप. मुख्य इंजी./पुल/लाइन/मुख्या/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ठेकेदारों से खुली निविदा (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा सं.:** डिप्टी.सीई-बीआर-एल-जे.बी.पी.-ओ.टी.-06-2024, दिनांक 12.11.2024. **(2) कार्य का नाम:** जबलपुर मंडल में सतना-रीवा खंड में लेवल क्रासिंग संख्या 11 के बदले में रोड ओवर ब्रिज के निर्माण बावत (स्पॅन 1/60 मीटर बो स्ट्रिंग) **(3) कार्य की अवधि:** 18 माह मानसून सहित **(4) निविदा मूल्य:** ₹92204781.70 **(5) बयाना राशि:** ₹611000 **(6) निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** 04.12.2024, 15:30 बजे। निविदा एवं दस्तावेज बेबसाइट https://ireps.gov.in पर होस्ट कर दिए गए है एवं निविदा प्रमुख मुख्य अभियंता, पश्चिम मध्य रेल के कार्यालय इंदिरा मार्केट, जबलपुर नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है (केवल ई निविदा ही स्वीकार की जायेगी)।

उप. मुख्य अभियंता/पुल/लाईन/मुख्या
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा (म0प्र0)

क्रं0..1635/नि0 आ0/न0 परि0/2024 सेमरिया,दिनांक 14/11/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद सेमरिया द्वारा, पंजीकृत ठेकेदारो/प्रतिष्ठानो से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | सिस्टम नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित राशि (लाख मे) | धरोहर राशि | कोरे निविदा फार्म की कीमत | निविदा समयावधि | कार्यावधि (बर्षा ऋतु छोड़कर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_382268_1 | नगर परिषद सेमरिया वार्ड क्रमांक 10 में मुक्तिधाम शेड, इन्ट्रीगेट एवं नाली निर्माण कार्य | 26.15 | 19620.00 | 5000रू | 30 दिवस | 180 दिवस |
| 2 | 2024_UAD_382268_2 | नगर परिषद सेमरिया वार्ड क्रमांक 10 में वेटिंग शेड निर्माण | 5.56 | 5560.00 | 2000रू | 15 दिवस | 180 दिवस |

उक्त तालिका मे सरल क्रमांक 01 दिनांक 15/11/2024 को 10.30 AM से दिनांक 17/12/2024 समय 5:30 PM तक व सरल क्रमांक 02 दिनांक 15/11/2024 को 10.30 AM से दिनांक 02/12/2024 समय 5:30 PM तक वेबसाइट पर आनलॉइन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट"www.mptenders.gov.in" पर देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने के समस्त अधिकार परिषद एवं पी.आई.सी. में निहित होंगें। किसी भी प्रकार का संसोधन केवल वेबसाइट में देखा जा सकता है।

नोट:-1. काली सूची पंजीबद्ध ठेकेदारों एवं पूर्व से नगर परिषद सेमरिया में कार्यरत ठेकेदार जिन्होने कार्यादेश प्राप्त उपरान्त समयसीमा के अन्दर कार्य पूर्ण नही किया हैं अथवा गुणवत्ता विहीन निर्माण की शिकायत व जॉच प्रचलन में है उन सभी की अमानतराशि राजसात करते हुये उक्त ठेकेदार की बिड निरस्त कर दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सेमरिया
जिला रीवा (म.प्र.)

## पश्चिम मध्य रेल

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-199-2024, दिनांक: 13/11/2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधीन रेलवे बोर्ड द्वारा नए दिशानिर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार कार्य (एफओबी के अलावा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,39,72,058/- **बयाना राशि:** ₹ 3,19,900/- **समापन अवधि:** 15 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-200-2024, दिनांक: 13/11/2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (मध्य) जबलपुर के अधीन रेलवे बोर्ड द्वारा नए दिशानिर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार कार्य (एफओबी के अलावा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,93,99,020/- **बयाना राशि:** ₹ 3,47,000/- **समापन अवधि:** 12 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-201-2024, दिनांक: 13/11/2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधीन रेलवे बोर्ड द्वारा नए दिशानिर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार कार्य (एफओबी के अलावा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,95,53,844/- **बयाना राशि:** ₹ 3,47,500/- **समापन अवधि:** 12 माह **(4) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-202-2024, दिनांक: 13/11/2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) जबलपुर के अधीन रेलवे बोर्ड द्वारा नए दिशानिर्देशों के अनुसार स्टेशन पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार कार्य (एफओबी के अलावा)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹4,90,95,825/- **बयाना राशि:** ₹ 3,95,500/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3 व 4 के लिए तिथि- 06.12.2024 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3 व 4 के लिए तिथि- 06.12.2024. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# भगवान बिरसा मुंडा के शौर्य और बलिदान को किया याद

## आदिवासी गौरव दिवस मनाने जिले भर से एकत्रित हुए लोग

### बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

जागरण, रीवा

जिले भर में भगवान बिरसा मुंडा की150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बिरसा मुंडा विचार मंच द्वारा मानस भवन के बगल के मैदान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक रामगरीब बनवासी, त्योंथर जनपद अध्यक्ष मीनू देवी आदिवासी, राजेश कोल प्रदेश सचिव कोल प्राधिकरण, बौद्ध भिक्षु भंते जी, जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता डॉ संजय मौर्य राष्ट्रीय आलोक मिशन एवं डॉ साकेत बर्धन बौद्ध प्रौद्योगिकी संस्थान बी एच यू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोल प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष बृजलाल कोल ने की।

शुरुआती कार्यक्रम में संगीत के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को याद किया गया। संगीत कार्यक्रम में विंध्य गौरव राजकुमार शास्त्री और उनकी टीम उपस्थित ने गीत के माध्यम से चेतना जागृत की। कार्यक्रम का संचालन बिरसा मुंडा विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुकांत कुशवाहा ने किया। आए हुए अतिथियों एवं जनता का स्वागत करते हुए बिरसा मुंडा विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा स्वास्थ्य और नशा मुक्ति नितांत आवश्यक है। पूर्व विधायक रामगरीब बनवासी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, उनके कृतित्व का वर्णन किया। मुख्य वक्ता डॉ संजय मौर्य ने उपस्थित जनमानस को संगठित प्रयास करने और उसके प्राप्त होने वाले परिणामों को लेकर अपनी बात रखी साथ ही बिरसा मुंडा द्वारा किए गए प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। डॉ साकेत वर्धन बौद्ध ने अपने उद्बोधन में आयोजित कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अपील की कि समाज की जागृति के लिए आवश्यक है कि हम आगे आएं और समाज के लिए शिक्षित और संगठित होकर प्रयास करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम सनेही वर्मा, बृजेश कोल, शशिकांत कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, धनपत कोल, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, बच्चू सिंह, सचिन कुशवाहा, मुकद्दर अहमद, शक्ति सिंह, संदीप सिंह, प्रदीप कुशवाहा कोटा, प्रकाश मौर्य, संतोष कोल, दिनेश बंसल, प्रकाश कुशवाहा, अजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में जिले भर से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती



गरीब बचाओ आदिवासी मोर्चा के द्वारा खैरी में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर गरीब बचाओ संघर्ष मोर्चा के संरक्षक नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद भी जनजातीय समाज की स्थिति का गुणात्मक विकास न होना चिंता का विषय है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। क्रांतिकारी विचारक शिवनाथ यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हम सब लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के बताये हुए मार्ग पर चलते हुए अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामविशाल प्रजापति ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आदिवासी समाज को नशा से दूरी बनाते हुए शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर गीता आदिवासी, ममता आदिवासी, सरोज आदिवासी, मनोज कोल, रामनिवास रावत, भूरा कोल, देवराज कोल, पप्पू कोल, समयलाल कोल, पूजा कोल सहित आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव के महान प्रतीकः कुलगुरु




जनजातीय अध्ययन केन्द्र अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में महान क्रांतिकारी वीर योद्धा बिरसा मुण्डा जयंती समारोह आयोजित किया गया। बिरसा मुण्डा के चित्र पर अतिथियों, शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो. राजकुमार आचार्य, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह परिहार, अध्यक्षता जनजातीय अध्ययन केन्द्र के विभिागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुशवाह कवि व हिन्दी आचार्य ने की। बिरसा मुण्डा जयंती व गुरूनानक के प्रकाश पर्व पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा जनजातीय गौरव के महान प्रतीक हैं, उन्होंने अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ संघर्ष किया, जेल की यातनाएं सही और एक महान जन जागरण के नायक बने। विशिष्ट अतिथि ने बिरसा मुण्डा के जीवन व संघर्ष पर प्रकाश डाला। प्रो. कुशवाह ने अध्यक्षयीय उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुण्डा ने महज 25 वर्ष की आयु में सर्वव्यापी ब्रिटिश सत्ता के आतंक को चुनौती दी, उनका यह उलगुलान ही था कि अंग्रेजों को उनकी मृत्यु पश्चात संथाल परगना एक्ट बनाना पड़ा जो आज भी आदिवासियों की संपत्ति की रक्षा करता है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का आभासी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. चंद्रप्रकाश पटेल तथा संचालन डॉ. बारेलाल जैन किया। इस दौरान डॉ. अनुनाग मिश्र, डॉ. निशा पटेल, रामकृपाल साकेत, विभाग के शोध छात्र सहित स्नातकोतर छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमएस गोलवलकर महाविद्यालय में हुआ लाइव प्रसारण



शासकीय एमएस गोलवलकर महाविद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती पर गौरव दिवस मनाया गया जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक दिखी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शेषमणि शुक्ला, वनस्पति शास्त्र विभााध्यक्ष डॉ. स्कंद कुमार मिश्रा, भौतिक शास्त्र विभााध्यक्ष डॉ आर के तिवारी, कार्यक्रम के संयोजक डॉ बी एम पांडे एवं बायोटेक विभाग के डॉ. विश्वजीत तिवारी, डॉ. अर्पणद्य मिश्रा, शिवेंद्र शुक्ला, बीके भारती, अंकित सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, देवकली रावत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ बी एम पांडे ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ विश्वजीत तिवारी ने किया।

## कांग्रेस कमेटी ने आयोजित की संगोष्ठी




उर्रहट स्थित जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी के आयोजकत्व में एक संगोष्ठी भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुई। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्री खण्डेलवाल ने कहा कि उन्होंने अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के ख़िलाफ़ लड़ाई के साथ-साथ जंगल-जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह मात्र विद्रोह नहीं था, यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम भी था। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, बलराम गौतम, सुरेश वर्मा, पंकजदास शास्त्री, उदित नारायण मिश्रा, चंद्रिका यादव, आसिफ खान आदि उपस्थित रहे।

## मॉडल साइंस कॉलेज में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ज्योति कबीर पासा नगर निगम रीवा वार्ड क्र 28 की पार्षद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें बिरसा मुंडा जी के रास्ते पर चलकर छुआछूत जातिवाद को छोड़कर आगे सोचने के जरूरत है। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ विवेक वर्मा ने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रविंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों और मिशनरियों द्वारा आदिवासी समाज पर किए जा रहे अत्याचारों को देखा और इसके खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। उन्होंने मुंडा समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठाया, उन्हें रूढ़ियों, अंधविश्वास और कुरीतियों से दूर कर संगठित किया। कार्यक्रम मे अन्य वक्ताओं ने भी अपनी अपनी बात रखी । कार्यक्रम का संचालन डॉ भारतेन्दु मिश्रा ने किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के प्राध्यापक कर्मचारीगण एवं छात्रों ने देखा।

## ऑनलाइन अर्द्धवार्षिक परीक्षा का डाटा फीड नहीं करने पर भड़का शिक्षा बोर्ड

**रीवा।** मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को 5 नवंबर तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा का ऑनलाइन डाटा फीड करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद कई जिलों ने समय रहते जानकारी फीड नहीं की। इस पर राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जिला शिखा अधिकारी को पत्र लिखकर 16 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जानकारी फीड कराने के निर्देश दिए हैं। मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के सहायक संचालक परीक्षा 1 ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन डाटा 5 नवंबर तक प्रविष्ट करने के निर्देश दिए गए थे। सभी प्राचार्यों को कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों की विषयवार संख्या की प्रविष्टि करना था। कई मर्तबा इसके लिए फोन पर कहा गया लेकिन 15 नवंबर तक भी कई स्कूलों की जानकारी फीड नहीं हुई। रीवा जिला में 25 स्कूलों की जानकारी ऑनलाइन फीड नहीं की गई है। इसे लापरवाही को उदासीनता की श्रेणी में माना गया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राचार्य और परीक्षा प्रभारी को अपने कार्यालय में बुलाकर 16 नवंबर तक शेष रह गए विद्यालयों की जानकारी अवश्व फीड कराएं।

## गणित एवं भौतिक शास्त्र विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न




**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे गणित विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम यूनिवर्सिटी आफ डरबन एवं विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.राजकुमार आचार्य रहे एवं अध्यक्षता प्रो.ए विषम साउथ अफ्रीका ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जे एन सीटी के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.एस एस तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. ऋषि कुमार तिवारी रहे एवं संचालन डॉ.अनामिका दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रो.ए विषम साउथ अफ्रीका, प्रो. संदीप कुमार तिवारी विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन सहित समस्त अध्यापक, देश विदेश से आए गणित विषय के विशेषज्ञ तथा शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अंडर -14 राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जीता काँस्य



**रीवा।** केरला पब्लिक स्कूल के कक्षा -9 में अध्ययनरत छात्र रितेश सिंह पुत्र मुकेश सिंह ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता अंडर -14 में अच्छा प्रदर्शन कर काँस्य पदक जीता। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक विक्रम प्रताप सिंह, प्राचार्य, उप प्राचार्य और समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए आगे की आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों के साथ ही साथ देश को भी गौरवान्वित करने की शुभकामनाएं दीं।

## रीता निगम को पीएचडी अवार्ड



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा रीता निगम को डॉ. पी. एन. मिश्रा के शोध निर्देशन में शिक्षा संकाय विषय के अंतर्गत शोध विषय 'रीवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शैक्षिक उपलब्धि पर जन संचार माध्यमों में छात्रों की प्रभावशीलता का अध्ययन' के अंतर्गत पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। रीता निगम पत्नी वर्धमान निगम, पुत्रवधू स्व.मोहनलाल निगम स्व.सग्राम सेनाानी को पी.एच.डी. उपाधि मिलने पर डॉ. पी.एन. मिश्रा, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. दिनेश कुशवाह, डॉ. वंदना निगम, डॉ. सूर्य नारायण गौतम, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. बारेलाल जैन, बी.एम. शर्मा, सुभाष श्रीवास्तव, जैनेन्द्र मिश्रा, रेवांचल ग्रुप प आफ इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों, मित्रों एवं परिवार के सभी लोगों द्वारा शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं हैं।

## किरण सेवा संस्थान में सिकल सेल काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन

**रीवा।** बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर किरण सेवा संस्थान के मुख्यालय में सिकल सेल काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस सेंटर का उद्देश्य सिकल सेल से प्रभावित रोगियों का पंजीकरण कर उन्हें परामर्श और आवश्यक सहायता प्रदान करना है। इस अवसर पर किरण सेवा संस्थान संस्थान के सचिव डॉ. अभय मिश्रा ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आभार व्यक्त करते कहा कि हम आभारी हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में सिकल सेल रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए तत्परता और प्रतिबद्धता दिखाई है। उनके सहयोग और सक्रिय प्रयासों के कारण ही हम इस परियोजना को ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में इतनी सफलता से संचालित कर पा रहे हैं। हमारा मानना है कि सही जानकारी और समय पर परामर्श के माध्यम से हम इस क्षेत्र के सभी लोगों को सिकल सेल के खतरे से सुरक्षित कर सकते हैं। किरण सेवा संस्थान ने इस अभियान के दौरान ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में जागरुकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटकों, कार्यशालाओं और स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य समुदायों को सिकल सेल रोग के लक्षणों को पहचानने, जाँच कराने और समय रहते उपचार प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही, संस्थान ने इस बीमारी से प्रभावित रोगियों और उनके परिवारों के लिए मुफ्त परामर्श सेवाएँ प्रदान की हैं। किरण सेवा संस्थान के पदाधिकारी अतुल जैन ने इस परियोजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रोत्साहन और सहयोग से ही यह मिशन गति प्राप्त कर सका है।


### प्रख्यात ब्रेन,स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 17 नवंबर रविवार को रीवा में



**रीवा**-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 17 नवंबर रविवार 2024 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षो से कमाता क्लीनिक में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.


## बाबू जी का सम्पूर्ण जीवन ज्ञानदाता के रूप में रहा

### सुविख्यात शिक्षाविद् एवं चिन्तक गुरु प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में संगोष्ठी सम्पन्न





**जागरण, रीवा।** सुविख्यात शिक्षाविद् एवं चिन्तक गुरु प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में 'गुरुदेव की स्मृति एवं उनके सपने' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन वृंदावन गार्डेन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन के साथ विषय प्रर्वतन वरिष्ठ पत्रकार एवं चिन्तक जयराम शुक्ल ने किया। उन्होंने बाबू जी का परिचय देते हुए कहा कि मॉडल स्कूल रीवा के संस्थापक रहे गुरुप्रसाद श्रीश्रीवास्तव का शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबूजी के शैक्षणिक काल में छात्रों के बीच अमीर एवं गरीब का भेदभाव नहीं था। सभी छात्रों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा राष्ट्रीय विकास के लिए शिक्षक के रूप में उन्होंने उत्तरदायित्वपूर्ण काम किया। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल श्रीवास्तव ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि-बाबूजी के संबध में जितनी जानकारी मुझे नहीं है, उससे ज्यादा उनके शिष्यों को है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंचासीन शिक्षाविदों ने परिवर्तित शिक्षा के सामाजिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए बाबूजी से जुड़े संस्मण जो व्याख्यान के रूप में थे, व्यक्त किये। सुप्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रिका प्रसाद 'चन्द' ने गुरु प्रसाद श्रीवास्तव को याद करते हुए कहा कि मेरा उनके साथ भावपूर्ण सानिध्य रहा। उस समय आचार्य जी,गुरु जी, सर जी तो बहुतायत थे परंतु मास्टर साहब के संबोधन से सिर्फ एक गुरुप्रसाद जी ही विख्यात थे। विलक्षणता से कूट-कूट भरे व्यक्तित्व में इतनी सहजता, प्रायः ऐसे मानव के रूप में देखा जा सकता है जो समाज के समष्टिगत विकास के लिए आदर्श होता है। मॉडल स्कूल के पूर्व प्राचार्य विजयकांत मिश्र ने कहा कि-श्रद्धेय बाबूजी का नाम मानस पटल पर इस तरह अंकित है जैसे वे सामने मंद-मंद मुस्कुराते खड़े हों, वे हमारे आदर्श ही नहीं, मार्गदर्शक के रूप में थे। इनकी स्नेही सौम्य छवि सहजता, विद्वता, आदर्श शिक्षक, एवं आदर्श प्रशासक के रूप में रही है। कोई भी व्यक्ति प्रथम दर्शन में ही श्रद्धानवत हो जाता था। उनका सम्पूर्ण जीवन ज्ञानदाता के रूप में रहा। पूर्व प्राचार्य के.एन. पाण्डेय ने कहा कि गुरु प्रसाद श्रीवास्तव जी प्रतिभा के पारखी थे और मॉडल स्कूल में उन्होंने ऐसे प्रतिभावान शिक्षकों का चयन किया जो शैक्षणिक कार्य में निपुण थे। उनका आर्शीवाद हमें भी मिला। उनके सानिध्य में मैंने शैक्षणिक कार्य किया, वह आज भी हमारे लिए आशीर्वाद के रूप में हैं। प्रसिद्ध शिक्षाविद् शारदा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि बाबूजी समय के पाबंद थे तथा छात्रों को समय से कार्य करने के लिए प्रेरित करते थे। इतिहासकार रविरंजन सिंह ने कहा कि बाबूजी की कृपा हम पर रही और उन्होंने हमें जो गुरुदान दिया वह आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। पूर्व प्रचार्य अखण्ड प्रताप मिश्र ने बाबूजी को याद करते हुए कहा कि उनका सानिध्य और आशीर्वाद हमें प्रेरणादायी रहा, क्योंकि वे हमारे पिता जी के साथ जब बैठा करते थे तो हमें भी उनके द्वारा ज्ञान प्राप्त होता था। इंजी.पियूष तिवारी ने कहा कि बाबूजी का आशीर्वाद हमें जो मिला वह आज भी हमें प्रकाशपुंज के रूप में दिखता है। डॉ.एसके पाठक ने बाबूजी को याद करते हुए कहा कि बाबूजी आदर्श शिक्षक के साथ अच्छे समाज सुधारक भी थे। मॉडल स्कूल एल्युमिनाई एसोशियेशन के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि बाबू गुरुप्रसाद श्रीवास्तव का व्यक्तित्व एवं कृतित्व आदर्श पूर्ण रहा और उनके पढ़ाये हुए छात्र देश विदेशों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद वत्स, डॉ सी.बी.शुक्ला, एड.संतोष अवधिया, योगेश त्रिपाठी, कल्पना श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, विनोद पाण्डेय, डॉ. नरेन्द्र सिंह, प्रदीप त्रिपाठी भोले, नीरज खरे, विन्धेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव,तीरथ प्रसाद निगम, डॉ. संत प्रसाद खरे, प्राचार्य पी.के.स्कूल वरुणेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश विश्नोई, अशेष त्रिपाठी, प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र निगम, विभू सूरी, विमलेश द्विवेदी, रणदेव सिंह, संजय सिंह देव, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, राम लखन केवट जलेश,डॉ. एस.के. द्विवेदी सहित नगर के बहुत से शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए अवसर

**रीवा।** पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए 777 अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। एनटीपीसी, एनसीएल, हिन्डाल्कों, पावरग्रिड, रिलायंस, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आदि कंपनियों में 10वीं के लिए 7, आईटीआई के लिए 568, डिप्लोमा में 167 तथा स्नातक में 135 युवक-युवतियों को अवसर दिया जा रहा है। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए तथा वह 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीण हो जो पूर्ण कालिक शिक्षा व रोजगार में न हो। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष है। स्टायपेंड के रूप में 5 हजार से 6 हजार रूपये अनुदान राशि दी जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 7999081511 पर प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार की पीएम इंटर्नशिप वेबसाइट में पंजीयन कराकर युवा अवसर का लाभ ले सकता है।

## केवीएम स्कूल में छात्रों ने लगाया स्टॉल



**रीवा।** बोदाबाग स्थित केवीएम स्कूल में बाल दिवस के मौके पर बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन के स्टॉल लगाए। इस बाल मेले में छात्रों के अभिभावक भी सम्मलित हुए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संगीता सिंह, तौहीद, संजय पटेल, राजीव सिंह, बृजेश शुक्ला, गरिमा, बिमा, रेखा, प्रतिभा, ललिता, ज्योति, प्रतिष्ठा, प्रिया, उदिता, मंजू, सुष्मिता चंचल, प्रज्ञा सहित अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## गुरुनानक जयंती पर ब्रह्माकुमारी में हुआ विशेष कार्यक्रम

**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी निर्मला दीदी की उपस्थिति में सभी ब्रह्मावत्सों से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर चलने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युग योग प्रवर्तक सिख धर्म के स्थापक गुरु नानक जी ने दया, प्रेम, मानव कल्याण का रास्ता बता कर सभी को सचखंड में चलने के लिए श्रेष्ठ शिक्षाएं दी हैं, हमें उनके दिखाए गए रास्तों पर चलकर मानवता का कल्याण करना है। कार्यक्रम में नारायण डिगवानी, जगदीश मिहनी, अमर दुमबानी सहित रीवा नगर के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण
www.djmp.in/epaper
रीवा, 16 नवंबर 2024 अगहन कृष्ण 01 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



**गीता**

**किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः।**
**तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्।**

**भावार्थ :** कर्म क्या है और अकर्म क्या है- इस विषय में तो विद्वान मनुष्य भी मोहित हो जाते हैं। अतः हमें कर्मतत्व को जानने का प्रयत्न करना चाहिए। इससे हम संसार-बंधन से मुक्त हो सकते हैं।

# चिंताजनक है बढ़ती जा रही साइबर ठगी

डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर लोगों के साथ ठगी करने के मामले जिस तरह थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री की ओर से लोगों को साइबर ठगों के इस हथकंडे के प्रति चेताने और संबंधित एजेंसियों की ओर से सक्रियता दिखाए जाने की सूचनाएं आने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। यह चिंताजनक है कि न केवल डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगने के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि ठगी की राशि भी बढ़ती जा रही है। अब तो लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की जा रही है। ठगी का शिकार होने वालों मे पढ़े-लिखे और जानकार समझे जाने वाले लोग भी बढ़ रहे हैं। कई मामलों में यह भी देखने में आया है कि साइबर ठगी के शिकार लोग शर्मिंदगी के कारण पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने से हिचकते हैं। सरकारी एजेंसियां चाहे जो दावे करें, बहुत कम मामलों में ठगी गई राशि बरामद होती है और ठगों को गिरफ्तार किया जाता है। यह तब है, जब ठगी गई राशि देश के ही खातों में ट्रांसफर कराई जाती है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया जा चुका है कि सीबीआइ, ईडी, आयकर विभाग आदि उसकी किसी भी एजेंसी की ओर से डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई नहीं की जाती। इसमें संदेह है कि आम लोग साइबर ठगों की चालबाजी से भली तरह जागरूक हो चुके हैं। जागरूकता के अभाव का एक कारण यह भी है कि सरकार ने साइबर ठगों और उनकी ठगी के नित-नए तरीकों के प्रति लोगों को सही तरह सतर्क नहीं किया है। यदि यह समझा जा रहा है कि समाचार पत्रों में एक-दो विज्ञापन जारी करने अथवा प्रधानमंत्री की ओर से मन की बात कार्यक्रम में इस समस्या को रेखांकित करने से लोग डिजिटल अरेस्ट के बहाने की जा रही ठगी के काले कारोबार से अवगत हो गए हैं तो यह सही नहीं। सरकार को न केवल साइबर ठगों की कमर तोड़ने के लिए और अधिक सख्ती का परिचय देना होगा, बल्कि लोगों को जागरूक करने का कोई व्यापक अभियान भी चलाना होगा। अच्छा हो कि इस पर विचार किया जाए कि कुछ दिनों के लिए मोबाइल कालर ट्यून के जरिये लोगों को चेताया जाए कि इस-इस तरह की फोन काल आए तो सावधान हो जाएं। साइबर ठगी के बढ़ते मामले केवल देश को डिजिटल करने के अभियान को ही चोट नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत की छवि भी खराब कर रहे हैं। साइबर ठग पहले लोगों को लालच देकर ठगते थे। अब वे लोगों को धमकाकर अथवा उनका मोबाइल फोन हैक करके यही काम कर रहे हैं। सरकारी एजेंसियां चाहे जो दावे करें बहुत कम मामलों में ठगी गई राशि बरामद होती है और ठगों को गिरफ्तार किया जाता है। साफ है कि उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। उनका बढ़ता दुस्साहस सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी का ही परिचायक है। यह नाकामी निराश करने वाली है।

> **ठगी का शिकार होने वालों मे पढ़े-लिखे और जानकार समझे जाने वाले लोग भी बढ़ रहे हैं। कई मामलों में यह भी देखने में आया है कि साइबर ठगी के शिकार लोग शर्मिंदगी के कारण पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने से हिचकते हैं।**

**प्रसंगवश**

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर

विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहाँ, चीज़ों को अलग नज़रिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ़ नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी माँ के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ़ साधन नहीं, सुरों की साधना का ज़रिया है।कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज़ एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ़ हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं – उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुज़रते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी! इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर। संख्या इतनी ज़्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पाँव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ़ रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट ख़रीदने, जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यवस्था करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुँचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है। अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उँगलियाँ दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुनकर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हज़ार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये – यहाँ के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हज़ार यात्रियों का आवागमन होता है – चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हज़ार से ज़्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएँ ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अन्दाज़ लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ। इस अवधि में सिर्फ़ इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया। विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवम्बर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज़्यादा लोगों ने तो महज़ कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की! भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुजुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं। भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

> **भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी! इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी जिन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर।**
>
> **-जया वर्मा सिन्हा-**

**( जया वर्मा सिन्हा भारतीय रेल की पहली महिला चेयरमैन एवं सीईओ रही हैं )**

# श्रीलंका में चीन पोषित वंशवाद की विदाई

**अंतरराष्ट्रीय**

> **क्या श्रीलंका से 'डायनेस्टी पॉलिटिक्स' की विदाई हो गई? कम लोगों ने कल्पना की होगी, कि श्रीलंका की राजनीति से परिवारवाद की ऐसी विदाई होगी। एक ऐसा परिवारवाद, जिसे चीन का अभयदान मिला हुआ था। कई वर्षों तक महिंदा के नेतृत्व में राजपक्षे परिवार ने श्रीलंका की राजनीति पर अपनी पकड़ बनाए रखी।**
>
> **- पुष्परंजन-**

श्रीलंका में दसवीं संसद के लिए मतदान गुरुवार को संपन्न हो गया। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के पदभार ग्रहण करने के बाद गठित होने वाली यह पहली संसद होगी। पिछला संसदीय चुनाव अगस्त, 2020 में आयोजित किया गया था, जब देश कोविड की चपेट में था। इस चुनाव में 196 सांसद मतपत्रों के द्वारा चुने जायेंगे, शेष 29 लोग राष्ट्रीय सूची में नामित किये जायेंगे। इस बार पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 8821 उम्मीदवार हैं। जिनमें राजनीतिक दलों के 5,464 उम्मीदवार और स्वतंत्र समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले 3357 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे थे। सबसे अधिक 19 सांसद गम्पाहा जिले से और सबसे कम चार सदस्य त्रिंकोमाली जिले से चुने जाएंगे। प्रमुख उम्मीदवारों में पूर्व विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदास और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या शामिल हैं। पिछले कुछ दशकों से श्रीलंका की राजनीति पर हावी रहे राजपक्षे भाइयों में से कोई भी इस बार चुनाव नहीं लड़ा है। श्रीलंका की राजनीति के लिए यही सबसे बड़ी खबर है। क्या श्रीलंका से 'डायनेस्टी पॉलिटिक्स' की विदाई हो गई? कम लोगों ने कल्पना की होगी, कि श्रीलंका की राजनीति से परिवारवाद की ऐसी विदाई होगी। एक ऐसा परिवारवाद, जिसे चीन का अभयदान मिला हुआ था। कई वर्षों तक महिंदा के नेतृत्व में राजपक्षे परिवार ने श्रीलंका की राजनीति पर अपनी पकड़ बनाए रखी। अपने पहले कार्यकाल में महिंदा राजपक्षे ने तमिल टाइगर विद्रोहियों के खूनी अंत का नेतृत्व किया था। उस फतह ने उन्हें द्वीप के बहुसंख्यक सिंहली लोगों के बीच एक राष्ट्रीय 'रक्षक' के रूप में स्थापित करने में मदद की। उनके उत्साही समर्थकों ने महिंदा राजपक्षे की तुलना एक चक्रवर्ती सम्राट से की थी।

महिंदा राजपक्षे जैसे-जैसे मजबूत होते गए, वैसे-वैसे उनका परिवार भी शक्तिशाली होता गया। उन्होंने अपने छोटे भाई, गोटाबाया को रक्षा मंत्री नियुक्त किया। आलोचकों का कहना है कि गोटाबाया ने इस पद को निर्दयतापूर्वक संभाला। दो अन्य भाई-बेसिल और चमल- क्रमशः वित्त मंत्री और संसदीय अध्यक्ष के पदों पर पहुंचे। बेटा नमल भी मंत्री बना। बाद में गोटाबाया ने 18 नवंबर, 2019 से श्रीलंका के आठवें



राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। राजपक्षे परिवार ने सिंहली राष्ट्रवाद को आधार बनाकर अखंड राज किया। सिंहली राष्ट्रवाद का जलवा था, कि ये लोग वर्षों तक भ्रष्टाचार, आर्थिक कुशासन, मानवाधिकार हनन के आरोपों से बचे रहे। लेकिन यह सब 2022 में बदल चुका था। बदतर आर्थिक संकट को ये संभाल नहीं पाए। पब्लिक सड़क पर उतर आई। सत्ता, सड़क से नियंत्रित हो रही थी। उन महीनों में सिंहली का लोकप्रिय शब्द 'अरागालय' (संघर्ष) का उदय हुआ। 13 जुलाई, 2022 को श्रीलंका के राष्ट्रपति के पैलेस में घुस आई भीड़ यह सुनिश्चित कर चुकी थी कि राजपक्षे परिवार खत्म हो गया। लेफ्टिस्ट 'जेवीपी' ने 'अरागालय' के जरिये पूरे देश में अपनी पैठ मजबूत कर ली। उसमें उत्तर और पूर्व के उन हिस्सों को छोड़कर, जहां तमिल बहुसंख्यक हैं। 'जेवीपी' ने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक समानता हासिल की जानी चाहिए, और देश के व्यापक भ्रष्टाचार और भ्रष्ट राजनीतिक खिलाड़ियों को खत्म किया जाना चाहिए।

लेकिन, तब भी परिवारवाद की जड़े समाप्त नहीं हुई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के देश छोड़कर सिंगापुर चले जाने, और वहीं से इस्तीफ़ा भेज देने के बाद रनिल विक्रमसिंघे राष्ट्रपति बनाये गए, जो अप्रत्यक्ष रूप से राजपक्षे परिवार की मदद कर रहे थे। गोटाबाया राजपक्षे अपमानजनक प्रस्थान के सिर्फ़ 50 दिन बाद ही वापस श्रीलंका लौट आए। पहले सिंगापुर, और फिर थाईलैंड से वापस लौटने पर, उन्हें एक पूर्व राष्ट्रपति के विशेषाधिकार दिए गए, एक आलीशान बंगला और सुरक्षा, जिसका सारा खर्च सरकार ने उठाया। इतनी मदद के बाद भी रनिल विक्रमसिंघे का भला राजपक्षे परिवार ने नहीं किया। 21 सितंबर, 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए महिंदा राजपक्षे के बेटे, नमल को उतार दिया गया। चुनाव परिणाम राजपक्षे परिवार के लिए काफी निराशाजनक था। नमल को तीन प्रतिशत भी वोट नहीं मिले। वो चौथे स्थान पर थे, और रनिल विक्रमसिंघे तीसरे पर। छह बार प्रधानमंत्री रह चुके रनिल विक्रमसिंघे 2020 के संसदीय चुनावों में अपनी यूनाइटेड नेशनल पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी के एकमात्र सांसद थे। श्रीलंका में विद्रोह के बाद कहने के लिए उन्होंने अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया था। लेकिन उन पर राजपक्षे परिवार की रक्षा करने, उन्हें फिर से संगठित होने की अनुमति देने, और अभियोजन से बचाने का आरोप लगता रहा। हालांकि, इन आरोपों से उन्होंने इनकार किया है। लेकिन इन चक्करों में रनिल विक्रमसिंघे ने अपनी यूनाइटेड नेशनल पार्टी के लिए बड़ा-सा गड्ढा खोद दिया।

अब सवाल है, कि नई संसद राजपक्षे परिवार को आलीशान बंगला और सुरक्षा मुहैया कराती है, कि नहीं? क्या चीन की श्रीलंका कूटनीति, राजपक्षे कुनबे को संरक्षण देने की वजह से पूरी तरह चौपट हो गई? इस मामले में नई दिल्ली का गणित सफल रहा है। फ़रवरी, 2024 में अनुरा कुमारा दिसानायके जब भारत आए थे, तो किसी ने शायद ही सोचा था कि क़रीब सात महीने बाद वो श्रीलंका के राष्ट्रपति बनेंगे। अनुरा कुमारा दिसानायके ने इस समय वोटरों का मिजाज समझकर, समय पूर्व संसदीय चुनाव कराने का सही फैसला लिया था। वहां के राजनीतिक पंडित भी मानते हैं कि डबल इंजन की सरकार की संभावना इस वजह से अधिक है। सरकार तो वामपंथियों की बन जाएगी, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती देश को आर्थिक पटरी पर लाने की रहेगी।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

# समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा गुरुनानक देव

**धर्म-समाज**

> **'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया।**
>
> **-ललित गर्ग-**

भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया। गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौढ़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया।गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुई जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ।

गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई? में अमरत्व को प्राप्त कर गए। श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु-अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू ब?ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

## SUDOKU 10

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | 5 | | | |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| 1 | | 3 | | | 9 | 5 | 7 | |
| | | 7 | 5 | | | | 9 | |
| 3 | | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | 9 | | | 3 | | 5 | 7 |
| 9 | 5 | | | | | 7 | | 3 |
| | 3 | | 7 | | | | 2 | |
| | | | | 5 | 8 | 9 | | |

## SOLUTIONS 09

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 9 | 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**के.ए. दुबे पद्मेश**

**मेष :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृषभ :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का सान्निध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**सिंह :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** मन परेशान हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी।

**तुला :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की वृद्धि में मित्र का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकता है।

**धनु :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत के योग बन रहे हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन सुख में कमी।

**कुंभ :** वाणी में मधुरता रहेगी। परंतु मन परेशान हो सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन :** कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। संपत्ति का विस्तार हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 16 नवंबर 2024 दिन शनिवार अगहन मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य तुला राशि में शाम से वृश्चिक राशि में चंद्र वृषभ राशि में मंगल कर्क राशि में बुध वृश्चिक राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र धनु राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सुबह प्रातः काल वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा प्रातः 10:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा दोपहर 4:00 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा रात्रि 11:00 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र रोहिणी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा। **योग :** परिध। **करण :** बालव

**चौघड़िया, शनिवार**

सुबह 6.00 से 7.30.......................काल
सुबह 7.30 से 9.00....................... लाभ
सुबह 9.00 से 10.30....................... रोग
सुबह 10.30 से 12.00....................... उद्वेग
दोपहर 12.00 से 1.30....................... चर
दोपहर 1.30 से 3.00....................... लाभ
दोपहर 3.00 से 4.30....................... अमृत
शाम 4.30 से 6.00....................... काल

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह 06:00 बजे | कृतिका | द्वितीय | लोहा | वृषभ | ई |
| प्रातः 10:30 बजे | कृतिका | तृतीय | लोहा | वृषभ | उ |
| दोपहर 4:00 बजे | कृतिका | चतुर्थ | लोहा | वृषभ | ए |
| रात्रि 11:00 बजे | रोहिणी | प्रथम | लोहा | वृषभ | ओ |

**राहुकाल**- दोपहर 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**आराधना का मंत्रः**- ॐ श्रीं नमः श्रीकृष्णाय परिपूर्णतमाय स्वाहा।

-पं. अरविंद तिवारी

**जीवन दर्शन**

# अवसर को तराशना सीखें



मनुष्य की यह आदत होती है कि वह हमेशा दूसरों के द्वारा दिए गए अवसरों का लाभ उठाना चाहता है... हम यही सोचते हैं कि कोई आएगा और हमें कोई काम देगा... हम उस व्यक्ति का इंतजार ही करते रह जाते हैं। अगर यह संभव है तो आप जरूर उस शख्स का इंजार करें जो आपको सफलता प्राप्तकरने का अवसर प्रदान करने वाला है। लेकिन अगर आपकोलगता है कि ऐसा नहीं होगा तो आपको किसी दूसरे का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है... आपको उस अवसर को स्वयं तराशना चाहिए .. क्योंकि किस्मत भी उसी का साथ देती है जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करना जानता है। कई बार बहुत मेहनत करने के बाद भी अगर आपको सफलता हासिल नहीं होती... तो दूसरों को दोष ना दें... धैर्य रखते हुए सही समय का इंतजार करें। लोगों से मिलना... सामाजिक और निजी संबंधों को बनाकर रखना... ये सब आपके लिए अवसरों का निर्माण करते हैं। लेकिन व्यक्ति को कभी उस इंसान को नहीं भूलना चाहिए जिसने आपको आपकी उपलब्धि को हासिल करने में सहायता दी है या फिर जिसने आपके लिए अवसर का निर्माण किया है। आप जिस अवसर की तलाश कर रहे हैं... अगर वह आपको प्राप्त नहीं हो रहा है तो नाउम्मीद ना हों... इसके विपरीत आप अपनी क्षमता और आवश्यकता को समझकर स्वयं को और विकसित करने की कोशिश करें। छोटी चीज से शुरुआत करें..रोजगार समाचार पढ़ें... वेबसाइट छांटें.. अपने लिए संबंधित प्लेटफॉर्म की तलाश करें.. जिसके जरिए आपका टैलेंट, आपकी दिलचस्पी, आपकी शिक्षा और निखरकर बाहर आए। हर व्यक्ति के अंदर सीखने की आग प्रज्वलित रहनी चाहिए... सीखने का पैशन हर किसी में होना चाहिए। अपनी सफलता की कहानी अन्य लोगों के साथ सांझा करें। यह दूसरों के लिए भी अवसर का निर्माण करता है।

-ब्रह्मकुमारीज

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया: वीडी शर्मा



**विसं भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर फंदा जनपद के केकड़िया ग्राम पंचायत में आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कहा कि उनकी सरकारों ने आदिवासियों के लिए कुछ भी काम नहीं किए। शर्मा ने कहा कि उन्होंने जनजातीय समाज और संस्कृति के हित में जो काम किए, उसके आधार पर उन्हें 'धरती आबा' कहा गया। वो अंग्रेजों को देश से उखाड़ फेंकने के लिए तो लड़े ही, उन्होंने आदिवासियों के अधिकार तथा अपनी संस्कृति को बचाने के लिए भी संघर्ष किया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने ही पेसा एक्ट लागू किया और कई योजनाओं के माध्यम से आदिवासी भाई-बहनों का जीवन बदलने का काम किया है। इधर पेटलावद में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुए प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि दुर्भाग्यवश कांग्रेस ने आजादी के बाद भी भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को छिपाकर रखा, लेकिन सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा सहित उन सभी जनजातीय जननायकों को सम्मान प्रदान किया।

### प्रदेश भर में गीता जयंती मनाएगी सरकार: सीएम




**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में अनेक त्योहार जैसे जन्माष्टमी, विजयादशमी और गोवर्धन पूजा आदि सरकार और समाज ने मिलकर मनाए हैं। इसी क्रम में राज्य सरकार पूरे प्रदेश में भव्य रूप में गीता जयंती मनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पटेल नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में राधावल्लभ जी के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा और दीपदान महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भक्त गण को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से लगभग 20 वर्ष पूर्व उज्जैन में इस्कॉन मंदिर प्रारंभ होने पर उन्होंने स्वामी भक्त निवास जी के सानिध्य में कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। आज पुनः उनके साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला है। डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार उन स्थानों को तीर्थ स्थल बनाएगी, जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर हुए इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। डॉ. यादव ने इस्कॉन मंदिर परिसर में भक्ति में लीन एक साढ़े पांच वर्ष के बालक कृष्णप्रेम को गोद में उठाकर स्नेह दुलार किया।

# मकवाना पर भरोसा या फिर शर्मा के सिर सजेगा ताज, तस्वीर होगी साफ

## डीजीपी चयन: अरविन्द कुमार भी रेस में, 21 को दिल्ली की बैठक में तय होगा पैनल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय से लेकर वल्लभ भवन में अब नए डीजीपी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि 21 नवम्बर को यूपीएससी की बैठक में तीन नामों का पैनल तैयार होना है, लेकिन सूत्र कैलाश मकवाना और अजय कुमार शर्मा को इस दौड़ में आगे बता रहे हैं। अब देखना यह है कि इन दोनों अफसरों में से कौन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भरोसा जीतेगा। इनके अलावा अरविन्द कुमार भी इस रेस में अपने स्तर पर बढ़त बनाए हुए हैं। मध्यप्रदेश का नया पुलिस कप्तान कौन होगा, इस पर अगले सप्ताह तस्वीर बिल्कुल साफ हो जाएगी। लेकिन यह लगभग तय माना जा रहा है कि वरिष्ठता क्रम में जो तीन अधिकारी हैं, उन्हीं में से किसी एक के नाम पर मुहर लगना तय है। इसके लिए संघ लोक सेवा आयोग 21 नवम्बर को दिल्ली में बैठ कर तीन नामों का पैनल तैयार कर राज्य शासन को भेज देगा। जहां मुख्यमंत्री की अनुशंसा के बाद नए डीजीपी के नाम का तय कर दिया जाएगा। 25 नवम्बर से पहले संभावित नए डीजीपी का ओएसडी बनाए जाने का आदेश निकलेगा और फिर 30 नवम्बर को उन्हें डीजीपी बनाए जाने का आदेश जारी होगा। जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर 3 वरिष्ठ अधिकारियों में से ही नए डीजीपी का चयन किया जाना है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने डीओपीटी को 9 नामों का पैनल भेजा है, इन्हीं नामों को लेकर यूपीएससी 21 नवंबर को दिल्ली में बैठक करने वाली है। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन व मौजूदा डीजीपी सुधीर सक्सेना शामिल होंगे। बैठक में 3 नाम के पैनल राज्य सरकार को भेजा जाएगा, जिसमें वरिष्ठता के आधार पर डीजी होमगार्ड अरविन्द कुमार, पुलिस हॉउसिंग बोर्ड के चैयरमैन कैलाश मकवाना और डीजी ईओडब्ल्यू अजय कुमार शर्मा का नाम संभावित हो सकता है। जिन तीन अधिकारियों के नाम अगले संभावित डीजीपी को लेकर चर्चा में है, उनमें से पुलिस हॉउसिंग बोर्ड के चेयरमैन कैलाश मकवाना और डीजी होमगार्ड अरविन्द कुमार वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, जबकि डीजी ईओडब्ल्यू अजय शर्मा 1989 बैच के हैं।



### 15 दिन बाद सेवानिवृत्त होंगे सुधीर सक्सेना

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना 15 दिन बाद यानि की 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले राज्य शासन को नए पुलिस कप्तान के नाम पर मुहर लगानी है।

### भुवनेश्वर कांफ्रेंस अंतिम कार्यक्रम हो सकता है

उड़ीसा के भुवनेश्वर में 28 नवम्बर से शुरू हो रही डीजी -आईजी कांफ्रेंस में ही मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना सेवानिवृत्त होंगे। जिस दिन कांफ्रेंस का समापन होगा, वह दिन उनके सेवाकाल का अंतिम दिन होगा। इस कांफ्रेंस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल संबोधित करेंगे। ऐसा भी माना जा रहा है कि राज्य सरकार इस कांफ्रेंस में डीजीपी के सेवानिवृत्ति को ध्यान में रखते हुए उनके स्थान पर ओएसडी को भुवनेश्वर भेज सकते है। जिनके द्वारा प्रदेश पुलिस का पक्ष और यहां पर जो काम काज किए गए उनकी जानकारी प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के रखी जाएगी।

## कड़ी टक्कर से नेताओं का निकला पसीना

# प्रत्याशी नहीं, नेताओं की नाक का सवाल हैं विस उपचुनाव





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के दो उपचुनाव दलों के प्रत्याशियों से ज्यादा वरिष्ठ नेताओं की नाक का सवाल बन गए हैं। यहां पर जीत हार इन नेताओं की प्रतिष्ठा पर प्रश्न खड़ा कर सकती है। मतदान के बाद दोनों दलों के रवैये से यह कयास लगने लगे हैं कि उपचुनाव ने इन दलों के नेताओं को पसीने से तरबतर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बुधनी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के नाम पर सहमति नहीं बनने से केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को मोर्चा संभालना पड़ा। यहां से लगातार छह बार विधायक रहे चौहान ने अपने चुनाव में ऐसी मेहनत नहीं की, जितनी उन्हें रमाकांत भार्गव के प्रत्याशी बनने के बाद करनी पड़ी। केन्द्रीय मंत्री चौहान अपने चुनाव के दौरान बुधनी में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद बहुत ही कम जाते थे, वे प्रदेश भर में पार्टी के दूसरे प्रत्याशियों को जिताने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते थे, लेकिन उनकी विधानसभा उनके समर्थक संभालते थे और रिकार्ड जीत हासिल होती थी। लेकिन इस उपचुनाव में उन्हें रमाकांत भार्गव के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। जानकारों का कहना है कि बुधनी के इस उपचुनाव में कांग्रेस ने किरार समाज से आने वाले पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को प्रत्याशी बनाकर भाजपा की मुसीबते बढ़ाई थी। उस पर भाजपा के टिकट के दूसरे दावेदारों के रुठने की वजह से भी पार्टी की धड़कने अंत तक बढ़ी रही। जिससे झारखण्ड विधानसभा चुनाव के प्रभारी होने के बाद भी केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बुधनी पर ज्यादा ध्यान देना पड़ा। जानकारों की माने तो चौहान की वजह से बुधनी में भाजपा ने कांग्रेस को कड़ी चुनौती दी है। उधर विवादों और आरोप -प्रत्यारोपों के बीच विजयपुर में हुए उपचुनाव में यहां से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत की भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। कांग्रेस की सीट रही इस विधानसभा में रावत को कड़ी चुनौती मिली है। यहां पर कांग्रेस ने मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव को पूरी तरह से संघर्षपूर्ण बना दिया था।

### कांग्रेस ने विजयपुर में फोकस रखा

मतदान से ठीक पहले जिस तरह से आदिवासियों के साथ घटनाएं हुईं, उससे भी इस वर्ग में नाराजगी के स्वर सुनाई दिए। जिसका सीधा-सा मतलब भाजपा को नुकसान होने से लगाया जा रहा हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने बुधनी से ज्यादा विजयपुर सीट पर ज्यादा फोकस रखा, जिससे उनके प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने जहां यहां डेरा जमाया, तो वहीं आदिवासी वर्ग से आने वाले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी चुनाव के दौरान सक्रिय रहे। उप नेता प्रतिपक्ष हेमन्त कटारे के अलावा कांग्रेस ने नए और युवा चेहरों से विजयपुर का चुनावी मैदान संभलवाया। जिससे कांग्रेस को यह फायदा हुआ कि उनके पुराने नेताओं से वहां के मतदाताओं की नाराजगी असरकारक नहीं रही। इस चुनाव में कांग्रेस के लिए उन जीतू पटवारी का भी इम्तिहान हुआ, जिनके अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में क्लीप स्वीप और अमरवाड़ा उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में यदि इन दोनों उपचुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट पर सफलता मिलती है, तो जीतू पटवारी का भोपाल से लेकर दिल्ली तक कद और बढ़ेगा, साथ ही कांग्रेस भी और आक्रामक होकर भाजपा और उसकी सरकार को घेरने का काम करेगी।

### नए नेताओं को मिलेगी कमान

कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस उपचुनाव में यदि कांग्रेस के पक्ष में परिणाम आते है, तो यह तय माना जाएगा कि पार्टी अपने युवा नेताओं को आगे करके सरकार और भाजपा से राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी। इसके लिए चम्बल ही नहीं पूरे प्रदेश में नए और युवा नेताओं को नेतृत्व देने की पहल कांग्रेस द्वारा की जाएगी।

# निर्देश जारी: अब मान्यता प्राप्त आयुष कालेज ही दे पाएंगे यूजी-पीजी में प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय एनसीआईएसएम ने कहा कि सत्र 2024-25 में स्नातक व स्नातकोत्तर की काउंसलिंग में मेडिकल असिसमेंट एण्ड रेटिंग बोर्ड व एनसीआईएसएम से मान्यता प्राप्त कालेज ही प्रवेश दे पाएंगे। एनसीआईएसएम के सचिव डॉ सच्चिदानंद प्रसाद ने प्रदेश समेत देशभर के आयुष डॉयरेक्टर्स, प्रिंसिपल्स, डीन तथा समस्त विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को पत्र जारी कर कहा कि कॉलेजों को काउंसलिंग में शामिल होने के लिए न्यायालय के अंतरिम आदेशों के बाद प्रवेशित छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति विश्वविद्यालय नहीं देगा। क्योंकि ऐसा हो सकता है कि परीक्षा कार्यक्रम के दौरान न्यायालयीन मुकदमे के अंतिम फैसले का इंतजार किया जा रहा हो तथा ऐसे ही मुद्दों पर न्यायालय के अंतिम निर्णय तक छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है और न्यायालय का अंतिम निर्णय उम्मीदवार व कॉलेज के विरुद्ध होता है, तो उम्मीदवार अन्य कैरियर अवसरों को प्राप्त करने के लिये अपना कीमती समय खो देंगे। इसलिये एनसीआईएसएम अधिनियम 2020 की धारा 44 के तहत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के निर्देशों के तहत संस्थान की बेवसाइट पर मान्यता पत्र प्रदर्शन के साथ-साथ न्यायालय के प्रवेश संबंधित हर नवीन अपडेट को बेवसाइट पर दिखाना, संबंधित विश्वविद्यालय का मामले में सहमति पत्र, काउंसलिंग के वक्त रिपोर्टिंग के समय उम्मीदवारों को, संस्था प्रमुख को तथा राज्य की काउंसलिंग अथॉर्टी को न्यायालयीन आदेशों का पालन करने के लिये वचनबद्धता स्वरूप एफीडेविट कम अण्डरटेकिंग देनी होगी।

> राजधानी में 21 समेत प्रदेश में 41 एएसयू कॉलेज के साथ पटना, जयपुर, बरेली, लखनऊ, रायपुर, नई दिल्ली, गुजरात समेत देशभर में 850 से ज्यादा आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी के यूजी व पीजी के आयुष मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। जहां इस 2024-25 सत्र में लगभग 65 हजार सीटों पर प्रवेश होंगे। एनसीआईएसएम द्वारा आयुष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश काउंसलिंग को लेकर पारदर्शिता है और छात्रों व संस्थानों को हिदायत देना उचित कदम है। **- डॉ राकेश पाण्डेय**, राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएशन

## नर्सिंग काउंसिल रजिस्ट्रार को पद से हटाने सीएम को लिखा पत्र

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एनएसयूआई ने मप्र नर्सिंग काउंसिल की रजिस्ट्रार अनीता चांद को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने की मांग की है। इसे लेकर छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। एनएसयूआई ने ये मांग उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद उठाई है जिसमें अनीता चांद के विरुद्ध गंभीर आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि अनीता चांद पर आरोप है कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान कई ऐसे नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी, जो मानकों के अनुसार योग्य नहीं थे। उनके इस कदम से प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं। एनएसयूआई का मानना है कि रजिस्ट्रार के पद पर रहते हुए वह जांच प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं और काउंसिल के दस्तावेजों में छेड़छाड़ या उन्हें गायब करवाने की संभावना भी बनी रहती है, जिससे निष्पक्ष जांच संभव नहीं हो पाएगी। उपाध्यक्ष परमार ने कहा कहा कि जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हम चाहते हैं कि अनीता चांद को रजिस्ट्रार के पद से तत्काल हटाया जाए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जांच प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो सके। परमार ने दावा किया कि यदि ठीक से नर्सिंग घोटाले की जांच की जाएगी तो रजिस्ट्रार चांद के कई खुलासे होंगे।

# प्रदेश में उपचुनाव के बाद कांग्रेस हुई सक्रिय, बनाई कई समितियां

## दो दिवसीय बैठक में समितियों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी

विसं भोपाल। प्रदेश की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव के बाद कांग्रेस सक्रिय हो गई है। पार्टी ने 21 नवम्बर को जहां दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई है, तो दो जांच समितियों का भी गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार पार्टी की दो दिवसीय बैठक में विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। पहले दिन प्रदेश स्तरीय राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों की बैठक रखी गई। उसी दिन प्रदेष कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्यों, स्थाई आमंत्रित सदस्यों और विषेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक होगी, जिसमें आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी। दूसरे दिन यानि कि 22 नवम्बर से नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और संयुक्त सचिवों की अनिवार्य बैठक होगी। प्रदेष कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे वरिष्ठ पदाधिकारी व नेता मौजूद रहेंगे।

### प्रदेश स्तरीय समिति




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मैदानी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति प्रदेश में समय-समय पर होने वोली संगठनात्मक बैठकों, धरना, प्रदर्शन, आंदोलनों का एजेण्डा तैयार करने का काम करेगी। राजीव सिंह ने बताया कि उक्त समिति में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्षद्वय महेन्द्र जोशी, राजीव सिंह, महामंत्रीत्रय संजय कामले, गौरव रघुवंशी और मृणाल पंत को शामिल किया गया है।

### घटना की जांच के लिए बनाई समिति

श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में हुई घटनाओं जांच हेतु एक समिति का गठन किया गया है। समिति में विधायक फूलसिंह बरैया, पूर्व मंत्री लाखनसिंह यादव, सत्यपाल सिंह (नीटू) सिकरवार, प्रदीप अहिरवार और रामू टेकाम को समिति का सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति शीघ्र ही श्योपुर जिले के विजयपुर घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी एकत्र करेगी।

## अब पोर्टल के जरिए कर सकेंगे पीएम आवास के लिए आवेदन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे संस्करण की शुरुआत करते हुए केंद्र सरकार ने लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी प्रदान करने के लिए कर्ज देने वाले 147 संस्थानों और बैंकों के साथ समझौते किए हैं। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने पीएम आवास योजना के घटक इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम पर आयोजित एक राष्ट्रीय वर्कशाप में कहा कि सही लाभार्थियों की पहचान और उन्हें योजना के मुताबिक आवास प्रदान करने के लिए सभी पक्षों को मिलकर कार्य करना होगा। सिस्टम इस तरह होना चाहिए कि घर विहीन लोग इस योजना से लाभान्वित हों और इसमें कोई बाधा नहीं आने पाए। केंद्र सरकार घर के लिए ब्याज सब्सिडी योजना पर जोर दे रही है, क्योंकि इसके दायरे में अल्प वर्ग आय के अलावा मध्य वर्ग के लोग भी आएंगे। इसके लिए बैंकिंग समुदाय का महत्व सबसे अधिक है। केंद्र सरकार इस योजना का लाभ उठाने वालों को 1.80 लाख रुपए तक की ब्याज सब्सिडी उपलब्ध कराएगी। सरकार ने पीएम आवास योजना के लिए एक पोर्टल भी लांच किया है।



**सरकार ने 147 वित्तीय संस्थानों के साथ किया समझौता**

# डीएपी पर वसूले 500 रुपए अधिक, यूरिया पर 73, गोदाम सील कर मालिक पर एफआईआर

## नरसिंहगढ़ रोड स्थित गौर कृषि सेवा केंद्र पर महंगे दाम पर बेची जा रही थी डीएपी-यूरिया

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नरसिंहगढ़ रोड स्थित गौर कृषि सेवा केंद्र द्वारा अधिक दाम पर डीएपी और यूरिया बेचे जाने की शिकायत जिला प्रशासन के अधिकारियों को प्राप्त हुई थी। मामले में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा ने शिकायत मिलने पर तहसीलदार करुणा दंडोतिया और कृषि विकास अधिकारी पीएस गोयल को मौके पर जांच के लिए भेजा। जिसके बाद दुकानदार द्वारा डीएपी पर 500 रुपए और यूरिया पर 73 रुपए अधिक वसूल किए जा रहे थे। जिसके बाद संचालक कमल सिंह गौर पर थाना बैरसिया में धारा 3 और धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। इस दौरान कृषि सेवा केंद्र के नरसिंहगढ़ रोड स्थित गोदाम को भी सील कर दिया गया।

### किसान ने दर्ज कराई थी शिकायत



जानकारी के अनुसार हर्राखेड़ा निवासी मिथलेश मीणा ने अधिकारियों को जानकारी दी कि गौर कृषि सेवा केंद्र के संचालक कमल सिंह गौर द्वारा डीएपी की बोरी 1350 रुपए के स्थान 1850 रुपए की बेची जा रही है। वहीं यूरिया की बोरी 267 के साथ पर 340 रुपए में बेची जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शिकायत सही मिलने पर गोदाम सील कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

> शासन के निर्देश अनुसार खाद की कालाबाजारी और महंगे दाम पर बेचने पर सख्त कार्रवाई के प्रावधान है। इसी के तहत शिकायत मिलने पर कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के तहत कार्रवाई की गई है। - **आशुतोष शर्मा**, एसडीएम बैरसिया

## मध्यप्रदेश में उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के लिए विश्व के अनेक राष्ट्रों को आमंत्रण

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों का मार्गदर्शक, सहयोगी और लोकप्रिय मित्र राष्ट्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाने का कार्य किया है। आज भारत अर्थव्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण और शक्तिशाली देश है, जहां वर्ष 2014 में भारत 11वें क्रम में था। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2026 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने कभी भारत पर राज किया था, आज हमारे पीछे खड़े हैं। इसके पीछे भारतीयों की मेधा, हमारा स्वावलंबन, हमारे संसाधन और मोदी जी का सक्षम नेतृत्व शामिल है।

## खुलासा | हाथियों के चिंघाड़ने के एंगल की भी हो रही जांच, लेकिन अब तक नहीं हो सकी पुष्टि

# सड़क जाम कर खड़े थे हाथी, 5 बाइक सवारों के शोर मचाने से भागे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहडोल में हाथियों की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के मामले में अब हाथियों के चिंघाड़कर शोर मचाने के मामले के एंगल की भी जांच हो रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा अब तक की गई जांच के आधार पर यह सामने आया है कि घटना वाले दिन 5 मोटरसाइकिल सवारों को कुछ हाथी सड़क को घेरकर खड़े हुए दिखे थे। सामने जंगली हाथियों को देखकर मोटर साइकिल सवार घबरा गए थे और उन्होंने चिल्ला चिल्लाकर उन्हें सड़क से हटाया भी था। इनमें से एक मोटर साइकिल सवार ने इसकी जानकारी व्हाट्स एप के माध्यम से वन विभाग को भी दी थी। इन लोगों के अनुसार इस दौरान हाथियों में किसी भी तरह की समस्या नजर नहीं आ रही थी। हाथी शांत भाव से सड़क से हट गए थे।

### रात आठ बजे दिखे थे हाथी



दरअसल बांधवगढ़ में फॉरेस्ट विभाग द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से ग्रामीणों को आसपास वन्य प्राणी होने की जानकारी दी जाती है। ऐसे में 20 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत ग्राम पतौर से बमेरा के बीच लगभग 5 मोटरसाइकिल सवारों को रास्ते में खेरदाई हार नामक स्थान पर रास्ते में सड़क पर हाथी देखने को मिले। हाथियों को देख सभी लोग भयभीत हो गए थे और उन्होंने इस दौरान हाथियों को चिल्लाकर भगाने का प्रयास किया और इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया। यह वीडियो वन विभाग द्वारा बनाए गए एलीफेंट लोकेशन व्हाट्स एप ग्रुप बमेरा पर भी शेयर किया गया। इस व्हाट्स एप ग्रुप पर विनोद जायसवाल नामक व्यक्ति ने रात आठ बजे सड़क पर हाथी होने का वीडियो शेयर किया था।

### वन्य प्राणियों की लोकेशन के लिए बनाए जाते हैं ग्रुप

दरअसल फॉरेस्ट रिजर्व और सघन वन के आसपास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वन्य प्राणियों की जानकारी देने के लिए व्हाट्स एप ग्रुप बनाए जाते हैं। इन ग्रुप में उस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण लोगों को बड़ी संख्या में जोड़ा जाता है, ताकि वन्य प्राणियों से लोगों को सुरक्षा देने के लिए सटीक जानकारियां लोगों तक पहुंचे। ऐसे में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहयोग से भी ऐसे व्हाट्स एप ग्रुप बनाए गए हैं।

> 28 अक्टूबर की रात को रात 8 बजे खेरदाई हार में हाथी होने की सूचना मिली थी। इस दौरान हाथी स्वस्थ नजर आ रहे थे। हाथियों के चिंघाड़ने वाले एंगल की अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। **-पीके वर्मा**, उपसंचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### पीएम मोदी ने बिरसा ...

कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने छिंदवाड़ा के बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वंतत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का वर्चुअली लोकार्पण किया।

**अभूतपूर्व हो रहे कार्यक्रम: पटेल:** समारोह में मौजूद राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में जनजातीय कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जन मन योजना और सिकल सैल उन्मूलन मिशन, जनजाति कल्याण का महाभियान है। इस महाभियान में राज्य सरकार द्वारा जनजाति कल्याण के बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। अनेक विभागों के माध्यम से अति पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के कारगर प्रयास लगातार जारी है।

### राहुल के हेलिकॉप्टर ...

से सभा कर देवघर एयरपोर्ट आने वाले हैं, इस कारण राहुल के हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं, लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई। यह स्वीकार्य नहीं है।


### झांसी मेडिकल कालेज...

ब्लास्ट के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। कुछ समय तक तो लोग समझ ही नहीं पाए कि क्या हुआ, लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने जब एसएनसीयू वार्ड से धुंआ निकलते देखा तो वहां अफरातफरी मच गई। बच्चों के परिजन और कर्मचारी शिशु वार्ड की तरफ दौड़े। हालांकि आग की लपटों और धुंआ की वजह से कोई वार्ड में नहीं घुस पाया। तब मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने खिड़की का शीशा तोड़कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### एक गोली खाओ ...

अंदर जाकर गुब्बारा बन जाता है। इससे पेट में जगह कम हो जाती है और भूख कम हो जाती है। भूख कम लगने से खाना कम खाया जाता है और धीरे-धीरे वजन कम होने लगता है। डॉ. अपूर्व व्यास का कहना है कि एंडोस्कोपी के जरिए जो बैलून कैप्सूल डाला जाता है, उसमें मरीज को एनेस्थीसिया देकर बेहोश करना होता है। इसके बाद एंडोस्कोपी की मदद से गुब्बारे को पेट में रखा जाता है। इसे फुलाया जाता है। इसके बाद असेंबली को बाहर निकाला जाता है और मरीज को तीन घंटे के लिए एडमिट कर छुट्टी दे दी जाती है। इस तरीके से गुब्बारे में 700 एमएल तक पानी भरा जा सकता है। एंडोस्कोपी बैलून को जरूरत से ज्यादा फुलाया सकता है, जिससे पेट की क्षमता को कम करके अधिक वजन घटाया जा सकता है। अगर इसे एक साल तक बरकरार रखा जाए तो मरीज का अतिरिक्त वजन 15 से 20 प्रतिशत तक कम हो जाता है। डॉक्टर को एंडोस्कोपी द्वारा लगाए गए गुब्बारे को निकालना पड़ता है। डॉक्टर इसे सुखाकर हटा देता है।

## काशी में देव दिवाली...



वाराणसी, जेएनएन। शुक्रवार को वाराणसी में देव दिवाली मनाई गई। गंगा किनारे 84 घाटों और 700 मंदिरों में 25 लाख दीये जगमगा उठे। 8 घाटों पर करीब 60 मिनट तक ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी हुई। आसमान सतरंगी नजर आया। लेजर शो ने सबका मन मोह लिया। इससे पहले 21 अर्चकों और 42 रिद्धि-सिद्धि ने गंगा की महाआरती की। गंगा आरती में रिकॉर्ड एक लाख लोग शामिल हुए। लोग इस पल को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। दशाश्वमेध और अस्सी घाट पर टूरिस्ट की जबरदस्त भीड़ रही। देव दिवाली देखने इंडोनेशिया, वियतनाम और फ्रांस समेत 40 देशों के मेहमान आए। दुनियाभर से 15 लाख लोग काशी पहुंचे।

### देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान, महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल बढ़ी

# रिजल्ट के बाद ही पता चलेगा कि कौन सी पार्टी किसके साथ

## यह चुनाव अजब है, अभी नहीं कहा जा सकता कि नतीजों के बाद कौन-किसका समर्थन करेगा



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में कभी 4 राजनीतिक दल हुआ करते थे, लेकिन शिवसेना और एनसीपी में बंटवारे के चलते 6 पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। इस बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या चुनाव के बाद भी यही तस्वीर बनी रहेगी या कुछ दल पालाबदल भी कर सकते हैं। अजित पवार की पार्टी ने इसके संकेत भी दिए हैं और कहा है कि असली तस्वीर चुनाव के बाद ही सामने आएगी। इस बीच डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने भी स्वीकार किया है कि चुनाव के बाद कुछ भी हो सकता है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि विधानसभा चुनाव 'अजब' है और 23 नवंबर को परिणाम घोषित होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कौन गुट किसका समर्थन कर रहा है। फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और भाजपा के गठबंधन 'महायुति' को कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) पर बढ़त हासिल है। ये चुनाव अजीब हैं। नतीजों के बाद ही पता चलेगा कि कौन किसके साथ है। महायुति के भीतर आंतरिक विरोधाभास है।

### एमवीए की स्थिति भी अच्छी नहीं

फडणवीस ने कहा-एमवीए को भी विरोधाभासी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' एमवीए के चुनाव प्रचार अभियान के जवाब में गढ़ा गया है। उनके सहयोगियों अशोक चव्हाण और पंकजा मुंडे के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री अजित पवार इसके 'मूल' अर्थ को समझने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि एमवीए में भी चुनाव परिणामों के बाद बड़ा बदलाव होगा। शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के एकजुट रहने में संदेह है।

### उद्धव के लिए भाजपा के दरवाजे बंद

फडणवीस ने कहा है कि उद्धव ठाकरे के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हो चुके हैं। महाराष्ट्र में पार्टी भविष्य में उनके साथ नहीं जाएगी। शिंदे को सीएम बनाने की जानकारी मुझे पहले से थी। मैं मुख्यमंत्री या अध्यक्ष किसी भी रेस में नहीं हूं। शरद पवार परिवार और पार्टी तोड़ने के मामले में महारथी हैं। एनसीपी और शिवसेना अपनी अति महत्वाकांक्षाओं के कारण टूटीं। उद्धव सीएम बनना चाहते थे, इसलिए उन्होंने हमसे नाता तोड़ लिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद वे आदित्य ठाकरे को आगे लाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने एकनाथ शिंदे को सफोकेट करने की कोशिश की। सत्ता के लिए उद्धव हिंदू विरोधियों के साथ चले गए।

## अब अमित शाह के हेलिकॉप्टर की हुई चेकिंग

**चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बैग और बाकी सामान की जांच की**

**हिंगोली, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर में रखे बैग और बाकी सामान की जांच की। अधिकारियों ने इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई। शाह ने अपने हेलिकॉप्टर की जांच की जानकारी एक्स पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- आज महाराष्ट्र के



हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है। साथ ही माननीय चुनाव आयोग के बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है। बता दें कि चुनाव आयोग के अधिकारी अब तक उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे और नितिन गडकरी जैसे अनेक नेताओं की जांच कर चुके हैं। जब उद्धव ठाकरे की जांच हुई थी, तब विवाद भी हुआ था।

## श्रीलंका: दिसानायके के गठबंधन की जीत

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका के संसदीय



चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की जीत हुई है। एनपीपी ने जिलों के आधार पर तय होने वाली 196 सीटों में से 141 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। एनपीपी को 61 प्रतिशत यानी 68 लाख वोट मिले हैं। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाले नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट को 5 प्रतिशत वोट और 3 सीटें ही मिली हैं। वहीं राजपक्षे परिवार की श्रीलंका पीपल्स फ्रंट (एसएलपीपी) पार्टी 2 सीटों के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। इसके साथ ही 29 सीटों को सभी पार्टियों के बीच वोटिंग प्रतिशत के आधार पर बांट दिया गया है।

## कांग्रेस में किसने कहा अनुच्छेद-370 बहाल किया जाएगा

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमित शाह से पूछा सवाल, लगाया झूठ फैलाने का आरोप

**पुणे, जेएनएन।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे का खंडन किया कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को बहाल करने का इरादा रखती है। उन्होंने शाह से पूछा कि कांग्रेस में किसने कहा कि अनुच्छेद-370 को बहाल किया जाएगा। अमित शाह अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हैं। लेकिन वह स्वयं झूठ फैला रहे हैं कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद- 370 वापस लाना चाहती है। वह मुझे बताएं कि ऐसा किसने और कब कहा। वह इस मुद्दे को लोगों को विभाजित करने के लिए जीवित रखना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र करते हुए कांग्रेस



अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के एक नेता कह रहे हैं कि बटेंगे तो कटेंगे। खड़गे ने इस तरह के नारे को गढ़ने के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया। देश एकजुट है। कांग्रेस ने देश को एकजुट रखने का काम किया है। देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपने जीवन का बलिदान दिया। वह कांग्रेस ही थी, जिसने संविधान में आरक्षण का प्रविधान किया। जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब आंबेडकर ने नौकरियों और शिक्षा में एससी-एसटी के लिए कोटा को मंजूरी देने के लिए काम किया।

### एमवीए सरकार बनने पर महिलाओं को 3 हजार रुपए देने का वादा

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और निवेश जैसे मुद्दों पर नहीं बोल रही है। उन्होंने महाविकास आघाड़ी (एमवीए) की सरकार बनने पर राज्य की प्रत्येक महिला को 3,000 रुपए देने का वादा किया। खड़गे ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला करते हुए बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सुरक्षित हैं नारों की आलोचना की। इसे विभाजनकारी बताया। कहा कि पीएम मोदी को अपने प्रदर्शन और कार्य विचारधारा के बारे में बोलना चाहिए। झूठ फैलाने से बचना चाहिए।

## ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति कैनेडी के भतीजे को स्वास्थ्य-मंत्री बनाया

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सरकार के अहम पदों पर नियुक्तियां कर रहे हैं।



ट्रम्प ने गुरुवार को रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया है। उनके पास अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग की जिम्मेदारी होगी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा-मैं रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को स्वास्थ्य और मानव सेवा के मंत्री के तौर नियुक्त करने पर खुश हूं। अमेरिकी नागरिकों को लंबे समय तक दवा कंपनियों ने कुचला है।

## शरद पवार ने मानी उद्योगपति गौतम अडानी के घर मीटिंग होने की बात

### यह दावा जरूर किया कि अडानी उस समय घर पर नहीं थे

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर जारी सरगर्मी के बीच एनसीपी नेता अजित पवार ने दावा किया था कि 5 साल पहले एनसीपी के एनडीए में शामिल होने को लेकर



शरद पवार की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से उद्योगपति गौतम अडानी के घर पर मुलाकात हुई थी। अजित पवार के उस दावे को अब शरद पवार ने स्वीकारते हुए सही बता दिया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भले ही बैठक अडानी के घर पर हुई थी, लेकिन उस समय अडानी घर पर ही नहीं थे। बैठक में अमित शाह मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि अगर वे एनडीए में शामिल हो जाते तो उनके और उनके नेताओं के खिलाफ चल रहे केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े केस खत्म हो जाते।

### यह बोले थे अजित

बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अजित पवार ने कहा था कि 2019 में शरद पवार और अमित शाह के बीच एनडीए में एनसीपी को शामिल करने को लेकर बातचीत हुई थी और यह बैठक गौतम अडानी के घर पर हुई थी। गौरतलब है कि 2019 में चुनाव के बाद अचानक अजित पवार ने एनडीए में जाने का ऐलान किया था और मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले देवेंद्र फडणवीस के साथ डिप्टी सीएम पद की शपथ ले ली थी।

## इजराइल की सीरिया पर एयर स्ट्राइक, 15 की मौत



**दमिश्क, जेएनएन।** इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क और उसके पास के एक इलाके पर हवाई हमले किए। इनमें 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। दमिश्क के माजेह इलाके और कुदसाया उपनगर में दो इमारतों पर हमला हुआ। माजेह में एक पांच मंजिला इमारत का बेसमेंट मिसाइल से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद संगठन के ठिकानों को निशाना बनाया।

## अब आधे घंटे में दिल्ली से अमेरिका!

### कमाल करने की तैयारी में एलन मस्क की कंपनी

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दुनिया के किसी भी प्रमुख शहर में एक घंटे से भी कम समय में पहुंचा देगी। दिल्ली से अमेरिका महज आधे घंटे में पहुंचा जा सकेगा। स्पेसएक्स के स्टेनलेस स्टील से बनने वाले स्टारशिप की मदद से यात्री एक जगह से दूसरी जगह कुछ ही समय में पहुंच सकेंगे। यह स्पेसक्राफ्ट लगभग 395 फीट लंबा होगा और काफी रफ्तार में चलेगा। विवेक रामास्वामी के साथ डीओजीई का नेतृत्व करने जा रहे मस्क ने कहा है कि उनके स्टारशिप रॉकेट से पृथ्वी से पृथ्वी की अंतरिक्ष यात्रा की उनकी योजना अब ट्रंप के चुनाव में मिली जीत के बाद संभव है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के बारे में स्पेसएक्स ने लगभग एक दशक पहले ही कल्पना कर ली थी।




इसमें हजार यात्रियों के बैठने की जगह होगी और यह धरती पर मौजूद सबसे शक्तिशाली रॉकेट की तरह होगा। यह धरती से अंतरिक्ष के जरिए पृथ्वी पर एक जगह से दूसरी जगह पर जाएगा। स्टारशिप लॉसएंजेलेस से टोरंटो महज 24 मिनट में ही पहुंचा सकेगा। वहीं लंदन से न्यूयॉर्क तक पहुंचने में महज 29 मिनट लेंगे। वहीं दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिसको तक पहुंचने में महज आधे घंटे का ही समय लगेगा।

## प्लीज माफ कर दो दोबारा ऐसा नहीं होगा

**दिवाली पार्टी में मांसाहार परोसने पर ब्रिटिश पीएम ऑफिस ने मांगी माफी**

**लंदन, जेएनएन।** दिवाली रिसेप्शन पार्टी में मांसाहारी खाना और शराब परोसकर आलोचना का सामना कर रहे ब्रिटिश प्रधानमंत्री कार्यालय ने अब माफी मांगी है। कार्यालय की तरफ से शुक्रवार को कहा गया कि हम हिंदु समुदाय की चिंता को समझते हैं और आश्वासन देते हैं कि भविष्य में होने वाले किसी भी समारोह में ऐसा नहीं होगा। 10 डाउनिंग स्ट्रीट की तरफ से यह बयान ब्रिटिश भारतीय कंजर्वेटिव सांसद शिवानी राजा द्वारा पीएम को पत्र लिखने के बाद सामने आया है।

## मूर्ति 70 घंटे काम वाले बयान पर अब भी कायम

### कहा- अगर पीएम मोदी हफ्ते में 100 घंटे काम कर सकते हैं, तो हम क्यों नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिग्गज आईटी फर्म इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर एनआर नारायणमूर्ति सख्त वर्क कल्चर के हिमायती हैं। वह कई बार कह चुके हैं कि लोगों को हफ्ते में 70 घंटे काम करना चाहिए। इस बात को लेकर उनकी काफी आलोचना भी हो चुकी हैं। हालांकि, कई लोग उनकी बात का समर्थन भी करते हैं। नारायणमूर्ति ने एक बार फिर अपने 70 घंटे वाले बयान का बचाव किया है। उनका कहना है कि कठिन मेहनत ही भारत को तरक्की की राह पर ले जाएगी। मेरा साफतौर पर मानना है कि लोगों को 70 घंटे काम करना चाहिए। माफ कीजिएगा, मेरा विचार बदला नहीं है। यह विचार अब मरने तक मेरे साथ रहेगा। 1986 में जब




भारत 6 डे वर्किंग वीक से 5 डे वर्किंग वीक पर शिफ्ट हुआ, तो मुझे काफी दुख हुआ। अगर देश को विकसित करना है, तो आराम नहीं बल्कि कुछ त्याग करना होगा। नारायणमूर्ति ने पीएम मोदी का भी जिक्र किया। पीएम मोदी तो हफ्ते में 100 घंटे काम करते हैं। अगर वह इतनी मेहनत कर सकते हैं, तो हम क्यों नहीं। नारायणूर्ति ने भारतीय नागरिकों को जर्मनी और जापान से सीख लेने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध ने जर्मनी और जापान को बर्बाद करके रख दिया था। लेकिन दोनों देशों ने कड़ी मेहनत की और फिर से अमीर बन गए।

### बिजनेस स्कूलों से चुनें आईएएस-आईपीएस

नारायणूर्ति ने पीएम नरेंद्र मोदी से अपील की है कि आईएएस-आईपीएस अधिकारियों को बिजनेस स्कूलों से भी चुना जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए सिर्फ यूपीएससी एग्जाम पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसके बजाय मैनेजमेंट स्कूलों से सिविल सेवा अधिकारियों के चयन पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने इकोनॉमी की रफ्तार देने के मामले में शानदार काम किया है। वह अब इस बात पर गौर कर सकते हैं कि सरकार में क्या हमें प्रशासकों के बजाय मैनेजर्स की अधिक जरूरत है।

## दोस्ती इतनी मजबूत हो कि लोग देखकर जलें: निमरत

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ कथित रिलेशन को लेकर कुछ लोग निमरत कौर की आलोचना कर रहे हैं और उन्हें ऐश्वर्या और अभिषेक के रिश्ते में दरार का कारण मान रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया है। अफवाहें तब शुरू हुईं, जब ऐसी खबरें आईं कि 2022 में फिल्म दसवीं की शूटिंग के दौरान अभिषेक और निमरत की दोस्ती गहरी हो गई थी। इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते को लेकर बातें होने लगीं। ऐश्वर्या के प्रशंसकों का मानना है कि अभिषेक की इस दोस्ती के कारण ऐश्वर्या के साथ उनके संबंधों में खटास आई है। इन अफवाहों के बीच, निमरत कौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील साझा की। इस रील में वह एक ट्रेंडिंग डायलॉग पर



लिप-सिंक करते हुए कह रही हैं कि दोस्ती इतनी मजबूत होनी चाहिए कि लोग इसे देखकर जलें। निमरत ने कहा कि लोग हमेशा गपशप करेंगे, लेकिन इससे वह विचलित नहीं होतीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित करती हैं और इन अफवाहों पर ध्यान नहीं देतीं। निमरत का कहना है कि वह अपने करियर और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने में विश्वास करती हैं, और ऐसी अफवाहें उनके लिए मायने नहीं रखतीं। बता दे कि बॉलीवुड अभिनेत्री निमरत कौर इन दिनों सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। अफवाहें चल रही हैं कि उनके और अभिनेता अभिषेक बच्चन के बीच कोई खास रिश्ता है।

## और जहरीली हुई दिल्ली की हवा, 5वीं तक के स्कूल बंद

### हरियाणा, यूपी और राजस्थान की बसों पर रोक, अमेरिकी सैटेलाइट से भी दिखा प्रदूषण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली में प्रदूषण गुरुवार को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां 39 पॉल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 32 ने एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को गंभीर बताया है। इस हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। बच्चे ऑनलाइन क्लास में पढ़ेंगे। एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने रोक लगा दी है। सीएनजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट दी गई है। इस बीच, अमेरिकी साइंटिस्ट हीरेन जेठवा ने 14 नवंबर को दिल्ली की सैटेलाइट इमेज शेयर की हैं। इसमें दिल्ली में घना स्मॉग दिखाई दे रहा है। हीरेन अमेरिका की मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में एरोसोल रिमोट सेंसिंग साइंटिस्ट हैं। हीरेन की फोटोज नासा ने भी शेयर की हैं। बता दें कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार सुबह ही कहा था, दिल्ली में प्रतिबंध लागू नहीं



किए जाएंगे। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी सरकार की निष्क्रियता के कारण प्रदूषण की स्थिति दिल्ली के आसपास के इलाकों से भी बदतर हो गई है। राजपथ जैसे इलाकों में भी एक्यूआई 450 से ज्यादा है। उन्होंने कहा- दिल्ली के लोग चाहते हैं कि गोपाल राय अपना पद छोड़ दें।

### फिलहाल राजधानी को राहत नहीं मिलेगी

पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि दिल्ली को फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। उधर, पंजाब-चंडीगढ़ में धुंध का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में दो दिन घने कोहरे का अलर्ट है। यूपी और पंजाब में 16 नवंबर तक, हिमाचल में 18 नवंबर तक रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाएगा। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड में 16 नवंबर तक धुंध का अनुमान है।

### प्रदूषण कम करने ये पाबंदियां लगाई गईं

- दिल्ली-एनसीआर में निर्माण, खनन और तोड़फोड़ पर रोक रहेगी।
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहन नहीं चलेंगे।
- दिल्ली में बीएस-3 डीजल के इमरजेंसी व्हीकल के अलावा इस स्तर के सभी मीडियम गुड्स व्हीकल पर रोक रहेगी।
- मशीन से सड़कों की सफाई की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने और हैवी ट्रैफिक वाले रूट पर पीक आवर से पहले पानी का छिड़काव करने जैसे उपाय किए जाएंगे।

## हिमाचल से लाए 8 करोड़ की चरस भोपाल, इंदौर में खपाने की थी तैयारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में पकड़ी गई आठ करोड़ की साढ़े आठ किलो चरस हिमाचल के कासोल से लाई गई थी। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह इसे भोपाल, इंदौर व राजगढ़ में खपाने की तैयारी में थे। इधर, शहर में नशा तस्करों के साथ उसका सेवन करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने मुहिम छोड़ रखी है। दो दिन में पुलिस ने 50 लोगों को चिलम में गांजा पीते हुए दबोचा है। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि गुरुवार को वे हिमाचल के कासोल से उत्तरप्रदेश के रास्ते चरस लेकर खजूरी सड़क पहुंचे थे। योजना के अनुसार भोपाल, इंदौर और राजगढ़ के फुटकर सप्लायर चरस खरीदने यहां पहुंचने वाले थे। यहां से भारी मात्रा में चरस खरीदकर वे अपने इलाकों में इसे बेचते। आरोपी इससे पहले भी मादक पदार्थ तस्करी कर चुके हैं, इनमें से आमिर कुरैशी के विरुद्ध 2016 में मंगलवारा थाना में एनडीपीएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। बता दें क्राइम ब्रांच पुलिस ने गुरुवार को बरखेड़ा सालम जोड़ पर न्यू विक्की ढाबा के पास कार सवार आमिर कुरैशी, उसकी पत्नी जाहिदा व प्रतीक मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इनके पास से आठ किलो 400 ग्राम चरस, दो लाख रुपये नकद, पांच मोबाईल फोन एवं एक कार जब्त की गई थी।

**पुलिस ने 2 दिन में चिलम में गांजा पीने वाले 50 लोगों पर की कार्रवाई**

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

77,580

-110

**Nifty 50 Top5 Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Eicher Motors | 4,973.00 | 6.43% |
| Hero Motocorp | 4,630.00 | 1.87% |
| HDFC Life | 696.70 | 1.31% |
| Reliance | 1,272.60 | 1.24% |
| Kotak Mahindra | 1,712.60 | 1.19% |

**Nifty 50 Top5 Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| HUL | 2,383.70 | -3.07% |
| TATA Cons. Prod | 922.00 | -2.91% |
| Britannia | 4,901.00 | -2.59% |
| BPCL | 296.40 | -2.50% |
| Nestle | 2,178.40 | -2.35% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 84.40 |
| € यूरो | 88.80 |
| ¥ येन | 05.39 |
| £ पौंड | 107.01 |

# भारतीय बाजार जल्द ही पकड़ेगा रफ्तार? सीएलएसए की रिपोर्ट से बाजार में खलबली

**मुंबई, जेएनएन।** वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी सीएलएसए ने भारतीय शेयर बाजारों से निकलकर चीन में निवेश करने के अपने शुरुआती रणनीतिक बदलाव को पलट दिया है. ब्रोकरेज फर्म ने चीन में निवेश घटाते हुए भारत में निवेश बढ़ाने का फैसला किया है। सीएलएसए ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद चीनी बाजारों के सामने चुनौतियां आ सकती हैं, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है। अगर इस रिपोर्ट से भारतीय बाजार में विदेशी निवेश बढ़ना शुरू हो जाता है तो यह संभव है कि बाजार में तेजी लौट आए, लेकिन तेजी कितनी होगी। इसका सटीक अंदाजा लगाना अभी भी मुश्किल है।



### क्यों पलटा अपना फैसला?

ब्रोकरेज ने कहा कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में व्यापार युद्ध बढ़ सकता है, जबकि इस समय चीन की वृद्धि में निर्यात की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। सीएलएसए ने अक्टूबर की शुरुआत में भारत में अपना निवेश कुछ कम करने हुए, चीन में निवेश बढ़ाया था। ब्रोकरेज ने कहा कि अब वह इस प्रक्रिया को उलट रहा है, यानी भारत में निवेश फिर से बढ़ाने जा रहा है।

रिलायंस पर जताया है भरोसा विदेशी ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए (CLSA) ने हाल ही में रिलायंस के शेयर को लेकर भी अपनी रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि आने वाले समय में रिलायंस के शेयर में मौजूदा स्तर से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना है। वर्तमान में रिलायंस का शेयर बाजार में लगभग 1266 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। हालांकि पिछले एक महीने में शेयर में 7.70 प्रतिशत की गिरावट आई है। फिर भी सीएलएसए का मानना है कि यह गिरावट निवेशकों के लिए एक अवसर है। विशेषकर उन निवेशकों के लिए, जो लंबी अवधि के दृष्टिकोण से रिलायंस में निवेश करना चाहते हैं। एक तरफ भारतीय शेयर बाजार से एफआईआई ने अब तक 1.40 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की निकासी की। वहीं घरेलू लेवल पर भी देश के शेयर बाजार में बदलाव आ रहा है। देश के छोटे शहर अब निवेशकों के नए गढ़ बन रहे हैं। देसी निवेशक लगातार भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों के अलावा जयपुर, इंदौर, राजकोट, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद, पटना जैसे शहरों में भी घरेलू निवेशक बढ़ रहे हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़े बताते हैं कि सालाना आधार पर बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान में घरेलू निवेशकों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि हुई है।

### कब सुधरेंगे बाजार के हालात

हालांकि मौजूदा परिस्थिति में सवाल ये है कि क्या एफआईआई का भारतीय शेयर बाजार से खिसकना घरेलू निवेशकों के लिए परेशानी का कारण बनेगा। आखिर घरेलू निवेशक कब तक बाजार में सुधार की उम्मीद रख सकते हैं। इसे लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि कम से कम छह माह तक उन्हें ये इंतजार करना होगा। बाजार विशेषज्ञ एन. एन. कौल के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक साथ कई गतिविधियों के चलते एफआईआई का रुझान चीन, अमेरिका की बाजार और बिटक्वाइन की तरफ है। चीन शंघाई कम्पोजिट में तेजी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है. वहीं भारत का शेयर बाजार अभी ओवर वैल्यूड है। एक्सपर्ट अरुण सिंह का कहना है कि थोड़ा समय लगेगा लेकिन घरेलू निवेशकों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### क्या कहती है रिपोर्ट?

सीएलएसए का कहना है कि रिलायंस का 40 बिलियन डॉलर का नया एनर्जी बिजनेस जल्द बाजार में रफ्तार भर सकता है। कंपनी की 20 गीगावॉट की सोलर गीगाफैक्ट्री अगले 3-4 महीनों में लॉन्च के लिए तैयार है। सीएलएसए ने सोलर बिजनेस के लिए 30 बिलियन डॉलर का वैल्यूएशन दिया है, जो कि वर्तमान में लिस्टेड सोलर कंपनियों के मुकाबले छूट पर है। इसके बावजूद, रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस का शेयर नए एनर्जी बिजनेस के जीरो वैल्यू पर रेनी-डे वैल्यूएशन के पांच प्रतिशत रेंज में ट्रेड कर रहा है।

# अब महंगी हो सकती है सीएनजी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगर आप सीएनजी की गाड़ी चलाते हैं, तब आपको अपना बजट दोबारा बनाने की जरूरत है। आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसकी वजह सरकार का एक महीने की अवधि में गैस कंपनियों को घरेलू कोटे से मिलने वाली गैस की सप्लाई में कटौती करना है। सरकार ने पहले 16 अक्टूबर को इसमें कटौती की और अब 16 नवंबर से एक बार फिर कटौती होने जा रही है। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी और पीएनजी की सप्लाई करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड का कहना है कि कंपनियों के घरेलू गैस आपूर्ति में कटौती करने से उनकी प्रॉफिटेबिलिटी पर असर होगा। सरकार ने इस आपूर्ति में लगातार दो बार कटौती की है। सरकार के घरेलू गैस आपूर्ति में कटौती करने का असर कंपनियों की वित्तीय सेहत पर पड़ेगा। उनकी प्रॉफिटेबिलिटी कम होगी, तो कंपनियां इसकी भरपाई ग्राहकों से करने को मजबूर होंगी। घरों में पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी सप्लाई करने वाली कंपनियों के डोमेस्टिक सप्लाई कोटे में अब 20 प्रतिशत की कटौती की गई है। जबकि इससे पहले 16 अक्टूबर को इसमें 21 प्रतिशत की कटौती की गई थी।




गैस कंपनियों को घरेलू तौर पर उत्पादित होने वाली गैस की सप्लाई सस्ती पड़ती है। इस तरह उनकी ओवरऑल लागत में कमी आती है और वह कम दाम पर लोगों को पीएनजी एवं सीएनजी की आपूर्ति कर पाती हैं। जबकि इस कटौती के बदले में उन्हें विदेश से आयात की जाने वाली गैस खरीदनी होगी, जो महंगी होती है।

### गेल की ओर से भेजी गई है जानकारी

आईजीएल का कहना है कि गेल (इंडिया) लिमिटेड ने जो सूचना भेजी है, उसके हिसाब से 16 नवंबर 2024 से गैस कंपनियों को घरेलू गैस सप्लाई के कोटे से मिलने वाली गैस में कटौती की गई है। यह पिछले आवंटन से करीब 20 प्रतिशत कम है। इससे कंपनी के मुनाफे पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। सरकार के निर्धारित मूल्य पर वर्तमान में 6.5 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमबीटीयू) पर आईजीएल को घरेलू गैस आवंटन मिलता है। इसका विकल्प आयातित गैस है, जिसकी कीमत घरेलू गैस की कीमत से दोगुनी है।

## शार्क टैंक के बाद अब शेयर बाजार में तहलका मचाने आ रहे हैं Boat के अमन गुप्ता

**मुंबई, जेएनएन।** शार्क टैंक के जज और हेडफोन और इयरफोन बनाने वाली कंपनी बोट के मालिक अमन गुप्ता अब शेयर बाजार में तहलका मचाने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, डेली वियर वाच और ऑडियो प्रोडक्ट्स बनाने वाला ब्रांड बोट अगले साल 4000 हजार करोड़ का आईपीओ लाने जा रहे हैं। उन्होंने आईपीओ के लिए ICICI सिक्योरिटीज, गोल्डमैन सैक्स और नोमुरा को बैंकर के रूप में अंतिम रूप दिया है। बोट 1.5 अरब डॉलर से अधिक के मूल्यांकन का लक्ष्य रख सकती है। बोट ने 2022 में सार्वजनिक पेशकश के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए थे, लेकिन बाजार की स्थितियों का हवाला देते हुए उन योजनाओं को रोक दिया और मौजूदा निवेशक वारबर्ग पिंकस और नए निवेशक मालाबार इन्वेस्टमेंट्स से लगभग 1.2 बिलियन डॉलर की न्यूनतम मूल्यांकन सीमा पर परिवर्तनीय पसंदीदा स्टॉक नोट्स के माध्यम से निजी पूंजी में 60 मिलियन डॉलर जुटाए। कंपनी ने घाटे को आधा करके 70.8 करोड़ रुपये कर दिया. यही नहीं आईपीओ की खबर आने से पहले त्योहारी सीजन के दौरान ऑडियो सेगमेंट की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. वहीं, वियरेबल्स सेगमेंट सुस्त है। मार्केट ट्रैकर आईडीसी के अनुसार, जून तिमाही के दौरान वियरेबल्स सेगमेंट के शिपमेंट में 10त्न की साल-दर-साल आधार पर गिरावट दर्ज गई। वियरेबल्स सेगमेंट में वायरलेस ऑडियो डिवाइस और स्मार्टवॉच शामिल हैं।



**कैसे हुई थी कंपनी की शुरुआत:** अमन गुप्ता ने अपने बिजनेस पार्टनर समीर मेहता के साथ 2014 में ड्डश्रड्ड कंपनी की शुरुआत की थी. उस समय अमन के पास ज्यादा पैसे नहीं थे, और वो ऑफिस का खर्च नहीं उठा सकते थे इसलिए उन्होंने दिल्ली के हौज खास में एक को-वर्किंग स्पेस लिया हुए वहीं अपना काम शुरू किया. मात्र 30 लाख रुपए से उन्होंने बिजनेस की शुरुआत की थी और आज ये कंपनी 11,500 करोड़ की है।

## एसबीआई ने 1.25 अरब डॉलर का लोन लेने का प्लान बनाया, यह इस साल का सबसे बड़ा डॉलर लोन होगा

**मुंबई,जेएनएन।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने 1.25 अरब डॉलर का लोन लेने का प्लान बनाया है। यह इस साल किसी बैंक की तरफ से डॉलर में लिया जाने वाला सबसे बड़ा लोन होगा। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। पांच साल के इस लोन को हासिल करने में सीटीबीसी बैंक, एचएसबीसी होल्डिंग्स और ताइपेई फुबोन बैंक एसबीआई की मदद कर रहे हैं। इस लोन पर एसबीआई को सेक्योर्ड ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट से 92.5 बेसिस प्वाइंट्स ज्यादा इंटरेस्ट चुकाना होगा। सूत्रों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। एसबीआई देश का सबसे बड़ा बैंक है।




### गुजरात की ब्रांच के जरिए लोन लेगा एसबीआई

एसबीआई गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी स्थित अपनी ब्रांच के जरिए यह लोन ले रहा है। लोन के पैसे का इस्तेमाल सामान्य कारोबारी जरूरतों के लिए होगा। इस बारे में एसबीआई को भेजे मेल का कोई जवाब नहीं मिला है। एसबीआई कुछ लोकल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस के साथ मिलकर यह फॉरेन करेंसी लोन जुटा रहा है। एनबीएफसी ने इंडिया में सख्त नियमों की वजह से डॉलर में लोन जुटा रही हैं। एनबीएफसी को अपने कारोबार के विस्तार के लिए पैसे की जरूरत है।

### डॉलर लोन की वैल्यू 27 फीसदी कम

चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी 30 करोड़ डॉलर का लोन जुटा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा 75 करोड़ डॉलर का लोन जुटा रहा है। विदेश से डॉलर में लोन जुटाने की इन कोशिशों के बावजूद इस साल डॉलर में जुटाए गए लोन की वैल्यू 27 फीसदी घटकर 14.2 अरब डॉलर रही है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग के डेटा पर आधारित है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल पर आरोप लगाने वाली महिला मेजर को राहत नहीं

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने लेफ्टिनेंट कर्नल पर शोषण का आरोप लगाने वाली महिला मेजर को राहत नहीं दी। कोर्ट ने साफ किया कि इस प्रकरण में जांच पूरी हो चुकी है, जो याचिकाकर्ता के विरुद्ध है। लिहाजा, हाई कोर्ट दखल नहीं देगा। महिला मेजर की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि सीओडी में वर्ष 2020 में उसकी पदस्थापना हुई थी। सीएमएम में एडवांस मटेरियल मैनेजमेंट कोर्स करने के दौरान जनवरी, 2021 से आठ नवम्बर, 2021 के दौरान वहां पर पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल ने आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए बदनीयति से उसका हाथ पकडने की कोशिश की थी। घटनाक्रम की शिकायत उच्च अधिकारियों से किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद सात अप्रैल, 2021 की शाम आयोजित परीक्षा के दौरान फैकल्टी रूम में सिर्फ लेफ्टिनेंट कर्नल थे और उन्होंने एक बार फिर याचिकाकर्ता से आपत्तिजनक बातें कीं। जिसके बाद आंतरिक शिकायत समिति को शिकायत की गई। जांच के उपरांत 31 दिसंबर, 2021 को जांच समिति ने याचिकाकर्ता को ही दोषी पाते हुए जांच के आदेश दे दिए। याचिकाकर्ता के विरुद्ध जारी चार्जशीट को आर्म फोर्स ट्रिब्यूनल में चुनौती दी गई थी। जहां से राहत न मिलने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान केन्द्र शासन की ओर से डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेन्द्र यादव ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट ने सभी बिंदुओं पर गौर करने के बाद याचिकाकर्ता को किसी तरह की राहत देने से मना कर दिया।

## मां ने पोहा बनाने को कहा तो 15 साल की बेटी ने दी जान

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में 15 साल की किशोरी अपने घर में फांसी के फंदे पर लटके मिली है। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी को पोहा बनाने को उसकी मां ने कहा था, यह बात उसे इतनी नागवार गुजरी कि उसने सुसाइड कर लिया। पिपलानी पुलिस जांच में जुटी है। एसआइ विजय सिंह ने बताया कि जेके रोड स्थित राज सम्राट कालोनी निवासी नितिन दुबे की 15 साल की बेटी नंदिनी दुबे की कोरोना काल में पांचवीं-छठवीं की पढ़ाई छूट गई थी। नितिन दुबे ने पुलिस को शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे पत्नी को पोहा बनाने के लिए कहा। पत्नी किसी काम में व्यस्त थीं तो उन्होंने बेटी नंदिनी से पोहा बनाने को कहा। वह मना करते हुए गुस्से में अपने कमरे में चली गई। थोडी देर बाद नितिन कमरे में पहुंचे तो बेटी फंदे पर लटकी मिली।

## 1100 क्वार्टर के महावीर नगर का मामला
# सफाई कराने के लिए बीजेपी नेता ने बीच सड़क पर छुए सफाई दरोगा के पैर

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में बीजेपी के जिला मंत्री ने नगर निगम के सफाई दरोगा के बीच सड़क पर हाथ जोड़े और पैर छू लिए। हाथ जोड़कर कहा- वार्ड में सफाई करा दो। इस पर दरोगा ने जवाब दिया- दिखावा मत करो। बाद में नेता जी के वार्ड में सफाई करा दी गई। मामला राजधानी के 1100 क्वार्टर के महावीर नगर में शुक्रवार सुबह 11 बजे का है। यहां हनुमान मंदिर के पास सफाई दरोगा सुमित गजभिए अपने स्टाफ के साथ मौजूद थे। इसी बीच बीजेपी के जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा भी पहुंच गए। बीजेपी के जिला मंत्री विश्वकर्मा अपने वार्ड में सफाई नहीं होने से नाराज थे। जैसे ही उन्हें पता लगा कि सफाई दरोगा सुमित क्षेत्र के ही हनुमान मंदिर के पास मौजूद हैं, वे पहुंच गए। विश्वकर्मा के साथ कुछ अन्य लोग भी थे। सुमित को देखते ही विश्वकर्मा उनके कदमों में झुक गए। इस पर सुमित ने पीछे हटते हुए कहा- दिखावा क्यों कर रहे हो? मैं दिखावा नहीं करता हूं। भैया ने बोल दिया है इसलिए मैंने मजदूर पहुंचा दिए हैं। इसके बाद भी विश्वकर्मा ने दरोगा से हाथ जोड़कर सफाई का आग्रह किया। यह पूरा मामला महापौर मालती राय तक भी पहुंचा। उन्होंने निगम के अफसरों से बात की। इसके बाद निगम अमले ने महावीर नगर पहुंचकर इलाके की सफाई कर दी।



### जनप्रतिनिधि भी कहें तो काम नहीं होता

वार्ड-48 में गंदगी का अंबार लगा था। सफाई दरोगा एवं अधिकारियों को बोलो तो भी समस्या का समाधान नहीं होता। दरोगा सुमित को पांच से छह बार आग्रह कर चुका हूं कि वह वार्ड में सफाई करवा दें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शुक्रवार को दरोगा के मंदिर के पास होने की जानकारी मिलने के बाद मैं वहां पहुंचा। दरोगा के हाथ जोड़ते हुए पैर पड़े और दोबारा सफाई का आग्रह किया।

### पार्षद बोले
### मैंने भी शिकायत की

वार्ड-48 से बीजेपी पार्षद अरविंद वर्मा ने कहा- मेरे पास भी दरोगा की शिकायतें आ रही हैं। वे रहवासियों के मोबाइल कॉल भी रिसीव नहीं करते हैं। चाहे पार्टी कार्यकर्ता हो या रहवासी, यदि वे समस्या बता रहे हैं तो उसका निराकरण दरोगा को करना चाहिए। कोई उन्हें घर का काम तो बताएगा नहीं। दरोगा की मनमर्जी की शिकायत मैंने भी महापौर से की है। इस मामले में महापौर राय ने कहा- नया दरोगा है। काम समझ में नहीं आ रहा है। क्षेत्र में बेहतर साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए हैं।

## जबलपुर में रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

जबलपुर। लोकायुक्त पुलिस ने कुंडम तहसील में पदस्थ पटवारी सनी द्विवेदी को शुक्रवार दोपहर 13 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सनी द्विवेदी ने पिपरिया गांव के रहने वाले जितेंद्र पटेल से उनकी जमीन की बही बनवाने के लिए 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। आवेदक जितेंद्र पटेल की शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार दोपहर तिलसानी गांव स्थित एक ढाबे से पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, जितेंद्र पटेल के पास पिपरिया गांव में 80 डिसमिल जमीन है, जिसमें उनके पिता और चार बुआओं के नाम शामिल हैं।

## पार्वो वायरस से मादा तेंदुए और उपचारित बीज खाने से हुई थी छह मोर की मौत

**जागरण, बुरहानपुर।** जिले की सीमा से लगे मेलघाट टाइगर रिजर्व और एक अन्य अभयारण्य से बाघ और तेंदुए जिले के जंगलों में आते-जाते हैं। यहां बीती 16 जुलाई को एक मादा तेंदुए का शव मिला था, जिसकी मौत पार्वो वायरस के कारण हुई थी। इसकी पुष्टि प्रयोगशाला से मिली विसरा जांच रिपोर्ट में हुई है। उप वन मंडलाधिकारी अजय सागर ने बताया कि इंदौर की प्रयोगशाला से तीन विसरा जांच रिपोर्ट मिली हैं। दो अन्य जांच रिपोर्ट मृत मोरों और बाघ की है। रिपोर्ट से पता चला है कि गत 24 फरवरी को बोदरली रेंज के रायगांव के पास हुई छह मोरों की मौत किसानों के केमिकल से उपचारित बीज खाने के कारण हुई थी, जबकि पांच अक्टूबर को नेपानगर के हसनपुरा गांव के पास जंगल में मृत अवस्था में पाए गए बाघ की मौत प्राकृतिक थी, उसकी आयु नौ वर्ष से ज्यादा हो चुकी थी। उल्लेखनीय है कि बीते माह मृत मिला बाघ का शव चार दिन पुराना होने के कारण गल गया था। इसके चलते पशु चिकित्सकों के पैनल को पीएम में मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया था। इसी तरह मृत मादा तेंदुए को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इसकी विसरा जांच रिपोर्ट करीब चार माह बाद विभाग को मिली है।

### दूसरे वन्यजीवों में पार्वो के लक्षण नहीं

उप वन मंडलाधिकारी अजय सागर ने बताया कि जंगल के दूसरे वन्यजीवों में पार्वो वायरस के लक्षण फिलहाल दिखाई नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा कि गश्ती दल को भी इस तरह की जानकारी अब तक नहीं मिली है। बावजूद इसके विभाग सतर्कता बरत रहा है और निगरानी बढ़ा दी गई है। वन्यजीवों की निगरानी के करीब 600 कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

**बयान** | हम तुम्हारी मस्जिदों में नहीं घुसते तो तुम हमारे यहां क्यों आओगे, हिंदू तुम्हारी मस्जिदों में घुसें तो जूते मारो

# धीरेन्द्र शास्त्री बोले-हम भारतीय आपस में बंटेंगे तो चीन-पाक वाले हमको काटेंगे

**जागरण, भोपाल।** बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे वाले बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय आपस में बंटेंगे तो चीन और पाकिस्तान वाले हमको काटेंगे। वहीं कुंभ में गैर हिंदुओं को एंट्री नहीं देने के अपने बयान पर भी धीरेन्द्र शास्त्री कायम हैं। उन्होंने कहा- हमने बिल्कुल कहा है कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। तुम हमारे यहां जाकर क्या करोगे? धंधा करके मूत्र कांड करोगे? थूक कांड करोगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा- हम तुम्हारी मस्जिदों में नहीं घुसते, तुम हमारे यहां क्यों आओगे? हमारे हिंदू तुम्हारी मस्जिदों में घुसें तो जूते मारो। धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को भोपाल में भाजपा विधायक संजय पाठक के निवास पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर कहा कि यह सही फैसला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कंगाल देश है वहां जाकर क्या करेंगे? वह भिखमंगा देश है।

### हम भारतीयों को बंटना नहीं है अगर बंटेंगे तो सच में कटेंगे

पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर कहा कि राजनीतिक दृष्टि से वह गलत है। लेकिन, सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो भारत के लोग अगर बंटेंगे तो चीन वाले काटेंगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा- किसी भी राजनेता के ऊपर आज तक हमने टिप्पणियां नहीं की हैं। ना कोई जवाब दिया है। ये हमारे स्वभाव में है, क्योंकि हमारा रास्ता आध्यात्मिक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महात्मा होने और कट्टर हिंदू होने के नाते नारा दिया तो यह बहुत अच्छा दिया है। लोगों ने अपनी-अपनी दृष्टि से देखा, लेकिन हमने इसको ऐसे देखा कि अगर हम भारतीय आपस में बंटेंगे तो, चीन वाले हमको काटेंगे, पाकिस्तान वाले हम लोगों को काटेंगे। हम लोगों को विदेशी ताकतें काटेंगी। उन्होंने कहा मक्का मदीना में हमें नहीं बुलाया जाता। आप इतने ही उदारवादी गंगा-जमुनी वाले हो तो मक्का मदीना में हमारी दुकान लगवा दो। हम भी गरीब ही हैं भैया। आपको त्रिवेणी का ज्ञान नहीं, संगम का ज्ञान नहीं, संतों के मान का पता नहीं, कथा का पता नहीं। खालसा क्या होते हैं, पंथ क्या होता है इसके बारे में पता नहीं। तो तुम हमारे यहां जाकर क्या करोगे?



### शास्त्री ने कहा- गजवा ए हिन्द वाले अपनी संख्या बढ़ा रहे

बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देने और सिलेंडर देने के ऐलान पर धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा इस देश में बहुत प्रायोजित तरीके से षड्यंत्र चल रहा है। विधर्मी लोग जिन्हें हिंदुत्व से बैर है, जिन्हें वंदे मातरम बोलने से दिक्कत है, जिन्हें राष्ट्रगान गाने से दिक्कत है। जिन्हें गजवा ए हिंद चाहिए। वह लोग अपनी संख्या बढ़ा रहे हैं। बच्चे भी ज्यादा पैदा कर रहे हैं और विदेशों में भी रहने वाले उनके इष्ट मित्र बांग्लादेश के रोहिंग्याओं को बुला-बुला कर भारतीय वोट बैंक को बढ़ाकर अपनी सत्ता जमाना चाहते हैं। इसलिए भारत की सरकार को, हमको और आपको इसी वक्त जागना पड़ेगा कि हम विदेशी शरणार्थियों को और देश विरोधियों को देश में पनाह नहीं देंगे।

### 21 नवंबर से धीरेंद्र शास्त्री शुरू करेंगे पदयात्रा

पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- 21 नवंबर से 29 नवंबर तक हिंदू एकता पदयात्रा है। भारत के सनातनियों को जगाने के लिए, जाति-पांति, ऊंच- नीच, भेदभाव को मिटाने के लिए यह पदयात्रा होगी। क्योंकि भारत पर अब करो या मरो की बारी है। भारत पर संकट भारी है इसलिए हम पदयात्रा करेंगे।

# संजय गांधी टाइगर रिजर्व में तीन साल बाद साथ दिखे बाघ-बाघिन

**जागरण, सीधी।** जिले के संजय टाइगर रिजर्व में कई साल बाद एक बार फिर से बाघ और बाघिन एक साथ दिखाई दिए हैं। इसका वीडियो एक पर्यटक ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। प्रबंधन के अनुसार वीडियो 2 नवंबर का है लेकिन ये वायरल शुक्रवार को हुआ। वीडियो में दिख रहे टी 28 बाघिन और टी 26 नर बाघ लगभग तीन साल बाद एक साथ दिखाई दिए हैं। उम्मीद है कि दोनों अब नई पीढ़ी को जन्म दे सकते हैं। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार 3 साल पहले दोनों एक साथ देखे गए थे। इसके बाद क्षेत्र में चार शावकों ने जन्म लिया था। वन विभाग के सीसीएस अमित दुबे ने बताया कि नर बाघ टी- 26 को बाघिन के संपर्क में लाने के लिए ही बांधवगढ़ से लाया गया था। इसके बाद यहां बाघों की संख्या बढ़ी है। संभव है कि इस बार भी बाघों का कुनबा एक बार फिर से बढ़े।



# बिरसा मुंडा जयंती को जनजाति गौरव दिवस समारोह के रूप में मनाया गया

## आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमेशा एकजुटता के साथ काम करने की आवश्यकता : कलेक्टर





**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज कलेक्टर सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर बिरसा मुंडा जी को नमन किया गया ।

**प्रधानमंत्री के भाषण का हुआ लाइव प्रसारण :** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए जा रहे लाइव प्रसारण पर लोगों ने प्रधानमंत्री के भाषण को सुना जिसमें आदिवासियों के विकास के लिए 6600 करोड़ की योजना का शुभारंभ, शिलान्यास, लोकार्पण बिहार के जिला जमुई में आयोजित कार्यक्रम द्वारा प्रसारण दिखाया गया। कलेक्टर मऊगंज ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस के रूप में बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाने के सरकार के द्वारा दिए गए आदेश के पालन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### कलेक्टर ने किया संबोधित

मऊगंज कलेक्टर जय श्रीवास्तव ने कहा कि बिरसा मुंडा जी देश के आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते रहे और देश एवं अपने समाज का मार्गदर्शन भी करते रहे। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमेशा एकजुटता के साथ काम करने की बात कही। युवा समाज भी उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास कर रहा है। अंग्रेजों की फूट डालो राज करो का विरोध बिरसा मुंडा जी ने किया था । अंग्रेजों ने छल से उन्हें कारागार में बंदी किया था जहां उनकी मृत्यु हो गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रवेश मिश्रा, एसडीएम मऊगंज बृजेंद्र पांडेय, एसडीएम हनुमना कमलेश पुरी, तहसीलदार सौरभ मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष मऊगंज बृजवासी पटेल, जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष नईगढी नागिता गुप्ता ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आपका सेवक आपके द्वार जनता का दरबार

# अन्नकोष के उद्घाटन के साथ जन समस्याओं को सुना गया







## विधायक नागेंद्र सिंह ने जनता के दरबार में निराकरण का दिलाया भरोसा

**गुढ़( नि.प्र )।** गुढ़ नगर परिषद वार्ड नं.14 स्थित श्री भागवत पैलेश में श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान के द्वारा जनहितार्थ जन सहयोग से स्थापित अन्नकोष का शुभारंभ गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के कर कमलों से मां अन्नपूर्णा जी के पूजन उपरांत संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर जन समस्याओं को जनता का दरबार लगाकर मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह के सामने सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि गुढ़ एड.अनंत कुमार गुप्ता ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ.अनुराग तिवारी, वरिष्ट समाजसेवी केदार नाथ गुप्ता, नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद गुढ़ के.एन.सिंह और विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव उपस्थित रहे।

**विकास कार्यों को विधायक के सामने किया प्रस्तुत :** नगर परिषद के सीएमओ द्वारा नगर में हुए विकास कार्यों की विधायक के समक्ष प्रस्तुत किया गया और चल रहे कार्यों को बताया गया साथ ही पेंडिंग पड़े कार्यों के संबंध में व्यवधानों के संबंध में चर्चा भी नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा की गई।

**जनता दरबार में आए 214 आवेदन :** जनता के दरबार में में दो सौ चौदह आवेदन आए सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली विभाग की आई उसके बाद दूसरे नंबर पर राजस्व विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई।और अन्य विभागों की समस्याएं बहुत कम आई। विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा बिजली विभाग की समस्याओं का समाधान करने अधिकारियों से बात की गई जिसे बहुत जल्द बात करके निपटाया जाएगा, उसकी समीक्षा भी विधायक द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन इंद्रेश मिश्रा द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह द्वारा किया गया। संस्थान के उद्देश्यों और संचालित जनसेवा के बारे में कार्यों का प्रस्तुतीकरण जन समूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रमुख रूप से अखिल भारतीय श्री खरे वैश्य समाज के राष्ट्रीय वरिष्ट उपाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय अंकेक्षक एड.अशोक कुमार गुप्ता, भाजपा के जिला महामंत्री अशोक सिंह गहरवार, मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र अवधिया, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र सिंह बघेल, पटवारी अंगद अहिरवार, संदीप कुमार शुक्ला, बी.के.पाण्डेय, वार्ड पार्षद जगदीश गौटिया, विमला रावत, एड.के टी निवास मिश्रा, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, कैलाश सोनी, निज सचिव नीलमणि मिश्रा, पीएस ओ रविन्द्र तिवारी, मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, काशी नाथ पटेल, अजीत तिवारी, कपिल पयासी, दिनेश दुबे, दिलीप दुबे, डॉ. शशिकांत द्विवेदी, राम प्रसाद गुप्ता, रामरक्षा गुप्ता, राजस्व निरीक्षक विजय बहादुर सिंह, उपयंत्री आशीष द्विवेदी, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी गुढ़ रेणुका मिश्रा, सुपरवाइजर अर्चना द्विवेदी, संगीता गुप्ता, सुचिता शर्मा, दीपक गुप्ता, शिवेश चतुर्वेदी, विकाश कुमार तिवारी, साक्षी त्रिपाठी, रावेंद्र मिश्रा, हीरालाल नामदेव, दामोदर प्रसाद नामदेव सहित एक हजार से ज्यादा की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नवोदय हाई स्कूल चौखंडी के छात्र-छात्राओं ने राम जन्मभूमि अयोध्या के किये दर्शन

## शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में अनुभव व ज्ञान का होता है इजाफा : गजेन्द्र सिंह

**अतरैला नि. प्र.।** नवोदय हाई स्कूल चौखंडी द्वारा विद्यार्थियों में अपने विरासत संबंधी सांस्कृतिक चेतना विकसित करने हेतु शैक्षणिक यात्रा के तहत राम जन्मभूमि अयोध्या का भ्रमण किया गया। विद्यालय के संचालक गजेन्द्र सिंह ने कहा की छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण से जहां उनके अनुभव एवं ज्ञान में इजाफा होता है। वहीं विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं।



### छात्रों ने इन जगहों का उठाया लुफ्त

शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को राम जन्मभूमि अयोध्या धाम प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर मानगढ़ धाम का भ्रमण कर छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण का आंनद उठाया।

**शैक्षणिक भ्रमण यात्रा में ये रहे शामिल :** विद्यालय के व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह तोमर, प्राचार्य राहुल कुमार वर्मा, बलदेव सिंह,नीरज केशरवानी, कमलाकर मिश्र, मंगलेश्वर साहू,आशुतोष तिवारी,अनुराग सिंह, निशा द्विवेदी, दीपांजलि सोनी,काजल सोनी, संकिता सिंह और कीर्ति केशरवानी सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण यात्रा में भाग लिया।

विरसा मुंडा जयंती के अवसर पर

# समाजवादी पार्टी ने तहसील कार्यालय जवा में दिया धरना

## मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार जवा को सौंपा

**जवा ब्यूरो ।** समाजवादी पार्टी तहसील ईकाई जवा द्वारा विरसा मुंडा जयंती के अवसर पर तहसील कार्यालय जवा में धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम का 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार जवा को सौपकर मांगों का निराकरण कराये जाने की मांग की है। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी सपा के बाबूलाल पहलवान अधिवक्ता शिव सिंह किसान नेता सचिव समाजवादी पार्टी का नेतृत्व रहा।



**धरने में ये रहे शामिल :** रामप्रताप सिंह प्रभारी रीवा, अशोक यादव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ राजमणि यादव, प्रदेश सचिव अमरेश पटेल, जिला अध्यक्ष रीवा रामचंद्र यादव, मीडिया प्रभारी रामकिशोर आदिवासी, विधानसभा अध्यक्ष उषा सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जवा सुखलाल कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष सिरमौर जवाहर लाल पाल, ब्लॉक अध्यक्ष जवा भागीरथी आदिवासी, रीता वर्मा, कैलाश यादव डीएल जायसवाल, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, रामवती भजवा सुरेखा माझी, जगतपाल पटेल, रामनरायण केवट सहित अन्य लोगों ने धरना मे अपने विचार रखे। दस सूत्री ज्ञापन पत्र नायब तहसील जवा को ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन धरना के आयोजक जगदीश सिंह यादव पूर्व जनपद सदस्य प्रदेश सचिव सपा के द्वारा रखा गया था ।

# प्रकाश कुमार पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि



**मऊगंज ब्यूरो।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के भूगोल विभाग के शोधार्थी प्रकाश कुमार पाण्डेय ने रीवा जिले में कृषि भूमि उपयोग में स्थानिक एवं सामयिक परिवर्तनः एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया। यह शोध डॉ. आलोक कुमार राय के संरक्षण में और डॉ. ए. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। 4 नवम्बर 2024 को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से उन्हें पीएचडी उपाधि से विभूषित किया गया।इस स्वर्णिम उपलब्धि के अवसर पर प्रकाश कुमार ने अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि यह सफलता उनके पूज्य पिता श्री हीरामणि पाण्डेय, माताजी श्रीमती गंगी पाण्डेय, और आदरणीय बाबा श्री रामलखन पाण्डेय के स्नेहिल आशीर्वाद का प्रतिफल है। उन्होंने विशेषरूप से डॉ. आलोक कुमार राय के प्रति अपना गहन आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सतत मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह शोधकार्य संभव नहीं हो पाता।

**इन्होने दी बधाई :** प्रकाश कुमार की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार आचार्य, डॉ. रवि मिश्रा, डॉ. श्रीमोहन त्रिपाठी, डॉ. शिवकुमार दुबे, डॉ. पी.के.पी. त्रिपाठी, डॉ. जी.पी. मिश्रा, बी पी पाण्डेय, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. हरित शर्मा, डॉ. अनवर खान, अशीम आनंद, ध्रुव, वृजगोपाल तिवारी, सौरभ सिंह, अभय पाण्डेय कमल नयन तिवारी विभाग संयोजक रीवा एबीवीपी तथा उनके समस्त मित्रों एवं सहकर्मियों ने अपार हर्ष और गर्व के साथ उन्हें हार्दिक बधाई दी।

# सेना के जवानों को सम्मानित करने का अवसर सौभाग्य से मिलता है : प्रमोद सिंह



**गढ़, नि.प्र.।** बाल दिवस के अवसर पर विशाल मार्डन पब्लिक स्कूल इटौरा में आयोजित कवि सम्मेलन में आयोजन समिति द्वारा सेवा निवृत्त सेना के जवानों, शिक्षकों, समाजसेवियों, चिकित्सकों व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महनीय जनों के साथ विद्यालयीन अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास सिंगौर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शिक्षक शिवेन्द्र द्विवेदी द्वारा गणेश वंदना से किया गया, कवि सम्मेलन के पूर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी, संचालन का कार्य शिक्षक सीमा पांडेय छात्रा रीना दिव्या एवं अमन और सूरज ने किया। कार्यक्रम के आयोजक विशाल मार्डन पब्लिक स्कूल इटौरा एवं रक्सेल टेंट हाउस रहे।

**इन्होंने दिया संबोधन :** समाजसेवी व विशाल मार्डन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद सिंह रक्सेल ने कहा कि जीवन में कुछ पुण्य कर्मों की बदौलत ही ऐसी सुखद घड़ियां आती हैं जब हमें सेना के जवानों को सम्मानित करने का सौभाग्य मिलता है।

**कविता पाठ का हुआ आयोजन**

इस दौरान बघेली कवि राम-लखन सिंह महगना, आशीष तिवारी निर्मल लालगांव, भूपधर अलबेला, नीरज निर्मोही, पेंसिल स्कैच आर्टिस्ट सूरज वर्मा ने बघेली हास्य व समसमायिक विषय किसान जवान शहीद शहादत आदि विषयों में कविता पाठ करके श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन मंच का संचालन कवि आशीष तिवारी निर्मल ने किया।

**ये रहे उपस्थित :** सिंह ट्रेडर्स एंड सप्लायर कौशांबी नीलेश सिंह, रक्सेल टेंट हाउस बल्लू सिंह, सरपंच सुखेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच प्रमोद द्विवेदी, शिवम शर्मा, विनायक प्रसाद मिश्रा, रमेश सिंह, अनिल कुमार पांडेय, प्रिंस सिंह, प्रभाकर सिंह, जितेंद्र सिंह, शेरू सिंह हनुमना, शिवम शर्मा, सचिन कुमार उपाध्याय, देवेंद्र सेन इस दौरान सेवा निवृत्त मेजर कृष्ण बिहारी लाल पटेल, बलिराज सिंह,सरोज कुमार पाण्डेय, रमाकांत पांडे,स्वामी शरण पांडे,जय गोविन्द सिंह,बीएन कुशवाहा, गोकुल कुशवाहा, लखन कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण कोल, उग्रसेन सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह,राजबली सिंह, सत्यदेव सिंह, श्याम सिंह, राजबहादुर सिंह कुंभकर्ण पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित हजारों ग्रामीणजन उक्त कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह के साक्षी बने।

# पूनम पब्लिक स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

**चाकघाट, नि.प्र. ।** समीपस्थ ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्दई स्थित पूनम पब्लिक स्कूल में विगत 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया । ज्ञातव्य हो कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जिन्हें बच्चे चाचा नेहरू के नाम से जानते हैं, उन्हीं के जन्म दिवस को हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं । इस अवसर पर नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रहसन, खेलकूद वाद- विवाद प्रतियोगिता , लेखन प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत के अनेकों गणमान्य व विद्यालय परिवार के प्राचार्य रमेश प्रसाद द्विवेदी, मोनू द्विवेदी, सोनू द्विवेदी, शिव शंकर केशरवानी, लालू यादव, विपिन, राजलोचन, विकास, सुमन, अनीशा, दिव्या, सलोनी, खुशबू , स्वाती, किरण इत्यादि की उपस्थिति प्रमुख रही ।

# शंकरलाल केशरवानी का निधन



**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद क्षेत्र बॉर्डर रोड चाकघाट निवासी कपड़े के प्रसिद्ध व्यवसायी, हंसमुख स्वभाव के धनी शंकर लाल केशरवानी का विगत 15 नवंबर को प्रातः 8 बजे उनके आवास पर निधन हो गया । उनके इस निधन की खबर लगते ही पूरे चाकघाट बाजार में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके इष्ट मित्र सगे संबंधी श्रद्धांजलि हेतु उनके निवास पर भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। श्री केसरवानी के जेष्ठ सुपुत्र अमित कुमार केसरवानी ने अपने पूज्य पिताजी का पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार हेतु प्रयागराज में अनन्त काल से प्रवाहित प्रतित पावनी मां गंगा के तट (दारागंज-प्रयागराज) ले जाकर हिंदू कर्मकांड व वैदिक रीति- रिवाज के अनुसार दाह संस्कार की क्रिया को संपन्न किया । उनके इस अंतिम यात्रा में सम्मिलित होने हेतु नगर के अनेकों गणमान्य इष्ट मित्र व उनके परिजनों ने अश्रुपूरित नेत्रों अंतिम विदाई हेतु शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति हेतु परमात्मा से प्रार्थना किया ।

# आदर्श डेयरी कोनिया खुर्द पर लगे टैक्स चोरी के आरोप

**त्योंथर ब्यूरो ।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनिया खुर्द में संचालित आदर्श डेयरी एंड कृमती दूध कलेक्शन सेंटर में डेयरी संचालक द्वारा क्षेत्र से कम दाम में प्रति दिन हजारों लीटर दूध कलेक्शन किया जाता है। डेयरी में उपलब्ध हैवी सयंत्रो से घी, खोवा, पनीर,बर्फ , मक्खन और आईस क्रीम तैयार किया जाकर कर डेयरी संचालन की स्वीकृति (मंजूरी) बिना लिए हुए चोरी छिपे प्रति माह लाखों का व्यवसाय किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। जिससे शासन के टैक्स की चोरी की जा रही है। वास्तविकता की पुष्टि तो आकस्मिक निरीक्षण से ही संभव हो सकती है। लोगों ने संयंत्र की जांच जिम्मेदार अधिकारियों से कराने की मांग की है जिससे सरकार की टैक्स चोरी को बचाया जा सके।

सेवा सहकारी समिति बरहुला में

# डीएपी यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही : आरोप

**डभौरा नि.प्र. ।** जवा तहसील जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित डभौरा अंतर्गत संचालित सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरहुला प्रभारी समिति प्रबंधक एवं विक्रेताओं की मनमानी के चलते सेवा सहकारी समिति बरहुला में इन दिनों पूरी तरह से अराजकता हावी है। एक ओर जहां एपीएल बीपीएल खाद्यान्न के साथ साथ डीएपी एवं यूरिया खाद वितरण के नाम पर किसानों ने कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए फूड़ कंट्रोलर रीवा से कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि जिला महाप्रबंधक रीवा द्वारा सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरहुला मे पदस्थ स्थानीय विक्रेता देवब्रत उर्फ गोरेलाल तिवारी के पास प्रभारी समिति प्रबंधक बरहुला का प्रभार है। ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति बरहुला में ग्राम पंचायत बरहुला, कल्याणपुर, खभरिहा 17 के एक दर्जन से ज्यादा गांवों के किसानों के डीएपी यूरिया खाद वितरण का दायित्व है ।

**किसानों ने लगाया कालाबाजारी के आरोप :** किसानों ने डीएपी यूरिया खाद वितरण के नाम पर कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में किसानों का आरोप है कि प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा कुछ चिन्हित किसानों के नाम पर खाद वितरण दिखाकर खाद की कालाबाजारी कर महंगे दामों में बिकवाया जाता है । वहीं हम लोगों के परमिट तक नही बनाया जा रहा है व खाद के लिए समिति बरहुला का चक्कर लगा रहे हैं। स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन रीवा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराकर कार्यवाही की मांग की है।


फाइल फोटो

## चाकघाट में शिव महापुराण कथा संपन्न

**चाकघाट ।** नगर के मध्य स्थापित श्री रामलीला एवं धर्मदा कमेटी के भव्य प्रांगण में विगत 3 से 12 नवंबर तक अनवरत चले श्री शिव महापुराण कथा का विराम 13 नवंबर 2024 को भव्य भंडारे एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम के कथा वाचक विद्योपासक आचार्य शिवरत्न पांडे (श्री धाम वृंदावन) ने 7 दिनों तक मुख्य यजमान एवं क्षेत्र के सभी धर्मानुरागियों को अपनी ओजमयी वाणी से कथामृत का रसपान कराकर भाव विभोर किया । कथा के मुख्य यजमान फूलचंद केशरवानी (अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य केशरवानी वैश्य नगर सभा चाकघाट) सपत्नीक ने सभी परम पूज्य गुरुदेव एवं आचार्यो व सहयोगियों तथा नगर के संपूर्ण निवासियों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया।

# विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने की बैठक में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा



**त्योंथर।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज की अध्यक्षता में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से विभिन्न विभागों में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करने में लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होती है ,और आप सबके सहयोग से जनता की सभी आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने में हम सफल रहेंगे।

**ये रहे मौजूद :** विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में एसडीएम संजय जैन,एसडीओपी उदित मिश्रा,नीलेश सिंह, नागेश्वर शर्मा, दीपक कुमार श्रीवास्त, प्रभाकर पटेल, अम्बरीष सिंह बघेल, विनीत मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## द वॉन्डरर्स में रिकॉर्डों की बारिश, चौथे और अंतिम टी-20 में दक्षिण अफ्रीका 135 रनों से हारा, चार मैचों की सीरीज 3-1 से जीती

# चैंपियन की तरह साल का अंत, भारत ने सबसे बड़ा स्कोर बनाकर दर्ज की सबसे बड़ी जीत

**जेएनएन, जोहान्सबर्ग**

भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 में 135 रनों की जीत दर्ज करके साल 2024 का अंत सिर्फ विश्व चैंपियन बनकर ही नहीं, चैंपियन की तरह किया है। जोहान्सबर्ग के इस मैदान पर रिकॉर्ड की बारिश हुई। मुकाबले में एक साथ कई रिकॉर्ड बने। संजू सैमसन (नाबाद 109) और तिलक वर्मा (नाबाद 120) के बीच दूसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 210 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने मात्र एक विकेट गंवाकर 20 ओवरों में 283 रन बनाए, जो कि टी-20 में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह भारत का टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में मेजबान टीम 20 ओवर में 148 रन ही बना सकी। इस जीत से भारतीय टीम ने 3-1 से चार मैचों की सीरीज पर कब्जा जमाया। टी-20 विश्व कप जीतने के अलावा भारतीय टीम ने इस साल कोई भी टी-20 सीरीज नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

अर्शदीप सिंह (20 रन देकर तीन विकेट) के शानदार शुरुआती स्पैल की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 10 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे और फिर पूरी टीम 18.2 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे, जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा। सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में बनी 210 रन की साझेदारी भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही।



पहली बार एक टी-20 इंटरनेशनल पारी में दो बल्लेबाजों ने शतक जड़े



### तिलक वर्मा

| | |
|---|---|
| प्लेयर ऑफ द मैच | 107 रन |
| प्लेयर ऑफ द सीरीज | 280 रन |

### तिलक ही रहे अब भी मैच के हीरो

पिछले मैच में शतक लगाने वाले तिलक इस बार भी नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने आए। यह एक ऐसा समय था जब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों अपने एंड से प्रहार कर रहे थे। सैमसन बहुत आगे निकल रहे थे, वहीं तिलक ऐसा लग रहा था कि उन्होंने अपनी पिछली पारी को ही आगे बढ़ाया है। सैमसन को पिछाड़ने में उनको अधिक समय नहीं लगा और देखते ही देखते वह इस भारतीय पारी के हीरो बन चले।

- तिलक ने लगातार दूसरा शतक जड़ा। वे लगातार दो टी-20 शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले सैमसन ने दो लगातार शतक लगाए थे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत : 283/1 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 109 | 56 | 6 | 9 |
| अभिषेक का. क्लासेन बो. सिपामला | 36 | 18 | 2 | 4 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 120 | 47 | 9 | 10 |

**अतिरिक्त** : 18, **कुल** : 20 ओवर में एक विकेट पर 283 रन, **विकेट पतन** : 1- 73, **गेंदबाजी** : मार्को यानसन 4-0-42-0, गेराल्ड कोएत्जी 3-0-43-0, सिपामला 4-0-58-1, सिमेलाने 3-0-47-0, केशव महाराज 4-0-42-0, ऐडन मारक्रम 2-0-30-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-21-0.

**दक्षिण अफ्रीका : 148/10 (18.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का. सैमसन बो. हार्दिक | 1 | 6 | 0 | 0 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो. अर्शदीप | 0 | 2 | 0 | 0 |
| मारक्रम का. बिश्नोई बो. अर्शदीप | 8 | 8 | 1 | 0 |
| स्टब्स पगबाधा बो. बिश्नोई | 43 | 29 | 3 | 2 |
| क्लासन पगबाधा बो. अर्शदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मिलर का. तिलक बो. वरुण | 36 | 27 | 2 | 3 |
| मार्को यानसन नाबाद | 29 | 12 | 2 | 3 |
| सिमेलाने का. बिश्नोई बो. वरुण | 2 | 5 | 0 | 0 |
| कोएत्जी का. सैमसन बो. अक्षर | 12 | 8 | 1 | 1 |
| महाराज का. तिलक बो. अक्षर | 6 | 8 | 0 | 0 |
| सिपामला का. अक्षर बो. रमनदीप | 3 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 8, **कुल** : 18.2 ओवर में 148 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-1, 2-1, 3-10, 4-10, 5-96, 6-96, 7-105, 8-131, 9-141, 10-148, **गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 3-0-20-3, हार्दिक पंड्या 3-1-8-1, रमनदीप सिंह 3.2-0-42-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-42-2, रवि बिश्नोई 3-0-28-1, अक्षर पटेल 2-0-6-2.

**210** रन की साझेदारी टी-20 में दूसरे विकेट के लिए संजू और तिलक के बीच हुई। यह सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले रोहित शर्मा और रिंकू सिंह के बीच पांचवें विकेट के लिए नाबाद 190 रन की साझेदारी हो चुकी है।

**23** छक्के और 17 चौके भारत की तरफ से इस मैच में लगे। इस प्रकार 206 रन तो बाउंड्री से बने। यह किसी भी टी-20 मैच में भारत की तरफ से छक्कों की रिकॉर्ड है। इससे पहले इसी साल 12 अक्टूबर को हैदराबाद में भारत ने 297 रन का स्कोर बनाया था, जिसमें 22 छक्के और 25 चौके लगे थे।

- सैमसन और तिलक (210) ने टी-20 में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी की।
- भारत का विदेशी सरजमीं पर यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारत का बड़ा स्कोर लॉडरहिल में वेस्टइंडीज (244/4) के खिलाफ था।

### टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर

| टीम | स्कोर | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| जिम्बाब्वे | 344/4 | गांबिया | नैरोबी | 2024 |
| नेपाल | 314/3 | मंगोलिया | हांगझ | 2023 |
| भारत | 297/6 | बांग्लादेश | हैदराबाद | 2024 |
| जिम्बाब्वे | 286/5 | सेशल्स | नैरोबी | 2024 |
| भारत | 283/1 | दक्षिण अफ्रीका | जोहान्सबर्ग | 2024 |

### टी-20 में भारत के सबसे बड़े स्कोर

| स्कोर | विरुद्ध | मैदान | साल |
|---|---|---|---|
| 297/6 | बांग्लादेश | हैदराबाद | 2024 |
| 283/1 | दक्षिण अफ्रीका | जोहान्सबर्ग | 2024 |
| 260/5 | श्रीलंका | इंदौर | 2017 |
| 244/4 | वेस्टइंडीज | लाडरहिल | 2016 |
| 240/3 | वेस्टइंडीज | वानखेड़े | 2019 |

### भारत की सबसे बड़ी जीत

| रन | विरुद्ध | स्थान | साल |
|---|---|---|---|
| 168 | न्यूजीलैंड | अहमदाबाद | 2023 |
| 143 | आयरलैंड | डबलिन | 2018 |
| 135 | दक्षिण अफ्रीका | जोहान्सबर्ग | 2024 |
| 133 | बांग्लादेश | हैदराबाद | 2024 |
| 106 | दक्षिण अफ्रीका | जोहान्सबर्ग | 2023 |

### सीरीज में सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| तिलक वर्मा | 280 |
| संजू सैमसन | 216 |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 113 |

### सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| वरुण चक्रवर्ती | 12 |
| अर्शदीप सिंह | 08 |
| रवि बिश्नोई | 05 |



सैमसन का यह इस साल का तीसरा शतक है और वो 2024 में एक कैलेंडर ईयर में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। सैमसन (3 शतक) भारत के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। शीर्ष पर रोहित शर्मा (5), दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव (4) है।

## रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाली तीसरे गेंदबाज बने अंशुल कंबोज

### हरियाणा के अंशुल ने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए



**लाहली (हरियाणा), जेएनएन।** हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर कंबोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज कंबोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कंबोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

10/20 : प्रेमांगशु चटर्जी : बंगाल बनाम असम (1956-57) : रणजी ट्रॉफी
10/46 : देबाशीष मोहंती : पूर्वी क्षेत्र बनाम दक्षिण क्षेत्र (2000-01) : दलीप ट्रॉफी
10/49 : अंशुल कंबोज : हरियाणा बनाम केरल (2024-25) रणजी ट्रॉफी
10-74 : अनिल कुंबले : भारत बनाम पाकिस्तान (1999) - कोटला- टेस्ट मैच
10/78 : प्रदीप सुंदरम : राजस्थान बनाम विदर्भ (1985-86) रणजी ट्रॉफी
10/78 : सुभाष गुप्ते : मुंबई बनाम पाकिस्तान कंबाइंड सर्विसेज और बहावलपुर एकादश (1954-55)।

## मैच सिमुलेशन के दौरान केएल राहुल की कोहनी में लगी चोट

**पर्थ, जेएनएन।** वाका स्टेडियम में इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन के दौरान केएल राहुल को उनकी कोहनी में चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। चोट की गंभीरता का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है, लेकिन यह साफ था कि किसी बड़े चोट के डर के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वहीं विराट कोहली ने अपनी फिटनेस की अटकलों को दरकिनार करते हुए, इस इंट्रा-स्क्वाड मैच में हिस्सा लिया। विराट की पारी ज्यादा देर तक नहीं चली और वह कीपर को कैच देते हुए, जल्दी ही आउट हो गए। तीन दिन वाका के नेट्स में बिताने के बाद भारत ने सीरीज की शुरुआत से एक हफ्ते पहले ऑप्टस स्टेडियम में अपने मुख्य खिलाड़ियों को मैदान पर उतारकर अपनी तैयारियों पर जोर दिया है। इस इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन में विरोधी टीम के रूप में भारत ए और कुछ अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया था। मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ राहुल ओपनिंग कर रहे थे, जो इस बात के संकेत हैं कि अगर रोहित पहला टेस्ट नहीं खेलते हैं, तो राहुल और यशस्वी ओपन करेंगे। राहुल अच्छे फॉर्म में दिख रहे थे और शॉर्ट बॉल को भी अच्छी तरह से संभाल रहे थे। लेकिन तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक उठती हुई गेंद से उनकी दाहिनी कोहनी पर चोट लगी।



**सिटी-स्पोर्ट्स**

## मयंक अकादमी बनी क्रिकेट चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने शुक्रवार को स्व. हुकुम सिंह ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एनसीसीसी सात विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एनसीसीसी 179 रनों पर ऑलआउट हो गई। नवीन सिंह चौहान (62) ने अर्धशतक जड़ा। पलाश चौधरी ने 36 और प्रियांशु शुक्ला ने 16 रन बनाए। मयंक अकादमी के शिवांश चतुर्वेदी ने 4 विकेट झटके। प्रियांशु प्राण को दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयंक अकादमी ने प्रियांशु प्राण (नाबाद 81 रन) और ओजस्व यादव के नाबाद अर्धशतक की बदौलत तीन विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। एनसीसीसी के प्रियांशु शुक्ला ने 2 विकेट झटके। विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह और चेयरमैन सैयद साजिद अली ने प्रदान किए।

**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ**
**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः ओजस्व**
**बल्लेबाज : नवीन सिंह**
**गेंदबाज : शिवांश चतुर्वेदी**
**फील्डरः प्रारब्ध मिश्रा**

## आठवां मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट 20 से

**भोपाल, खेप्र।** आठवां मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट 20 नवंबर से ओल्ड कैंपियन मैदान पर शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट स्पोर्ट्स एज और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के सयुंक्त तत्वाधान में स्व. कैलाश सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत होगा। टूर्नामेंट तीन प्रारूपों में खेला जाएगा। वेटरन्स, इंटर क्लब/अकादमी और कारपोरेट /डिपार्टमेंटल 20-20 ओवर की होगी। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) से मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट एमपीसीए द्वारा निर्धारित मापदंडों व नियमों पर खेली जाएगा। इंटर क्लब/अकादमी प्रतियोगिता में बीडीसीए में पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। वेटरन्स ग्रुप में 40 या इससे अधिक उम्र के खिलाड़ी खेलेंगे।

## हितार्थ को डबल खिताब, अगन्या भी बनीं चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** शीर्ष वरीयता प्राप्त हितार्थ सुराना ने ऑल इंडिया अंडर-12 रैंकिंग टैलेंट सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में दोहरी सफलता प्राप्त की है। मप्र के हितार्थ ने विहान नवाब को हराकर एकल खिताब जीता। इसके बाद रूहान तलरेजा के साथ जोड़ी बनाकर डबल्स में चैंपियन बने। वहीं बालिका वर्ग में अगन्या भदौरिया विजेता बनी। श्री कृष्ण टेनिस उत्थान समिति के तत्वावधान ऐस टेनिस स्कूल में खेले गए टूर्नामेंट में सिंगल्स के फाइनल में हितार्थ ने विहान को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से पराजित किया। वहीं डबल्स के फाइनल में हितार्थ और रूहान की जोड़ी ने महाराष्ट्र के आरिश दलवी और मप्र के आरुष कूलवाल की जोड़ी पर 7-6 (2), 6-1 संघर्षपूर्ण जीत दर्ज का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग के फाइनल में अगन्या भदौरिया ने गौरी शर्मा को 6-4, 6-3 से मात देकर खिताब जीता। विजेता खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के डायरेक्टर आदित्य सूर, देवानंद सुर, दुर्गा सूर और रेफरी रवि पटेल ने पुरस्कार प्रदान किए।

## आईपीएल मेगा ऑक्शन : 574 खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर, अय्यर, पंत और राहुल सहित 12 खिलाड़ी मार्की प्लेयर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सऊदी अरब के जेद्दाह में 24 और 25 नवंबर को होने वाली आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिलीज किए गए कप्तान श्रेयस अय्यर, रिषभ पंत और केएल राहुल 12 मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। मार्की खिलाड़ियों की सूची में सात भारतीय हैं। अय्यर, पंत और अर्शदीप सिंह छह मार्की खिलाड़ियों के पहले सेट में शामिल हैं। युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज दूसरे सेट में शामिल हैं। पांच विदेशी खिलाड़ियों में आईपीएल नीलामी इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क, इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जॉस बटलर, इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियम लिविंगस्टन, साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा शामिल हैं। 574 खिलाड़ियों की नीलामी सूची में जोफ्रा आर्चर नहीं हैं, जिन्होंने चोट से उबरने के बाद हाल ही में वापसी की है। मुंबई इंडियंस ने 2022 की नीलामी में उनको आठ करोड़ रुपए में खरीदा था। तब उनकी कोहनी की सर्जरी हुई थी और उस सीजन तक उनके ठीक होने की उम्मीद नहीं थी। आखिरी में वह दोनों सीजन मुंबई इंडियंस के लिए नहीं खेले और बाद में उन्हें रिलीज कर दिया गया।




### 366 भारतीय, 208 विदेशी

इस बार की बड़ी नीलामी में 574 खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर होगा, जिसमें 366 भारतीय, जबकि 208 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। तीन खिलाड़ी एसोसिएट टीमों से हैं, जिसमें पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी क्रिकेटर अली खान, पूर्व भारतीय अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद और स्कॉटलैंड के ब्रैंडन मक्मलेन का नाम शामिल है। कुल 330 अनकैप्ड खिलाड़ी इस नीलामी का हिस्सा होंगे, जिसमें 318 भारतीय और 12 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। 10 टीमों में 204 खिलाड़ियों के लिए स्लॉट खाली हैं, जिसमें 70 विदेशी खिलाड़ी जगह बना सकते हैं।

### कोलकाता-राजस्थान के पास आरटीएम विकल्प नहीं

कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स ने सभी छह खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसके कारण उनके पास नीलामी में राइट-टू-मैच का विकल्प नहीं होगा। पंजाब किंग्स के पास चार आरटीएम, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास तीन, दिल्ली कैपिटल्स के पास दो, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपरजाएंट्स और मुंबई इंडियंस के पास एक-एक आरटीएम विकल्प होगा।

**2018** नीलामी के बाद से यह पहली बार है, जब मार्की खिलाड़ियों की सूची को दो भागों में बांटा गया है। 2018 में दो सेट में 16 मार्की खिलाड़ी शामिल थे। 2022 की बड़ी नीलामी में 10 मार्की खिलाड़ी एक ही सेट में थे। बड़ी नीलामी 24 नवंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगी।

## नितांत के दोहरे प्रदर्शन से जीता रीजनल क्लब



**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच नितांत के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को रीजनल क्रिकेट क्लब ने सारंग लीग अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शिवाय क्रिकेट अकादमी को शिकस्त दी। गौतम नगर स्थिति क्रिकेट मैदान पर शिवाय क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन बनाए। कार्तिक मेवाड़ा ने 24 और शुभम ने 20 ने रन का योगदान दिया। रीजनल क्रिकेट क्लब के नितांत और अरहान ने 3-3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रीजनल क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। टीम के नितांत ने नाबाद 46 रन बनाए। शिवाय आकदमी के अरमान ने 4 विकेट लिए।

## आरएनटीयू की महिला फेंसिंग टीम ने जीता कांसा



**भोपाल, खेप्र।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला फेंसिंग टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेस्ट जोन टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू में आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय की फेंसिंग ईपी महिला टीम ने यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, गुरु काशी यूनिवर्सिटी पंजाब और चंडीगढ़ युनिवर्सिटी मोहाली को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर महिला टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई भी कर लिया। वहीं पुरुष ईपी टीम ने शीर्ष 5 में रहकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जगह पक्की की।

### जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक 18 नवम्बर को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 नवम्बर को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी ने संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### चिन्मय गीता गायन स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 17 नवंबर

**रीवा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चिन्मय मिशन रीवा द्वारा चिन्मय गीता गायन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एलकेजी से लेकर 12 वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। श्री पटेल ने बताया कि भगवद् गीता का जाप करने से इसका अर्थ समझने की इच्छा जागृत होती है, जो आत्म-ज्ञान और अंततः पूर्णता की ओर ले जाती है।






**बैकुंठपुर कस्बे में पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# बाप-बेटा और बेटी मिलकर बेच रहे थे ब्राउन शुगर

**4.39 लाख रुपए की ब्राउन शुगर सहित 1.72 लाख रुपए नकद जब्त**

**बैकुंठपुर पुलिस ने की कार्रवाई**



**जागरण, रीवा**

बैकुंठपुर कस्बे में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक घर में दबिश देकर लाखों रुपए की अवैध ब्राउन शुगर व नकदी जब्त की है। मौके से आरोपी बाप और बेटा फरार हो गए जबकि बेटी पुलिस के हाथ लगी है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। बैकुंठपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घर में दबिश देकर 146 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवती को पकड़ा गया। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब 4 लाख 39 हजार 590 रुपए है, जबकि घर की तलाशी पर पुलिस ने 1 लाख 72 हजार 535 रुपये नकदी भी बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात मुखबिर सूचना के बाद बैकुंठपुर नगर के वार्ड क्रमांक 5 में एक घर में दबिश दी गई जहां घर की तलाशी के दौरान 146 ग्राम ब्राउन शुगर सफ़ेद रंग का पॉउडर बरामद कर मौके से आरोपिया सोनम तिवारी पिता अशोक तिवारी 19 को पकड़ा गया। जबकि पुलिस की भनक लगने के बाद आरोपी महिला का पिता व भाई मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

**ये आरोपी फरार**

एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति ने बताया कि एक परिवार के भाई-बहन व पिता मिलकर अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर का कारोबार कर रहे थे, सूचना के बाद पुलिस टीम ने आरोपी के घर में दबिश दी जहां एक युवती को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका पिता अशोक तिवारी व बेटा शिवम तिवारी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

# सूरत से लौट रही बस गुढ़ बायपास में पलटी

**यात्रियों की मची चीख पुकार**

**बड़ी अनहोनी टली**



**जागरण, रीवा।** सूरत से बाया रीवा होकर सीधी जा रही बस गुढ़ बाईपास में शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद बस सवार यात्रियों के बीच चीख पुकार शुरू हो गई। करीब एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोट पहुंची है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गुढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गनीमत रही की सड़क हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 39 रीवा-सीधी रोड में गुढ़ बाईपास के समीप नफीस ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। सूचना पर मौके पर पहुंची गुढ़ पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बताया गया कि सूरत से रीवा होकर सीधी की ओर जा रही नफीस ट्रेवल्स की यात्री बस का चालक अचानक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में करीब दर्जन भर यात्री घायल हुए है, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बस सवार यात्रियों को घटना के बाद दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना किया है।

# कबाड़ी मोहल्ले से एक महिला गिरफ्तार

**रीवा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने कबाड़ी मोहल्ला में दबिश देकर एक महिला के कब्जे से अवैध नशीली गोलियां व नशीली कफ सिरप जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी महिला रानू लोनिया पति स्व. रोशन लोनिया 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे अल्प्राजोलम 0.5 एम.जी. कुल 830 नग, स्पासजेन प्लस 385 एम.जी की कुल 120 नग गोलियां व 5 नग नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया है।

# खंधो घूमने गईं छात्राएं हुईं हादसे का शिकार

**ई-रिक्शा पलटा एक की मौत**



**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के खंधो पिकनिक मनाने गई 5 छात्राएं गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे का शिकार हो गईं। छुहिया घाटी के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में एक छात्रा के सिर पर गंभीर चोट पहुंची थी, जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना के संबंध में गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रीवा से गोविंदगढ़ घूमने के लिए पांच छात्राएं ई रिक्शा में आई हुईं थीं। वो रीवा के शासकीय एस.के स्कूल में 11 वीं कक्षा में अध्यनरत थीं। गुरुवार को ई-रिक्शा में दो लड़के सहित छात्राएं गोविंदगढ़ के खंधो गई थीं, जहां से लौटते समय वो हादसे का शिकार हो गईं। घटना में दुर्गा कोरी पिता भैयालाल कोरी 16 वर्ष निवासी पड़िया थाना चोरहटा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्राओं के साथ ई-रिक्शा में दो युवक भी थे जो घटना के बाद फरार हो गए लेकिन युवकों के संबंध में छात्राओं नें कोई जानकारी नहीं दी है। गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने फिलहाल मामले को जांच में लिया है और घटना की सही जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा कि छात्राएं गुरुवार को घर से स्कूल जाने के लिये निकली थीं, जहां से ई-रिक्शा से गोविंदगढ़ स्थित खंधो घूमने पहुंच गईं। अचानक हुए हादसे में एक छात्रा दुर्गा ई-रिक्शा की चपेट में आ गई और पूरे वाहन का भार उसके सिर पर गिर गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल छात्रा को पहले गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया था जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की विवेचना में जुटी हुई है।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com